देश-विदेश
**लोग कहते हैं मैं चुड़ैल हूं**



भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
"कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा"

पृष्ठ-2
**दुबई में राहत फतेह अली गिरफ्तार**



संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार!

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

मंगलवार 23 जुलाई, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 8 श्रावण 2081 LD ****

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 204
मूल्य ₹ 4.50
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 12
Ph. : 011-30712200, 45212200

# नेम प्लेट की जरूरत नहीं

## शाकाहारी या मांसाहारी बताएं, योगी और धामी सरकार के कांवड़ यात्रा फरमान पर सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा रूट की फल-फूल और होटल-रेस्टोरेंट पर दुकानदार का नाम लिखे जाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम आदेश जारी किया है। आदेश के तहत कांवड़ यात्रा रूट पर दुकानदारों को पहचान बताने की जरूरत नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दुकानदारों को केवल खाने के प्रकार बताने होंगे। उन्हें बताना होगा कि भोजनालय में शाकाहारी व्यंजन परोसा जा रहा है या मांसाहारी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 26 जुलाई को सुनवाई की अगली तारीख निर्धारित की है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश ने योगी आदित्यनाथ सरकार को बड़ा झटका दे दिया है। साथ ही, उत्तराखंड में भी जारी इस प्रकार के आदेश पर रोक लगा दी गई है। यूपी सरकार के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में एनजीओ एसोशिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स ने चुनौती दी गई है।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ऋषिकेश राय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच मामले की सुनवाई कर रही है। कोर्ट ने एनजीओ एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स द्वारा याचिका दाखिल की गई। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने भी आदेश के खिलाफ याचिका दायर की है, जिसे अभी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।





### सुप्रीम कोर्ट ने किया सवाल

**सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि यूपी सरकार की ओर से कोई आदेश जारी किया गया है या फिर कोई बयान है। सीयू सिंह ने कहा कि प्रदेश में प्रशासन दुकानदारों पर दबाव डाल रहा है कि वह अपने नाम और मोबाइल नंबर को प्रदर्शित करें। कोई भी कानून पुलिस को ऐसा करने का अधिकार नहीं देता है। पुलिस के पास केवल यह जांचने का अधिकार है कि किस तरह का खाना परोसा जा रहा है। कर्मचारी या मालिक का नाम अनिवार्य नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कहा कि यह स्वैच्छिक है और अनिवार्य नहीं है। याचिकाकर्ता ने कहा कि हरिद्वार पुलिस ने केस इसको लागू किया है। वहां पुलिस की तरफ से चेतावनी जारी की गई है कि अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो कर्रवाई होगी। मध्य प्रदेश में भी इस तरह की कार्रवाई की बात की गई है। याचिकाकर्ता ने कहा कि यह व्यापारियों के लिए आर्थिक मौत के समान है।**

### तीन सरकारों को नोटिस, मांगा जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में जारी नेम प्लेट से संबंधित आदेशों पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने तीनों राज्य की सरकारों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने को कहा है। शुक्रवार तक इस नेम प्लेट विवाद मामले में जवाब पेश करने को कहा गया है। नेम प्लेट विवाद में 26 जुलाई को अगली सुनवाई होगी। माना जा रहा है कि नेम प्लेट विवाद पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के बाद फाइनल फैसला सुना सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा है कि कांवड़ यात्रा रूट पर दुकानों का नाम नहीं, केवल परोसे जाने वाले भोजन के प्रकार बताने की जरूरत होगी। इस प्रकार, कोर्ट ने सरकार और प्रशासन की ओर से नेम प्लेट अनिवार्य रूप से लगाने के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है।

### मैंने मुस्लिम रेस्तरां में खाना खाया

**उच्चतम** न्यायालय के न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी ने भोजनालयों में साफ-सफाई की पैरवी करते हुए सोमवार को कहा कि केरल में तैनाती के वक्त वह एक मुस्लिम द्वारा चलाए जा रहे शाकाहारी भोजनालय में अक्सर जाते थे क्योंकि वहां अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन किया जाता था। न्यायमूर्ति भट्टी ने कहा, ''जब मैं केरल में था तो मेरा अपना अनुभव और ज्ञान है। मैं खुलकर नहीं बता सकता क्योंकि मैं इस अदालत का मौजूदा न्यायाधीश हूं। शहर का नाम बताए बगैर, वहां एक शाकाहारी होटल था जिसे एक हिंदू संचालित करता था। एक और शाकाहारी होटल था जिसे एक मुस्लिम संचालित करता था।'' जहां तक खाद्य मानकों और सुरक्षा की बात है तो वह सब कुछ प्रदर्शित करता था। वह दुबई से लौटा था। वह सुरक्षा, स्वच्छता व साफ-सफाई के संबंध में अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन कर रहा था इसलिए मैं उस होटल में जाना पसंद करता था।'





अमेरिकी राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति चुनाव से अपना पद छोड़ दिया!

> सच्चे मित्र हीरों की तरह कीमती और दुर्लभ हैं, झूठे दोस्त पतझड़ की पत्तियों की तरह हर जगह मिलते हैं।
> -विलियम शेक्सपीयर





आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com

## कांवड़िये और दुकानों पर नाम

**भारत** पूरी दुनिया का ऐसा अनूठा देश है जिसके हर हिस्से में हिन्दू-मुसलमान सदियों से प्रेम व भाईचारे के साथ रहते हैं और दोनों का एक-दूसरे के बिना गुजारा भी नहीं है। क्योंकि कारोबार से लेकर सामाजिक संरचना तक में दोनों की मिलीजुली भूमिका इस प्रकार है कि इंसानियत सर्वोपरि होकर दोनों के बीच के अन्तर्सम्बन्धों को निर्देशित करती है। यह सनद रहना चाहिए कि स्वतन्त्रता के बाद जब भी इन दोनों सम्प्रदायों के लोगों के बीच खाई खोदने की कोशिश हुई तो भारत की न्यायपालिका ने खड़े होकर इस देश को मजहब के नाम पर विभाजित करने वाले षड्यन्त्रों का पर्दाफाश किया। कोई भी मुल्क उसमें रहने वाले लोगों से बनता है और भारत का संविधान कहता है किसी भी धर्म को मानने वाला कोई भी व्यक्ति भारत का सम्मानित नागरिक है। उसके साथ धर्म के आधार पर राजसत्ता भेदभाव नहीं कर सकती।

राज्य का यह पहला कर्त्तव्य होता है कि वह देश को मजबूत बनाने के लिए हर कीमत पर सामाजिक सौहार्द का वातावरण बनाये। मगर क्या सितम हुआ कि सावन में हरिद्वार से कांवड़ भर कर लाने वाले कांवड़ियों के यात्रा मार्ग पर आने वाले सभी खाने-पीने के ढाबों व दुकानों तथा फल आदि बेचने वाले रेहड़ी वालों को उत्तर प्रदेश शासन ने आदेश दिया कि वे अपनी दुकानों, ढाबों व रेहड़ियों पर अपना नाम लिखे। आखिरकार ऐसे आदेश का मन्तव्य क्या हो सकता है। जाहिर है कि ऐसे आदेश से कांवड़ियों को यह पता लगेगा कि कौन दुकानदार या ढाबा मालिक अथवा फलों की रेहड़ी लगाने वाला हिन्दू है या मुसलमान। क्या व्यापार या तिजारत का कोई धर्म होता है? पहले यह आदेश मुजफ्फरनगर की पुलिस ने ही जारी किया था उसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने इस आदेश को विस्तार देते हुए पूरे कांवड़िया मार्ग पर लागू कर दिया और देखा-देखी उत्तराखंड ने भी इसकी नकल कर ली। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने इस आदेश पर अन्तरिम रोक लगाते हुए दोनों राज्यों की सरकारों को नोटिस जारी करके कहा है कि पुलिस को यह अधिकार नहीं है कि वह दुकानदारों को अपनी दुकान या रेहड़ी के बाहर मालिक का नाम लिखने के लिए कहे।

इससे स्पष्ट है कि ऐसा आदेश संवैधानिक नहीं हो सकता क्योंकि इससे समाज में बंटवारा होता है। सरकारों का संवैधानिक दायित्व सभी धर्मों के लोगों के बीच भाईचारा स्थापित करने का होता है न कि उसे बांटने का। क्या पुलिस को मालूम है कि मुजफ्फरनगर जिले समेत पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गुड़ कौन बनाता है। अधिसंख्य कोल्हू मुसलमान भाइयों के ही होते हैं और उन पर गुड़ बनाने का काम अधिकतर दलितों की रैदासी जाति के लोग ही करते हैं। उन्हें इस काम में महारथ हासिल होती है। क्या यह सत्य नहीं है कि मुसलमान नागरिक हिन्दुओं के हर मेले-ठेले में आधारभूत सेवाएं देते हैं। यहां तक कि हिन्दुओं की पवित्र अमरनाथ यात्रा का प्रबन्धन कश्मीरी मुसलमान ही करते हैं। भारत तो वह देश है जिसमें मोहर्रम के ताजियों का जुलूस हिन्दुओं की एक जाति हुसैनी ब्राह्मण भी निकालती है। पंजाब में तो यह परंपरा थी कि मोहर्रम के जुलूस के मौकों पर हिन्दू नागरिक शर्बत पिलाने की छालें तक लगाते थे। मगर कांवड़ यात्रा के दौरान हिन्दू-मुसलमानों की दुकानें चिन्हित करने से क्या लाभ होगा। लाभ उन लोगों को जरूर होगा जो हिन्दू-मुसलमान भाईचारे के दुश्मन हैं। कांवड़ियों के मन में ऐसी हरकतों से मोहब्बत की जगह नफरत का बीज ही रुपेगा और साम्प्रदायिकता को हवा मिलेगी। वरना इन इलाकों में लोग जैसे पहले कारोबार करते थे वैसे ही करते रहते तो पुलिस को क्या ऐतराज था।

क्या कोई बतायेगा कि धरती का धर्म क्या होता है जिसे हिन्दू व मुसलमान दोनों ही वर्ग के किसान जोत कर अनाज व अन्य खाद्य सामग्री का उत्पादन करते हैं। क्या कोई व्यक्ति बता सकता है कि वह जिस गेहूं की रोटी खा रहा है उसका उत्पादन हिन्दू ने किया या मुसलमान ने। ऐसा ही फल व सब्जियों के बारे में भी है। हिन्दुओं के भगवान शंकर तो औघड़ दानी हैं। जब उनके शिवालयों के भवनों का निर्माण कोई मुस्लिम मिस्त्री करता है तो क्या हिन्दुओं के लिए वह मन्दिर नहीं रहता।

जहां तक खाने-पीने का सवाल है तो ढाबों पर साफ लिखा होना चाहिए कि उनमें शाकाहारी भोजन मिलता है अथवा मांसाहारी। किसी हिन्दू का ढाबा यदि मांसाहारी है तो क्या वह अपने धर्म से पतित हो जायेगा? इसी प्रकार यदि कोई मुसलमान शाकाहारी ढाबा चलाता है तो क्या वह गैर इस्लामी हो जायेगा। हर नागरिक को छूट है कि वह जैसा भोजन खाना चाहे वैसा खाये और जिसकी दुकान से सामान खरीदना चाहे उससे खरीदे। इसमें राज्य की भूमिका कहां है? भारत हर धर्म के लोगों से मिल कर बना है। भारत में 2014 में मनमोहन सरकार के जमाने में रेहड़ी-पटरी वालों के लिए एक कानून बना था। उसकी जरा धूल तो छांट लीजिये सब साफ हो जायेगा। रेहड़ी या ठेले पर हिन्दू-मुसलमान मालिक की तख्ती लगा कर फल बेचने से क्या सब्जी व फल जैसी चीज भी हिन्दू-मुसलमान हो सकती है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस आदेश पर रोक लगा कर पूरी दुनिया को सन्देश दिया है कि भारत ऐसी सभ्यता को मानने वाला देश है जिसकी तासीर इंसानियत है। जिसके संविधान के मूल ढांचे में ही धर्म निरपेक्षता समाहित है।

# अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर

**पंजाब केसरी**/ नई दिल्ली

केंद्रीय बजट 2024 से पहले सरकार ने बीते फाइनेंशियल ईयर की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट जारी कर दी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आर्थिक समीक्षा पेश की । आर्थिक समीक्षा पेश के माध्यम से सरकार को पता चलता है कि किस सेक्टर में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आर्थिक सर्वे में सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान देश की वास्तविक जीडीपी या वृद्धि दर 6.5-7% रहने का अनुमान जताया है। भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बताया गया है। आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि पूंजीगत व्यय पर सरकार के जोर और निजी निवेश में निरंतर गति से पूंजी निर्माण वृद्धि को बढ़ावा मिला है। सकल स्थायी पूंजी निर्माण में 2023-24 में वास्तविक रूप से 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार देश का राजकोषीय घाटा (जीडीपी के प्रतिशत के रूप में) पिछले वर्ष की तुलना में 2023 में 1.6 प्रतिशत अंक बढ़ा। आर्थिक सर्वेक्षण में सरकार ने कहा है कि सेवा क्षेत्र एक प्रमुख रोजगार प्रदाता बना हुआ है वहीं निर्माण क्षेत्र भी हाल ही में प्रमुखता से बढ़ रहा है, जो बुनियादी ढांचे के लिए सरकार की ओर की गई पहल नतीजा है। (पृष्ठ-2 भी देखें)



### 2024-25 में जीडीपी 7% तक रहेगी

### लोगों को रोजगार मिला

**पिछले एक साल में ईपीएफओ की सदस्यता भी बढ़ी है। जिससे पता चलता है कि ज्यादा लोग संगठित क्षेत्र में नौकरियां पा रहे हैं। साथ में इन लोगों को सामाजिक सुरक्षा भी मिल रही है। रोजगार योजनाओं जैसे आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम जैसी योजनाओं ने लाखों लोगों को नौकरियां दी हैं। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए ई-श्रम पोर्टल बनाया जिस पर 29 करोड़ से अधिक श्रमिकों को पंजीकृत किया जा चुका है और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।**

# संसद में प्रधानमंत्री का गला घोंटा गया: मोदी

## देशवासियों ने हमें सदन में देश के लिए भेजा है, दल के लिए नहीं

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विपक्ष पर 'नकारात्मक राजनीति' करने और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए संसद का 'दुरुपयोग' करने का आरोप लगाया तथा कहा कि संसद किसी दल के लिए नहीं बल्कि देश के लिए है। संसद सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मंगलवार को पेश होने वाला केंद्रीय बजट अगले पांच वर्षों में सरकार की यात्रा की दिशा तय करेगा और 2047 तक 'विकसित भारत' के सपने को पूरा करने की नींव रखेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद के पिछले सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष ने ढाई घंटे तक देश के 'प्रधानमंत्री का गला घोंटने' का प्रयास किया। उनकी आवाज को रोकने का, उनकी आवाज को दबाने का... लोकतांत्रिक परंपराओं में कोई स्थान नहीं हो सकता है। और, इन सबका पश्चाताप तक नहीं है, दिल में दर्द तक नहीं है। देशवासियों ने हमें यहां देश के लिए भेजा है, दल के लिए नहीं भेजा है। ये सदन दल के लिए नहीं, ये सदन देश के लिए है। लेकिन मौजूदा सत्र में सांसद पूरी तैयारी के साथ चर्चा को समृद्ध करेंगे। देश को नकारात्मकता की जरूरत नहीं है। देश को एक विचारधारा, प्रगति की विचारधारा, विकास की विचारधारा, देश को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने वाली विचारधारा के साथ आगे बढ़ना होगा। **(कांग्रेस की प्रतिक्रिया पृष्ठ-4 पर)**



- विकसित भारत बनने की राह पर है भारत
- हमारी सरकार के सुधार से मिले अच्छे परिणाम
- आर्थिक सर्वेक्षण हमारी इकोनामी की ताकत दिखा रहे हैं

# संघ संबंधी फैसले से लोकतंत्र मजबूत होगा

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

- आरएसएस ने केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत किया

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने सरकारी कर्मचारियों के संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक हटाने के केंद्र सरकार के फैसले का सोमवार को स्वागत किया। आरएसएस ने कहा कि फैसले से देश की लोकतांत्रिक प्रणाली मजबूत होगी। उसने पूर्ववर्ती सरकारों पर अपने राजनीतिक हितों के कारण सरकारी कर्मचारियों को संघ की गतिविधियों में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित करने का आरोप भी लगाया। प्रतिबंध हटाने संबंधी सरकारी आदेश के सार्वजनिक होने के एक दिन बाद आरएसएस प्रवक्ता सुनील आंबेकर ने एक बयान में कहा, "सरकार का ताजा फैसला उचित है और यह भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत करेगा।" विपक्ष के कई नेताओं ने सरकारी कर्मचारियों पर संघ की गतिविधियों में हिस्सा लेने पर लगा प्रतिबंध हटाने के केंद्र के फैसले की आलोचना की है। **(पृष्ठ-4 भी देखें)**

## डीटीसी बस पिलर से टकराई, एक महिला की मौत, 24 घायल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के पंजाबी बाग इलाके में एक तेज रफ्तार डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस (रूट नंबर-939) मेट्रो पिलर से टकरा गई। एक ऑटो भी बस से टकरा गया और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में एक महिला सबीता (45) की मौत हो गई। वहीं 23 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। एक 55 वर्षीय घायल शरीफ की हालत गंभीर बनी हुई है। **(पढ़ें पृष्ठ-6 पर)**

## और उलझा नीट मामला आज फिर सुप्रीम सुनवाई



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): विवादित प्रश्न को लेकर नीट यूजी का मामला और भी उलझ गया है। बताया जाता है कि नीट यूजी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई कल तक के लिए टाल दी है। कल मंगलवार को शीर्ष अदालत फिर से मामले की सुनवाई करेगी। कोर्ट ने आईआईटी दिल्ली के निदेशक को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के विवादित प्रश्न के सही उत्तर पर राय बनाने के लिए संबंधित विषय के तीन विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने को कहा है। आईआईटी के विशेषज्ञ मंगलवार दोपहर 12 बजे तक सही उत्तर कोर्ट को बताएंगे। दरअसल कुछ छात्रों ने प्रश्न संख्या 19 के दो विकल्पों के लिए अंक देने के एनटीए के फैसले को चुनौती दी थी। **(पढ़ें पृष्ठ-2 पर)**

## 15 अगस्त को किसानों का दिल्ली ट्रैक्टर मार्च!


**नई दिल्ली** : किसान फिर दिल्ली आ रहे हैं। तीन नए क्रिमिनल लॉ के खिलाफ किसानों ने दिल्ली कूच का ऐलान किया है। किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा ने देशभर के किसानों से 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ट्रैक्टर मार्च का आह्वान किया है। देशभर के किसानों से सिंधु और शंभु समेत दिल्ली के बॉर्डरों पर पहुंचने की अपील की गई है। इसमें कहा गया है कि किसान नए क्रिमिनल लॉ की कॉपी को जलाकर विरोध प्रदर्शित करेंगे। **(पढ़ें पृष्ठ-2 पर)**


**वित्त राज्य मंत्री का बयान** | **केंद्र सरकार ने मौजूदा प्रावधानों का हवाला दिया**

# बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देना संभव नहीं

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

संसद के दोनों सदनों में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का मुद्दा उठने के बीच सरकार ने 2012 में तैयार एक अंतर-मंत्रालयी समूह की रिपोर्ट का हवाला देते हुए सोमवार को कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का कोई मामला नहीं बनता है। संसद के मानसून सत्र के पहले दिन लोकसभा में जहां एक प्रश्न के माध्यम से यह मुद्दा उठाया गया, वहीं राज्यसभा में राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा ने शून्यकाल में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा और विशेष पैकेज, दोनों देने की मांग उठायी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी लम्बे अर्से से यही मांग करते आ रहे हैं। गौरतलब है कि संसद सत्र से पहले रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक में भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोगी पार्टियों सहित बिहार के कुछ दलों द्वारा राज्य को विशेष दर्जा दिए जाने की मांग उठायी गयी थी। लोकसभा में जनता दल (यू) के सदस्य रामप्रीत मंडल ने प्रश्न किया था कि क्या सरकार का आर्थिक विकास और औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए बिहार राज्य और अन्य अत्यधिक पिछड़े राज्यों को विशेष दर्जा प्रदान करने का विचार है? इस प्रश्न के लिखित उत्तर में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि अतीत में राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) ने कुछ राज्यों को विशेष श्रेणी का दर्जा दिया है। मंत्री ने कहा कि इन राज्यों में कुछ ऐसी विशेषताएं थीं जिन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत थी। उन्होंने कहा कि इनमें पर्वतीय और दुर्गम भूभाग, कम जनसंख्या घनत्व या आदिवासी जनसंख्या की बड़ी हिस्सेदारी, पड़ोसी देशों के साथ सीमाओं पर रणनीतिक स्थान, आर्थिक और बुनियादी संरचना के लिहाज से पिछड़ापन और राज्य के वित्त की अलाभकारी प्रकृति शामिल रहीं। रविवार को सर्वदलीय बैठक में जद(यू) नेता संजय कुमार झा ने विशेष राज्य के दर्जे की अपनी पार्टी की मांग दोहराई थी। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में भाजपा की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने भी बैठक में यह मांग उठाई थी। राज्य को विशेष दर्जा देने की मांग सोमवार को राज्यसभा में भी उठी। राजद के सदस्य मनोज झा ने उच्च सदन में बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे के साथ-साथ विशेष पैकेज देने की भी मांग उठाई और कहा कि इसके लिए उनकी पार्टी संसद से सड़क तक संघर्ष करेगी। राजद सदस्य ने जद (यू) की ओर संकेत करते हुए कहा, ''हमारे कुछ साथी जो हमारे साथ काम कर चुके हैं, कहते हैं कि विशेष राज्य न दे सको तो विशेष पैकेज दो।



# नीट पर राहुल गांधी और अखिलेश ने सरकार को घेरा

## 7 साल में 70 बार पेपर लीक का कोई सबूत नहीं : धर्मेंद्र




राहुल बोले देश का एग्जामिनेशन सिस्टम फ्रॉड

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को नीट पेपर लीक मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। जैसे ही शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नीट में हुई गड़बड़ी पर बोल रहे थे। वैसे ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया और उनके इस्तीफे की मांग की। वहीं शिक्षा मंत्री ने विपक्ष के लगाए आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि 'नीट' से जुड़े मामले पर सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार अखिल भारतीय स्तर पर परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है और खुद चीफ जस्टिस इस मामले की सुनवाई कर रहे हैं। दरअसल कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने पूरक प्रश्न पूछते हुए दावा किया कि पिछले सात वर्षों में 70 पेपर लीक हुए हैं। इस पर जवाब देते हुए प्रधान ने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि पिछले सात वर्षों में 70 पेपर लीक हुए हैं। उधर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' में कथित अनियमितता के विषय को लेकर सरकार पर प्रहार किया और दावा किया कि देश के करोड़ों छात्रों एवं देशवासियों को इस बात का यकीन हो गया है कि भारतीय परीक्षा प्रणाली एक 'फ्रॉड' है और जिसके पास पैसा है वह इस पूरी प्रणाली को खरीद सकता है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पलटवार किया और सवाल किया कि क्या 2010 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने शिक्षा में सुधार से जुड़ा विधेयक निजी मेडिकल कॉलेजों के दबाव में वापस ले लिया था?

# विवादित प्रश्न पर उलझा मामला

### नीट मामला



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नीट यूजी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई कल तक के लिए टाल दी है। कल मंगलवार को शीर्ष अदालत फिर से मामले की सुनवाई करेगी। कोर्ट ने आईआईटी दिल्ली के निदेशक को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के विवादित प्रश्न के सही उत्तर पर राय बनाने के लिए संबंधित विषय के तीन विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने को कहा है। आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञ कल मंगलवार दोपहर 12 बजे तक सही उत्तर कोर्ट को बताएंगे। दरअसल कुछ छात्रों ने प्रश्न संख्या 19 के दो विकल्पों के लिए अंक देने के एनटीए के फैसले को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता छात्र का कहना है कि उसने नेगेटिव मार्किंग के डर से उस प्रश्न को छोड़ दिया था। 4,20,774 स्टूडेंट्स ने विकल्प 2 (पुराने एनसीईआरटी संस्करण का उत्तर) को चुना था जबकि 9,28,379 ने विकल्प 4 (नए एनसीईआरटी संस्करण का उत्तर) चुना था। एनटीए ने दोनों विकल्पों को सही उत्तर मानते हुए इन्हें चुनने वाले स्टूडेंट्स को मार्क्स दिए हैं। याचिकाकर्ता छात्र का तर्क है कि परीक्षा नियमों के मुताबिक एक प्रश्न का एक ही उत्तर हो सकता है।

# राजौरी में आतंकी ढेर सुरक्षा जवान घायल



**जम्मू,** (पंजाब केसरी): जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार को एंटी-टेरर ऑपरेशन में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया और एक जवान घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने राजौरी जिले के गुंडा खवास गांव में शौर्य चक्र विजेता परषोत्तम कुमार के घर के पास नाका (चेकपोस्ट) पर सुबह करीब 3 बजे हमला किया। अधिकारियों ने बताया, "हमले में एक जवान को गोली लगी है वहीं एक गाय मारी गई। आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में सूचना मिलने के बाद चेकपोस्ट बनाए गए। राजौरी जिले के कालाकोट इलाके में एक आतंकवादी को मार गिराने में मदद करने के लिए परषोत्तम कुमार को हाल ही में राष्ट्रपति द्वारा शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था। सेना ने जम्मू संभाग के पहाड़ी जिलों में सक्रिय आतंकवादियों के समूह से निपटने के लिए करीब 4,000 अतिरिक्त सैनिकों को तैनात किया है। आतंकवाद को खत्म करने के लिए इन जिलों में पैरा कमांडो और पर्वतीय युद्ध में प्रशिक्षित सैनिकों की तैनाती की गई है। शांतिपूर्ण जम्मू संभाग में आतंकवादी हमलों में तेजी दर्ज की गई है।

# 'हम विकसित भारत बनाने की ओर बढ़ रहे हैं'

### आर्थिक सर्वेक्षण पर बोले प्रधानमंत्री मोदी




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को सदन में आर्थिक सर्वेक्षण 2023-2024 पेश किया। वहीं, आर्थिक सर्वेक्षण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान भी आया। उन्होंने आर्थिक सर्वेक्षण की प्रशंसा की और कहा कि इसने हमारी अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकत पर रेखांकित किया है और सरकार द्वारा लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को भी दर्शाता है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि हम विकसित भारत बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'आर्थिक सर्वेक्षण हमारी अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकत पर प्रकाश डालता है और सरकार द्वारा लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को भी दर्शाता है। यह उन क्षेत्रों की भी पहचान करता है, जिनमें आगे विकास और प्रगति की आवश्यकता है, क्योंकि हम एक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।' वित्त मंत्री सीतारमण की ओर से सोमवार को पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण में अनुमान जताया गया है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से लेकर 7 प्रतिशत के बीच रह सकती है, जो दिखाता है कि चालू वित्त वर्ष में भी भारत की अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन अच्छा रहेगा। सर्वेक्षण में बताया गया कि अप्रैल में वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक के मुताबिक, 2023 में वैश्विक आर्थिक विकास दर 3.2 प्रतिशत रही है। यह दुनिया के अन्य देशों की अर्थव्यवस्था की स्थिति को दिखाता है। सर्वेक्षण में कहा गया, चालू वित्त वर्ष में जीडीपी 6.5 प्रतिशत से लेकर 7 प्रतिशत बढ़ सकती है। इसमें जोखिम को समायोजित किया गया है। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा गया कि बाजार इससे अधिक अनुमान की उम्मीद रखता है। इसके अलावा सर्वेक्षण में कहा गया कि भारत में विकास व्यापक स्तर पर दिखा है।

# आर्थिक समीक्षा- 2024 : कृषि क्षेत्र में तत्काल सुधार की जरूरत

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) सोमवार को बजट-पूर्व आर्थिक समीक्षा में भारत के कृषि क्षेत्र में तत्काल सुधार की आवश्यकता बताई गई। समीक्षा में चेतावनी दी गई कि संरचनात्मक मुद्दे देश की समग्र आर्थिक वृद्धि की राह में बाधा बन सकते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में प्रस्तुत समीक्षा में अन्य अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारतीय कृषि क्षेत्र की गैर-प्रयुक्त क्षमता पर प्रकाश डाला। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कृषि क्षेत्र पर राष्ट्रीय स्तर पर संवाद का आह्वान किया।

समीक्षा में इस बात पर जोर दिया गया कि भारत ने अभी तक आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन के लिए अपने कृषि क्षेत्र का पूरी तरह से लाभ नहीं उठाया है, जैसा कि पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्थाओं और पश्चिमी विकसित देशों ने किया है। समीक्षा में कहा गया है, ''भारतीय कृषि अभी संकट में नहीं है, लेकिन इसमें गंभीर संरचनात्मक परिवर्तन की आवश्यकता है क्योंकि आने वाले समय में जलवायु परिवर्तन और जल संकट का खतरा मंडरा रहा है।'' सीईए ने किसानों के लिए मौजूदा सरकारी सब्सिडी






और सहायता उपायों के बावजूद मौजूदा नीतियों के पुनर्मूल्यांकन की वकालत की। आर्थिक समीक्षा की प्रस्तावना में नागेश्वरन ने कहा, ''अगर हम कृषि क्षेत्र की नीतियों में बाधा डालने वाली गांठों को खोल दें तो इसका बहुत बड़ा लाभ होगा।'' उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को पानी, बिजली और उर्वरकों पर सब्सिडी के साथ-साथ आयकर छूट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के माध्यम से पर्याप्त सहायता प्रदान करती है, लेकिन नीति कार्यान्वयन में सुधार की गुंजाइश है।

समीक्षा में कई प्रमुख चुनौतियों की पहचान की गई है। इनमें खाद्य मुद्रास्फीति प्रबंधन के साथ वृद्धि को संतुलित करना, मूल्य खोज में सुधार करना और भूमि विखंडन से निपटना शामिल है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, समीक्षा में बहुआयामी सुधारों की सिफारिश की गई है, जिसमें कृषि प्रौद्योगिकी को उन्नत करना, विपणन के अवसरों को बढ़ाना, खेती के नवाचारों को अपनाना, बर्बादी को कम करना और कृषि-उद्योग संबंधों में सुधार करना जैसे मुद्दे शामिल हैं। समीक्षा ने सरकार को ध्यान बुनियादी खाद्य सुरक्षा से पोषण सुरक्षा पर केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया, जो कि 'मांग-संचालित खाद्य प्रणाली' के साथ तालमेल में हो और जो पौष्टिक एवं पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ दोनों हो। समीक्षा में सुझाव दिया गया कि नीति निर्माताओं को किसानों को उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने और खाद्य कीमतों को स्वीकार्य सीमा के भीतर रखने के बीच संतुलन बनाना चाहिए। ''इस दोहरे उद्देश्य के लिए सावधानीपूर्वक नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता है।'' समीक्षा ने किसानों के हित में बाजारों के कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए किसान-अनुकूल नीति ढांचे की आवश्यकता पर भी जोर दिया। आर्थिक समीक्षा ने कीमतों में उछाल के पहले संकेत पर वायदा या विकल्प (डेरिवेटिव) बाजारों पर प्रतिबंध लगाने से बचने की सिफारिश की। इसमें केवल असाधारण परिस्थितियों में प्रतिबंध लागू करने, मुद्रास्फीति-लक्ष्यीकरण ढांचे की फिर से जांच करने, कुल शुद्ध सिंचित क्षेत्र में वृद्धि करने तथा जलवायु को ध्यान में रखकर खेती के तौर तरीकों में तालमेल बिठाने की बात कही गई है। वर्ष 2047 को ध्यान में रखते हुए, समीक्षा ने निरंतर रोजगार सृजन के लिए कृषि और संबद्ध क्षेत्रों (बागवानी, पशुधन, मत्स्य पालन, डेयरी और खाद्य प्रसंस्करण) की क्षमता पर प्रकाश डाला। इसने कहा, ''वर्ष 2047 या उससे अधिक समय तक लगभग एक पीढ़ी तक वृद्धि को बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह लोगों के जीवन को बेहतर बनाता है और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करता है, नीचे से ऊपर की ओर सुधार आवश्यक हैं।'' इसने सुझाव दिया कि भारत को कृषि से उद्योग और सेवाओं में बदलाव के पारंपरिक विकास मॉडल पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता हो सकती है।

## फसल बीमा में वृद्धि देखने को मिलेगी

**कृषि बीमा क्षेत्र में वर्ष 2024 से वृद्धि दर्ज होने की संभावना है, जिसमें मध्यम अवधि में औसत वास्तविक प्रीमियम वृद्धि 2.5 प्रतिशत होगी। सोमवार को संसद में पेश आर्थिक समीक्षा में यह बात कही गई है। समीक्षा कहती है कि साधारण बीमा बाजार में लगभग 12 प्रतिशत हिस्सा रखने वाले कृषि बीमा में खरीफ फसल मौसम के दौरान प्रीमियम दरों में भारी गिरावट के कारण वित्त वर्ष 2022-23 में स्थिर वृद्धि देखी गई। हालांकि, इस गिरावट की भरपाई सत्र के दौरान बीमित भूमि क्षेत्र और किसानों के नामांकन में वृद्धि से हुई। समीक्षा में कहा गया है, "वर्ष 2024 से कृषि प्रीमियम में वृद्धि होने की संभावना है, जिसमें मध्यम अवधि में औसत वास्तविक प्रीमियम वृद्धि 2.5 प्रतिशत होगी, जिसे मोबाइल एप्लिकेशन और फसल नुकसान की निगरानी के लिए रिमोट सेंसिंग जैसे बीमा बुनियादी ढांचे में सुधार का समर्थन प्राप्त होगा।" फसल बीमा से जुड़ी मौजूदा चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार ने कई तकनीकी पहल शुरू की हैं। इनमें यस-टेक मैनुअल, विंड्स पोर्टल और सैटेलाइट आधारित उन्नत तकनीकों के माध्यम से फसल क्षति का आकलन करने के लिए नामांकन ऐप एआईडीई/सहायक शामिल हैं। समीक्षा में किसानों के लिए फसल बीमा को और अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से घर-घर जाकर नामांकन की पहल पर भी प्रकाश डाला गया।**

## सरकारों को कुछ शक्तियां छोड़ने के बारे में सोचना चाहिए

संसद में सोमवार को पेश आर्थिक समीक्षा 2023-24 में सरकारों को अपनी कुछ शक्तियों का त्याग करने का सुझाव देते हुए कहा गया है कि ऐसा करना 'शासन करने वाले और शासित दोनों'' के लिए अच्छा होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट से एक दिन पहले लोकसभा में आर्थिक समीक्षा 2023-24 पेश की। इसमें पिछले वित्त वर्ष का लेखा-जोखा पेश किया गया है। आर्थिक समीक्षा के मुताबिक, आने वाली चुनौतियों पर विचार करते समय किसी को भी डरना नहीं चाहिए क्योंकि लोकतांत्रिक भारत का सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन एक उल्लेखनीय सफलता की कहानी है। समीक्षा कहती है, ''हमने एक लंबा सफर तय किया है। अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 1992-93 के लगभग 288 अरब डॉलर के स्तर से बढ़कर 2022-23 में 3.6 लाख करोड़ डॉलर हो गई।'' लाइसेंसिंग, निरीक्षण और अनुपालन प्रावधानों की वजह से सरकार के सभी स्तर के कारोबार पर बोझ पड़ता है।

# खराब मौसम की वजह से पिछले दो साल में बढ़ी महंगाई

समीक्षा 2023-24 में सोमवार को कहा गया कि पिछले दो साल में खराब मौसम, जलाशयों के निचले स्तर और फसल क्षति ने कृषि उत्पादन को प्रभावित किया है, जिससे खाद्य कीमतों में वृद्धि हुई है। इसमें कहा गया है कि प्रतिकूल मौसम की स्थिति ने विशेष रूप से सब्जियों और दालों के उत्पादन की संभावनाओं को प्रभावित किया है। पिछले वर्ष की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर एकीकृत रिपोर्ट में कहा गया है, ''वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 में कृषि क्षेत्र खराब मौसम की घटनाओं, जलाशयों के निचले स्तर और क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित हुआ है जिसने कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। इसलिए, उपभोक्ता सीएफपीआई पर आधारित खाद्य मुद्रास्फीति 2021-22 के 3.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 6.6 प्रतिशत और 2023-24 में 7.5 प्रतिशत हो गई।''सरकार ने कहा कि पिछले दो वर्षों में खाद्य मुद्रास्फीति एक वैश्विक घटना रही है। शोध से पता चलता है कि जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य कीमतों में वृद्धि हो रही है - जिनमें गर्मी की लू, असमान मानसून वितरण, बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, मूसलाधार बारिश और ऐतिहासिक शुष्क परिस्थितियां शामिल हैं।



### क्यों महंगा हुआ प्याज

**आर्थिक समीक्षा के अनुसार, मौसमी परिवर्तन, क्षेत्र-विशिष्ट फसल रोग जैसे कि 'थ्राइट फ्लाई" मक्खी संक्रमण। प्याज की कीमतों में उछाल के लिए कई कारकों को जिम्मेदार ठहराया गया, जिसमें पिछली कटाई के मौसम के दौरान बारिश से रबी प्याज की गुणवत्ता प्रभावित होना, खरीफ मौसम के दौरान बुवाई में देरी, खरीफ उत्पादन को प्रभावित करने वाले लंबे समय तक सूखे की स्थिति और अन्य देशों द्वारा किए गए व्यापार संबंधी उपाय शामिल हैं। सरकार ने कहा, "पिछले दो साल में प्रतिकूल मौसम की स्थिति की वजह से कम उत्पादन के कारण दालों, विशेष रूप से अरहर की कीमतों में वृद्धि हुई है।**

# देश में 2030 तक सालाना 78.5 लाख नौकरियों का सृजन करने की जरूरत

देश में बढ़ते कार्यबल को देखते हुए गैर-कृषि क्षेत्र में 2030 तक सालाना औसतन 78.5 लाख नौकरियां सृजित करने की जरूरत है। संसद में सोमवार को पेश 2023-24 की आर्थिक समीक्षा में यह कहा गया है। समीक्षा में नौकरियों की संख्या का एक व्यापक अनुमान दिया गया गया है। बढ़ते कार्यबल के लिए इन नौकरियों को देश में सृजित करने की जरूरत है। इसमें कहा गया कि कामकाजी उम्र में हर कोई नौकरी की तलाश नहीं करेगा। उनमें से कुछ खुद का रोजगार करेंगे और कुछ नियोक्ता भी होंगे। समीक्षा में कहा गया है कि आर्थिक वृद्धि नौकरियों से ज्यादा आजीविका पैदा करने के बारे में है। इसके लिए सभी स्तर पर सरकारों और निजी क्षेत्र को मिलकर प्रयास करना होगा। इसमें कहा गया है कि कार्यबल में कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी धीरे-धीरे घटकर 2047 में 25 प्रतिशत रह जाएगी, जो 2023 में 45.8 प्रतिशत थी। समीक्षा में कहा गया है, ''परिणामस्वरूप, भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ते कार्यबल की जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर-कृषि क्षेत्र में 2030 तक सालाना औसतन लगभग 78.5 लाख नौकरियां सृजित करने की जरूरत है।'' इसमें सुझाव दिया गया है कि गैर-कृषि क्षेत्र में प्रतिवर्ष 78.5 लाख नौकरियों की मांग में पीएलआई योजना (5 वर्षों में 60 लाख रोजगार सृजन), मित्र कपड़ा योजना (20 लाख रोजगार सृजन) और मुद्रा जैसी मौजूदा योजनाएं पूरक भूमिका निभा सकती हैं। इसमें कहा गया है कि बढ़ते कार्यबल को संगठित रूप देने, उन क्षेत्रों में रोजगार सृजन की सुविधा प्रदान करने, जो कृषि से स्थानांतरित होने वाले श्रमिकों को अपना सकते हैं और नियमित वेतन/वेतन रोजगार वाले लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा लाभ सुनिश्चित करने की चुनौतियां भी मौजूद हैं।



## चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ाने की जोरदार वकालत

**चीन के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बीच सोमवार को संसद में पेश बजट-पूर्व आर्थिक समीक्षा 2023-24 में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने और निर्यात बाजार का दोहन करने के लिए पड़ोसी देश (चीन) से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने की वकालत की गई है। आर्थिक समीक्षा कहती है, चूंकि अमेरिका और यूरोप अपनी तात्कालिक आपूर्ति चीन से हटा रहे हैं, इसलिए पड़ोसी देश से आयात करने के बजाय चीनी कंपनियों द्वारा भारत में निवेश करना और फिर इन बाजारों में उत्पादों का निर्यात करना अधिक प्रभावी है। भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) में अपनी भागीदारी को बढ़ाना चाहता है। इसलिए उसे पूर्वी एशिया की अर्थव्यवस्थाओं की सफलताओं तथा रणनीतियों पर भी ध्यान देने की जरूरत है। इन अर्थव्यवस्थाओं ने आमतौर पर दो मुख्य रणनीतियों का अनुसरण किया है...व्यापार लागत को कम करना और विदेशी निवेश को सुगम बनाना। समीक्षा में कहा गया कि भारत के पास 'चीन प्लस वन" रणनीति से लाभ उठाने के लिए दो विकल्प हैं.. या तो वह चीन की आपूर्ति श्रृंखला में शामिल हो जाए या फिर चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा दे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश आर्थिक समीक्षा में कहा गया है, "इन विकल्पों में से चीन से एफडीआई पर ध्यान केंद्रित करना अमेरिका को भारत के निर्यात को बढ़ाने के लिए अधिक आशाजनक प्रतीत होता है, जैसा कि पूर्व में पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्थाओं ने किया था।" इसके अलावा, 'चीन प्लस वन" दृष्टिकोण से लाभ प्राप्त करना ही मकसद होना चाहिए।**



# 15 अगस्त को किसानों का दिल्ली ट्रैक्टर मार्च!

## नए क्रिमिनल ला के खिलाफ किसानों संगठनों का ऐलान



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : किसान फिर दिल्ली आ रहे हैं। तीन नए क्रिमिनल लॉ के खिलाफ किसानों ने दिल्ली कूच का ऐलान किया है। किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा ने देशभर के किसानों से 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ट्रैक्टर मार्च का आह्वान किया है। देशभर के किसानों से सिंधु और शंभु समेत दिल्ली के बॉर्डरों पर पहुंचने की अपील की गई है। इसमें कहा गया है कि किसान नए क्रिमिनल लॉ की कॉपी को जलाकर विरोध प्रदर्शित करेंगे। बता दें, किसान आंदोलन के समय भी किसानों ने गणतंत्र दिवस के दिन ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया था, जिसके चलते दिल्ली में भारी हिंसा और तोड़फोड़ हुई थी। इस बार भी गणतंत्र दिवस के मौके पर किसानों ने दिल्ली कूच का बड़ा ऐलान कर दिया है। किसान संगठनों की ओर से सोमवार को प्रेसवार्ता कर ऐलान किया गया है कि 1 अगस्त को जिला मुख्यालयों में सरकार की अर्थी जलाई जाएगी। इस दौरान किसान एमएसपी पर कानूनी गारंटी की मांग के समर्थन में प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद 15 अगस्त को बड़ा ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा। इसके साथ ही किसान संगठनों की ओर से अपील की है कि सभी किसान 31 अगस्त तक शंभू बॉर्डर पर पहुंचे। किसान संगठनों ने बताया कि हम 31 अगस्त को विरोध प्रदर्शन करेंगे, क्योंकि हमारे शुरुआती विरोध प्रदर्शन के 200 दिन पूरे हो रहे हैं। किसानों से अपील की गई है कि वे शंभू बॉर्डर पर पहुंचें।

# आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग लगने के बाद नाविक लापता

**मुंबई,** (पंजाब केसरी) : मुंबई पोतगाह में नौसेना के बहुउद्देशीय युद्धपोत 'आईएनएस ब्रह्मपुत्र' में आग लगने के बाद एक नाविक लापता है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि भारतीय नौसेना के बहुउद्देशीय युद्धपोत 'आईएनएस ब्रह्मपुत्र' में 21 जुलाई की शाम उस समय आग लग गई थी, जब नौसेना के मुंबई स्थित पोतगाह में उसकी मरम्मत की जा रही थी। इसमें कहा गया कि जहाज के चालक दल ने अग्निशमनकर्मियों की मदद से 22 जुलाई सुबह तक आग पर काबू पा लिया। विज्ञप्ति में कहा गया कि सोमवार को दोपहर जहाज एक ओर (बंदरगाह की ओर) झुक गया। इसमें कहा गया,''तमाम कोशिशों के बावजूद जहाज को सीधा नहीं किया जा सका। जहाज अपने 'बर्थ' (लंगर) के पास और भी अधिक झुकता जा रहा है और वर्तमान में एक तरफ टिका हुआ है। विज्ञप्ति में कहा, ''एक कनिष्ठ नाविक को छोड़कर सभी कर्मियों का पता लगा लिया गया है और लापता नाविक की तलाश जारी है। भारतीय नौसेना ने हादसे की जांच के लिए आदेश दे दिए हैं।



## नौसेना प्रमुख ने 'राजनाथ सिंह को मंत्रीजानकारी दी

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को मुंबई नौसैनिक पोतगाह में भारत के अग्रणी युद्धपोत 'आईएनएस ब्रह्मपुत्र" में आग लगने की घटना से अवगत कराया। आग लगने से पोत को काफी नुकसान हुआ है। सिंह के कार्यालय ने 'एक्स' पर लिखा, "नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भारतीय नौसेना के जहाज ब्रह्मपुत्र में आग लगने की घटना और इस घटना से हुए नुकसान से अवगत कराया है।' कार्यालय ने कहा कि रक्षा मंत्री ने लापता नाविक की सुरक्षा के लिए प्रार्थना की है। जहाज की पोतगाह में मरम्मत की जा रही है।

# धार भोजशाला मामले में फैसला सुरक्षित

**इंदौर,** (पंजाब केसरी): मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने आज धार की भोजशाला के मामले में सभी पक्षकारों को सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रखा। कुछ पक्षकारों ने कोर्ट को बताया कि एएसआई ने अब तक हमें सर्वे रिपोर्ट की कॉपी नहीं दी है। कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताई और कहा कि आपको स्पष्ट कहा था कि सभी पक्षकारों को सर्वे रिपोर्ट की कॉपी देना है। आप दे दीजिए। मौलाना कलामुद्दीन वेलफेयर सोसायटी की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद आनलाइन उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि सर्वे रिपोर्ट बहुत विस्तार है। हमें इसका अध्ययन करने के लिए समय दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई होनी है। इसलिए हाई कोर्ट में सुनवाई चार सप्ताह के लिए आगे बढ़ा दी जाए ताकि जब तक सुप्रीम कोर्ट का आदेश भी आ जाएगा और हम सर्वे रिपोर्ट का अध्ययन भी कर लेंगे। हिंदू फ्रंट फार जस्टिस की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर जैन भी आनलाइन उपस्थित हुए और उन्होंने कोर्ट को बताया कि हमने सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन देकर 1 अप्रैल 2024 को दिए स्टे को निरस्त करने की मांग की है। इस आवेदन पर दो सप्ताह के भीतर सुनवाई होने की संभावना है। सुनवाई के दौरान दरगाह की तरफ से उपस्थित हुए वकील ने कहा कि हमें अब तक कापी नहीं मिली है।



# नेशनल हेराल्डः स्वामी, सोनिया और राहुल गांधी से जवाब मांगा





**नई दिल्ली,**(पंजाब केसरी): दिल्ली उच्च न्यायालय ने भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रमण्यन स्वामी और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले में संक्षिप्त जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने तीनों को चार सप्ताह के भीतर दलीलों पर लिखित जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और कहा कि इसके बाद लिखित जवाब 15 हजार रुपये के मुकदमा खर्च के साथ स्वीकार किया जाएगा। अदालत ने इस मामले को बहस के लिए 29 अक्टूबर को सूचीबद्ध किया है। उच्च न्यायालय, स्वामी द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले में सुनवाई अदालत के समक्ष सबूत पेश करने का अनुरोध करते हुए दाखिल याचिका पर सुनवाई कर रहा है। इस मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं अन्य आरोपी हैं। अदालत ने 22 फरवरी 2021 को सोनिया, राहुल, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव ऑस्कर फर्नांडिज (जिनकी अब मृत्यु हो चुकी है), सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और यंग इंडिया (वाईआई) को नोटिस जारी करते हुए स्वामी की याचिका पर जवाब देने को कहा था और मामले में आगे की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। अदालत ने सोमवार को कहा कि कार्यवाही पर रोक का अंतरिम आदेश मामले की अगली सुनवाई की तारीख तक जारी रहेगा। कांग्रेस नेताओं का पक्ष अदालत में वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एस.चीमा और तरन्नुम चीमा ने रखा। स्वामी ने 11 फरवरी 2021 को सुनवाई अदालत के उस आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया था जिसमें उन्हें अतिरिक्त सबूत पेश करने की अनुमति देने से इनकार किया गया था।

# मैनेजर की शिकायत पर दुबई में राहत फतेह अली खान की गिरफ्तारी

**दुबई,** (पंजाब केसरी): मशहूर पाकिस्तानी गायक राहत फतेह अली खान को गिरफ्तार किए जाने की खबर वायरल हो रही है। इधर राहत के मैनेजर ने कहा कि पुलिस ने पूछताछ की है और गायक को गिरफ्तार कर लिया गया है लेकिन राहत फतेह अली खान ने गिरफ्तारी की खबरों का खंडन करते हुए उन्हें 'अफवाह' बताया है। राहत फतेह अली खान ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा है कि मैं दुबई में अपने गाने रिकॉर्ड करने के लिए आया हुआ हूं और सब ठीक है। मैं आपसे यही गुजारिश करूंगा कि घटिया अफवाहों पर बिल्कुल भी कान ना धरें। ऐसा कुछ नहीं है, जैसा दुश्मन सोच रहे हैं। मैं जल्द ही अपने वतन, आप लोगों के पास वापस लौटूंगा और आपको नए गाने से सरप्राइज करूंगा। मैं अपने फैंस से गुजारिश करता हूं कि घटिया अफवाहों पर अपनी कान ना धरें। मेरे ऑडियंस, मेरे फैंस मेरी ताकत हैं। दरअसल, खबर आ रही थी कि दुबई एयरपोर्ट पर प्लेन में चढ़ने से राहत फतेह अली खान को रोका गया था और फिर दुबई पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार गिरफ्तारी के बाद पुलिस उन्हें थाने ले गई। जियो न्यूज की रिपोर्ट की मानें को राहत फतेह अली खान के पूर्व मैनेजर और मशहूर शोबिज प्रमोटर सलमान अहमद ने दुबई में उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया था।



● गाने रिकॉर्ड करने आया हूं


हरियाणा सरकार
म्हारा हरियाणा
नॉन-स्टॉप हरियाणा
हम हरियाणवी
अब आयुष्मान + चिरायु से
मुफ्त इलाज कराते हैं
सभी को ₹5 लाख तक की मुफ्त इलाज सुविधा
प्रदेश के 1215 अस्पतालों में उपलब्ध
अब तक 15.54 लाख लोगों को मिला ₹2173.30 करोड़ का निःशुल्क इलाज
1.91 करोड़ लोगों को घर बैठे मिले उनके आयुष्मान कार्ड
इलाज की चिंता से निरंतर मुक्ति
SAMVAD RO. No. 1089/13/1684/2025/28042/142/7 Dt. 22/07/2024
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# आरएसएस देशभक्त संगठन, कांग्रेस ने राजनीतिक कारणों से लगाया था प्रतिबंध


**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी)। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को देशभक्त और सांस्कृतिक संगठन बताते हुए कहा है कि कांग्रेस ने राजनीतिक कारणों से गलत प्रतिबंध लगाया था और मोदी सरकार ने इस गलती को सुधार दिया है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगे प्रतिबंध को भारत सरकार ने हटा दिया है, वे इसका स्वागत करते हैं। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने राजनीतिक कारणों से गलत प्रतिबंध लगाया था, उसका

● कांग्रेस का रवैया राष्ट्रवादी और देशभक्त संस्थाओं के खिलाफ रहा है



हटना स्वागतयोग्य निर्णय है। इस प्रकार के देशभक्त और सामाजिक संस्था को लेकर कांग्रेस की सोच हमेशा नकारात्मक रही है। कांग्रेस पार्टी का रवैया राष्ट्रवादी और देशभक्त संस्थाओं के खिलाफ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक देशभक्त और सांस्कृतिक संस्था है, जिसका हर स्वयंसेवक देशभक्ति से ओतप्रोत रहता है, उस संस्था में कोई भी व्यक्ति भाग ले, उनका स्वागत होना चाहिए और वे ऐसा प्रतिबंध हटाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बधाई देना चाहेंगे।

### संविधान के साथ छेड़छाड़ करना चाहती है सरकार



कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए एक पोस्ट में भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार सरकारी दफ्तरों में आरएसएस की विचारधारा को लागू कर संविधान के साथ 'पिछले दरवाजे' से छेड़छाड़ करना चाहती है। खड़गे ने एक्स पर पोस्ट किया, 1947 में आज ही के दिन भारत ने अपना राष्ट्रीय ध्वज अपनाया था। आरएसएस ने तिरंगे का विरोध किया था और सरदार पटेल ने उन्हें इसके खिलाफ चेतावनी दी थी। 4 फरवरी 1948 को गांधी जी की हत्या के बाद सरदार पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# दो बीघा जमीन के लिए पांच की हत्या

## रिटायर्ड फौजी ने भाई का पूरा परिवार किया खत्म, पिता भी गंभीर

**अम्बाला, राजेन्द्र भारद्वाज** (पंजाब केसरी): हरियाणा के अम्बाला जिले में एक बहुत बड़ी दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। नारायणगढ़ के गांव रतौर में एक कलयुगी बेटे रिटायर्ड फौजी समेत 7 ने मां संग 5 परिजनों की जान ले ली। मरने वालों में आरोपी की मां सूरती देवी, उसका भाई हरीश कुमार, भाभी सोनिया, भतीजा मयंक और भतीजी तरू शामिल हैं। इस जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल आरोपी रिटायर्ड फौजी भूषण के पिता ओमप्रकाश और बुरी तरह से जल चुकी भतीजी परी को नारायणगढ़ के अस्पताल से चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने हत्या के आरोपी रिटायर्ड फौजी भूषण, उसकी धर्मपत्नी पूनम, बेटे मक्खन और प्रिंस, साले टोनी और जोनी और साली बेबी के खिलाफ हत्या और सबूत मिटाने समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मृतकों का पोस्टमार्टम कराने के लिए अम्बाला छावनी के नागरिक अस्पताल में व्यस्त है। हत्या के आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी रिटायर्ड फौजी भूषण ने वारदात को अंजाम देने के बाद रात को ही सबूत मिटाने की नीयत से शवों को जलाने का प्रयास किया। अभी तक वारदात की वजह दोनों भाइयों के बीच जमीनी विवाद बताया जा रहा है। घटना के बाद सूचना मिलने पर अम्बाला एसपी सुरेंद्र कुमार ने टीम के साथ देर रात 3 बजे घटनास्थल का दौरा किया। मौके पर पहुंच कर उन्होंने अधजले शवों को अम्बाला कैंट अस्पताल में पहुंचाया।

### सभी आरोपियों को काबू कर लिया : एसपी



एसपी अम्बाला सुरेन्द्र कुमार ने इस हत्याकांड के संबंध में पत्रकारों को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि हत्या के आरोपी रिटायर्ड फौजी भूषण के पिता ओमप्रकाश की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज करके तत्परता से सभी आरोपियों को काबू कर लिया है। इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी रिटायर्ड फौजी भूषण से पूछताछ की जा रही है ताकि हत्या के वास्तविक कारण का पता लगाया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि इस हत्याकांड की गहनता से जांच करने के बाद पुलिस आगामी कार्रवाई करेगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा को नियमित जमानत दी



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2021 के लखीमपुर-खीरी हिंसा मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को सोमवार को जमानत दे दी और उसे दिल्ली या लखनऊ में ही रहने का निर्देश दिया। हिंसा की इस घटना में आठ लोगों की मौत हो गई थी ।शीर्ष अदालत ने पिछले साल 25 जनवरी को हिंसा की ''इस दुर्भाग्यपूर्ण एवं भयावह घटना'' से जुड़े मामले में आशीष मिश्रा को अंतरिम जमानत दी थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने मामले में आरोपी किसानों को भी जमानत दे दी और अधीनस्थ अदालत को सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया।

## सुप्रीम फैसले का कांग्रेस, जदयू ने किया स्वागत

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर सभी दुकानों पर नेमप्लेट लगाने का आदेश जारी किया था। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को रोक लगा दी। कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित सभी भोजनालयों और ढाबों पर मालिकों और कर्मचारियों के नाम लिखने का आदेश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राजनीतिक दलों की ओर से प्रतिक्रियाएं आई।

भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि कोर्ट का आज जो आदेश आया है, मैं उस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। जदयू और कांग्रेस ने कांवड़ यात्रा नेम प्लेट विवाद पर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। जदयू नेता केसी. त्यागी ने कहा, हम फैसले का स्वागत करते हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार के फैसले पर रोक लगाई। इस आदेश से समाज में विभाजन पैदा होता। कोर्ट का फैसला सराहनीय है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कोर्ट के आदेश का जिक्र कर भाजपा शासित राज्य सरकारों पर हमला बोला। उन्होंने कहा, आज सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों के गैर संवैधानिक आदेश पर रोक लगा दी है। ये आदेश अलपसंख्यक, आदिवासी और पिछड़ी जाति के खिलाफ था और इसके पीछे आरएसएस की सोच दिखाई दे रही थी। उन्होंने पीएम मोदी से अपील करते हुए कहा कि हमारा अनुरोध है कि प्रधानमंत्री, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को राजधर्म की याद दिलाएं। हालांकि, पीएम मोदी अपनी पार्टी में ही कमजोर हो गए हैं और मुख्यमंत्री उनकी बात नहीं सुनते हैं।

## हिमाचल प्रदेश में तीन नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली

**शिमला,** (पंजाब केसरी): हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सोमवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर सहित तीन नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, कैबिनेट मंत्रियों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में सदन में आयोजित किया गया। शपथ लेने वाले सदस्यों में देहरा विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक कमलेश ठाकुर, नालागढ़ सीट से हरदीप सिंह बावा और हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक आशीष शर्मा शामिल थे। तीन विधायकों के निर्वाचित होने के साथ ही सदन में कुल 68 सदस्य हो गए हैं और कांग्रेस के विधायकों की संख्या 40 हो गई है। जबकि भाजपा के 28 विधायक हैं।

# आने वाले दिनों में होंगी 50 हजार नई भर्तियां: नायब सिंह

**करनाल,** (पंजाब केसरी): हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने गरीबों के हित में अनेक निर्णय लिए हैं। आज प्रदेश में बिना पर्ची-बिना खर्ची के सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं। आने वाले समय में प्रदेश में 50 हजार और भर्तियां की जाएंगी। मुख्यमंत्री आज यहां आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों मे बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। नायब सिंह सैनी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने गरीबों को 100-100 गज के प्लाट देने का केवल वादा किया, न प्लाटों के कागज दिये और न कब्जा। जबकि हमारी सरकार ने ऐसे 20 हजार लोगों को प्लाटों का कब्जा भी दिया और कागज भी। जो बच गए हैं, उन्हें भी प्लाट दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि



2 किलोवाट तक के कनेक्शन धारकों को बिजली सरचार्ज नहीं देना पड़ेगा। जितनी यूनिट खपत होगी उसी का बिल भरना पड़ेगा। एक महीने तक उपभोक्ता के बाहर जाने पर उसका बिल शून्य आयेगा। इतना ही नहीं, सरकार ने 1.80 लाख रुपये सालाना से कम आय वाले उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर 2 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस कार्य पर एक लाख रुपये खर्च आता है जिसमें से 60 फीसदी केंद्र और 40 फीसदी हरियाणा सरकार वहन करेगी। सोलर पैनल से यदि बिजली खपत होने के बाद बिजली बचती है तो उसे विद्युत निगम खरीदेगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में एक लाख रुपये वार्षिक आय से कम वाले 23 लाख परिवारों के 84 लाख लोगों को हैप्पी कार्ड देकर राज्य परिवहन की बसों में एक साल में 1000 किमी तक की मुफ्त यात्रा की सुविधा दी है।

## ऑडी कार ने दो ऑटोरिक्शा को मारी टक्कर, चार घायल

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): मुंबई के मुलुंड इलाके में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर शराब के नशे में, अपनी तेज रफ्तार ऑडी कार से दो ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मामले में कांजुरमार्ग निवासी दत्तात्रेय गोरे (43) को उसकी बहन के घर से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद आरोपी मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया था। अधिकारी ने बताया कि हादसा डम्पिंग रोड पर सुबह करीब छह बजकर 15 मिनट पर हुआ और पुलिस ने बाद में कार को जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि कार ने दो ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे दो चालक और दो यात्री घायल हो गए।

## मान ने पंजाब के लिए मांगा सवा लाख करोड़ का पैकेज



**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी): पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोमवार को राज्य के दौरे पर आए 16वें वित्त कमीशन की टीम से प्रदेश के चहुमुखी विकास के लिए विशेष पैकेज की मांग की। मुख्यमंत्री ने कमीशन के चेयरमैन डा. अरविन्द पनगड़िया, मैंबर अजय नारायण झा, ऐनी जॉर्ज मैथ्यू, डा. मनोज पांडा और डा. सौम्याकांती घोष के अलावा कमीशन के सचिव ऋत्विक पांडे का हार्दिक स्वागत किया। मान ने कमीशन से 1लाख 32,हजार 247,करोड़ के विशेष पैकेज की मांग की। इस मौके मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को अनाज उत्पादन से आत्मनिर्भर बनाने में पंजाब के मूल्यवान योगदान के मद्देनजर सूबे को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाबियों ने पहले ही दुनिया भर के हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना ली है और यह पैकेज प्रदेश के आर्थिक विकास को और मजबूती देगा। भगवंत सिंह मान ने उम्मीद जताई कि वित्त कमीशन राज्य सरकार की मांगों की तरफ हमदर्दी के साथ विचार करेगा और पंजाब को खुले दिल के साथ वित्त मुहैया करेगा।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास को बढ़ावा देने के लिए वित्त कमीशन से 1,32, 247 करोड़ रुपए के विशेष पैकेज की मांग की है।

## सलमान के घर गोलीबारी
## आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पर्याप्त सामग्री



**मुंबई,** (पंजाब केसरी): मुंबई की एक विशेष अदालत ने सोमवार को कहा कि बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास पर अप्रैल में हुई गोलीबारी के सिलसिले में हत्या के प्रयास समेत अन्य आरोपों का सामना कर रहे छह गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं। विशेष न्यायाधीश बी.डी. शेल्के ने इन आरोपियों के खिलाफ मुंबई पुलिस द्वारा दाखिल आरोपपत्र पर संज्ञान लिया। अदालत ने कहा, ''आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए रिकॉर्ड पर प्रथम दृष्टया पर्याप्त सामग्री मौजूद है इसलिए (आरोप पत्र का) संज्ञान लिया जाता है।'' मामले में आरोपी विक्की कुमार गुप्ता, सागर कुमार पाल, सोनू कुमार बिश्नोई, मोहम्मद रफीक चौधरी और हरपाल सिंह गिरफ्तारी के बाद न्यायिक हिरासत में हैं। एक अन्य आरोपी अनुज कुमार थापन ने पुलिस हिरासत में रहने के दौरान आत्महत्या कर ली थी।

## सीएम विष्णुदेव का ऐलान, शिक्षकों की जल्द करेंगे भर्ती



**रायपुर,** (आशीष शर्मा/पंजाब केसरी): छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों की कमी और भवन विहीन स्कूलों का मामला उठा। इस मामले के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश में जल्द ही युक्तियुक्तकरण कर शिक्षकों व्यवस्था की जाएगी। साथ ही जहां शिक्षक की कमी है वहां नई भर्ती की जाएगी। मुख्यमंत्री ने दावा किया की औसत के हिसाब से छत्तीसगढ़ में देश के औसत 26 शिक्षकों में से एक छात्र हैं। जबकि छत्तीसगढ़ में 21 छात्रों में एक शिक्षक है। उन्होंने बताया कि रायपुर जिले में शिक्षकों के 1954 पद खाली हैं। इन पदों की भर्ती प्रचलन में है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में विचार कर रही है। प्रदेश में 300 स्कूल ऐसे हैं जहां शिक्षक नहीं है। इसके लिए भर्ती कर उन्हें भेजा जाएगा। सत्ता पक्ष के विधायक मोतीलाल साहू ने विधानसभा में अपने प्रश्न में पूछा था कि माना कैंप का हिंदी मीडियम स्कूल है जहां पर छठवीं से आठवीं तक के लिए दो शिक्षक है वहीं पर हिंदी मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल है जिसमें 9वी से लेकर 12वीं तक के लिए तीन शिक्षक है शिक्षकों की कमी के कारण गरीब बच्चों के साथ अन्याय हो रहा है इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव ने आश्वस्त किया।

## प्रधानमंत्री ने 10 साल तक देश का गला घोंटा : कांग्रेस का पलटवार



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कांग्रेस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि संसद के मानसून सत्र की शुरुआत के मौके पर विपक्ष को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की, जबकि उन्होंने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज दबाई जिसकी सजा जनता ने हालिया लोकसभा चुनाव में उन्हें दी। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को मोदी सरकार शब्द के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए और खुद को लोकतांत्रिक साबित करना चाहिए। दरअसल श्री मोदी ने पिछले सत्र के दौरान ढाई घंटे तक देश के प्रधानमंत्री का गला घोंटने का विपक्ष पर आरोप लगाया था, उनकी आवाज को रोकने का, उनकी आवाज को दबाने का... लोकतांत्रिक परंपराओं में कोई स्थान नहीं हो सकता है। खेड़ा ने कहा, यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ये याद दिलाना जरूरी है कि पिछले 10 साल के उनके अन्याय काल में पूरे देश का दम घोंटा गया, जिसकी सजा जनता ने उन्हें दी है। प्रधानमंत्री मोदी भूल गए हैं कि वो बहुमत की सरकार के प्रधानमंत्री नहीं, दो दलों के सहयोग से चलने वाली राजग सरकार के एक तिहाई प्रधानमंत्री हैं। उन्हें मोदी सरकार शब्द के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए और खुद को लोकतांत्रिक साबित करना चाहिए। जब प्रधानमंत्री मोदी ये भाषण दे रहे थे, उस वक्त देश के 32 लाख छात्रों की आवाज को दबाने और उनके साथ आपकी सरकार के अन्याय के खिलाफ देश का उच्चतम न्यायालय सुनवाई कर रहा है। देश के 15 से अधिक अग्निवीर देश के लिए प्राणों की आहुति का सपना अपने दिल में रख कर आत्महत्या के लिए मजबूर हो चुके है।

## अब यूसीसी की जरूरत को समझना चाहिए: एमपी हाईकोर्ट

**भोपाल,** (पंजाब केसरी) : एमपी उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति अनिल वर्मा ने कहा कि कानून निर्माताओं को यह समझने में कई साल लग गए कि तीन तलाक असंवैधानिक है और समाज के लिए बुरा है और अब हमें देश में यूसीसी की आवश्यकता को समझना चाहिए। उन्होंने पिछले सप्ताह भारतीय दंड संहिता, मुस्लिम महिला (विवाह के अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019 और दहेज निषेध अधिनियम 1961 के तहत आरोपों का सामना कर रही मुंबई की दो महिलाओं की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए यह टिप्पणी की। न्यायाधीश ने कहा, ''समाज में कई अन्य अपमानजनक, कट्टरपंथी, अंधविश्वासी और अति-रूढ़िवादी प्रथाएं प्रचलित हैं, जिन्हें आस्था और विश्वास के नाम पर छिपाया जाता है।''

## धामी ने यूसीसी नियमावली को जल्द अंतिम रूप देने को कहा



**देहरादून,** (पंजाब केसरी): उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को विशेषज्ञ समिति से प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के लिए प्रक्रियाओं एवं नियमों को समयबद्धता के साथ अंतिम रूप देने को कहा। यूसीसी को लागू करने की तैयारियों की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके प्रावधानों को व्यवस्थित रूप से क्रियान्वित करने के लिए गठित उप समिति के कार्यों एवं विभिन्न विभागों के स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही को भी शीघ्र अंतिम रूप दिया जाए। उन्होंने इस संबंध में विभिन्न स्तरों पर होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी को विधिवत लागू किये जाने से पूर्व सभी पहलुओं का गहनता एवं सजगता से अध्ययन किया जाए तथा उसके बारे में व्यापक स्तर पर जन जागरुकता भी लाई जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। यूसीसी के प्रावधानों को लागू करने के लिए गठित समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने बैठक में जानकारी दी कि इसके लिए तीन उप समितियों का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि नियमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए गठित उप समिति की अब तक 43 बैठकें हो चुकी हैं जो आगामी 31 अगस्त तक अपनी रिपोर्ट दे देगी।

## ग्रेनो में जेप्टो के वेयर हाउस में लगी भीषण आग

**ग्रेटर नोएडा,** (पंजाब केसरी): ग्रेटर नोएडा के एक मूर्ति के पास बने जेप्टो ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी के वेयरहाउस में सोमवार सुबह भीषण आग लग गई। आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। जिसके बाद मौके के लिए तुरंत फायर विभाग ने गाड़ियों को रवाना किया। मौके पर पहुंची पांच गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

वेयर हाउस में लगी आग का वीडियो आसपास में रह रहे हाईराइज सोसायटी के लोगों ने बना लिया था जिसे सोशल मीडिया पर डाल दिया गया है। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में पंचशील ग्रीन 1 सोसायटी के पास जेप्टो कंपनी के वेयर हाउस में आग लगी थी। आग लगने से आस पास के इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों की टीम आग बुझाने में जुट गई। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। लेकिन आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है।

## बाबा बर्फानी के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या चार लाख के पार



**श्रीनगर,** (पंजाब केसरी) : दक्षिण कश्मीर में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में सोमवार को 12,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने प्राकृतिक रूप से बने बर्फ के शिवलिंग के दर्शन किए। इसके साथ ही इस साल यहां बाबा बर्फानी के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या चार लाख के आंकड़े को पार कर गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को 12,539 तीर्थयात्रियों ने यात्रा की और वार्षिक यात्रा के 24वें दिन बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए। उन्होंने बताया कि 3,880 मीटर ऊंचे पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या अब 4,08,518 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को पवित्र गुफा में दर्शन करने वालों में 7,760 पुरुष, 2,772 महिला , 175 साधु और एक साध्वी शामिल हैं। सुरक्षा बलों के 1,600 से अधिक जवानों और 174 बच्चों ने भी तीर्थयात्रा की। अधिकारियों के अनुसार इस साल की यात्रा में दो मौतें हुई हैं जिनमें हरियाणा का एक सेवादार और झारखंड का एक तीर्थयात्री शामिल है। बालटाल मार्ग पर जून के महीने में दिल का दौरा पड़ने से दोनों की मौत हो गई थी। यह 52 दिवसीय तीर्थयात्रा 19 अगस्त को समाप्त होगी। पिछले वर्ष 4.5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में दर्शन किए थे।

## ट्रेन से 'धुआं' उठने पर यात्रियों में अफरातफरी

**संभल,** (पंजाब केसरी): उत्तर प्रदेश के संभल जिले के गुमथल रेलवे स्टेशन पर बरेली से दिल्ली जाने वाली एक ट्रेन के डिब्बे से 'धुआं' उठने पर यात्रियों में अफरातफरी मच गई। गुमथल रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर विनोद शर्मा ने बताया, ''रविवार रात 8.10 बजे बरेली से दिल्ली जाने वाली एक ट्रेन गुमथल स्टेशन पहुंची। यह ट्रेन यहां सिर्फ दो मिनट के लिए रुकती है। हालांकि, उसके एक डिब्बे से 'धुआं' उठने लगा, जिसे देख कुछ लोग डरकर भागने लगे।''शर्मा ने कहा, ''हम लोग फौरन प्लेटफॉर्म पर पहुंचे और डिब्बे के अंदर जाकर देखा, तो पता चला कि किसी यात्री ने ट्रेन में मौजूद अग्निशमन यंत्र के साथ छेड़खानी की थी, जिससे उससे गैस निकलने लगी। लेकिन यात्रियों को लगा कि यह धुआं है।''शर्मा ने बताया कि डिब्बे से धुआं निकलने के संदेह के कारण यात्रियों में अफरातफरी मच गई, लेकिन स्थिति पर जल्द काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि आधे घंटे बाद 8.40 बजे ट्रेन को रवाना कर दिया गया।

# जहां एक साल पहले बरसे थे पत्थर वहां बरसे फूल

**गुरुग्राम/नूंह,** (पंजाब केसरी): मेवात में एक साल पहले ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा पर जहां पत्थरबाज़ी और हिंसा हुई थी उसके एक साल बाद आज श्रद्धालुओं पर उसी यात्रा में फूलों की बारिश की गई और बाहरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ब्रजमंडल यात्रा गुरुग्राम के सेक्टर 10- से शुरू होकर नूंह के नल्हड़ महादेव मंदिर में सम्पन्न हो गई। सावन के पहले सोमवार पर साढ़े तीन सौ साधु-संतों की अगुवाई में ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच निकाली गई। ढाई हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में यात्रा शांतिपूर्ण यात्रा संपन्न हो गई। रास्ते भर यात्रा की ड्रोन से निगरानी और वीडियोग्राफी कराई गई। यात्रा में जाने वाले वाहनों समेत सभी गाड़ियों की गहनता से तलाशी ली गई। पिछले साल नूंह के नल्हड़ महादेव मंदिर में पथराव के बाद हिंसा को देखते हुए इस बार पुलिस प्रशासन पहले से ही चौकन्ना था। इसको लेकर कई दिनों से तैयारियां की जा रही थीं। यात्रा में हरियाणा, ब्रज क्षेत्र और राजस्थान के इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गुरुग्राम से निकाली गई यात्रा में सोमवार सुबह आठ बजे सेक्टर-10ए श्री कृष्ण मंदिर में शहर के श्रद्धालु जमा हुए। यहां से राजीव नगर गुफा वाला मंदिर की साध्वी आत्मचेतन गिरि, सराय आश्रम के स्वामी मुक्तानंद महाराज,पटौदी आश्रम के स्वामी धर्मदेव, बाबड़ा बाकीपुर के स्वामी अमरदास महाराज, कादीपुर के स्वामी सेवादास महाराज, सराय आश्रम के स्वामी फतेनाथ महाराज और भीमगढ़ खेड़ी मंदिर की साध्वी आदिशक्ति के नेतृत्व जलाभिषेक यात्रा नूंह के लिए रवाना हुई। इस 80 किलोमीटर लंबी यात्रा के लिए प्रशासन की तरफ से 5 घंटे का समय तय किया गया था, लेकिन यह 4 घंटे में ही पूरी हो गई। यात्रा को लेकर बीते कल ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के चेयरमैन डॉ. इमाम उमेर अहमद इलियासी ने कहा था कि पिछली बार हिंसा की वजह से मुस्लिमों पर दाग लगा। इस यात्रा को कामयाब बनाकर दाग धोने का यह अच्छा समय है। नूंह के भूतेश्वर शिव मंदिर से सोमवार को बाजार में होते हुए नल्हड़ मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध थे। बीते दिनों विश्व हिंदू परिषद के सदस्य हरिद्वार से गंगाजल लेकर आए थे। उस गंगाजल को नूंह के भूतेश्वर शिव मंदिर में रखा गया था।




नल्हड़ शिव मंदिर में जलाभिषेक करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव और अन्य महाराज।

## 'कांवड़' से कार के छू जाने पर कांवड़ियों ने कार सवारों की पिटाई की

**मुजफ्फरनगर,** (पंजाब केसरी) : मुजफ्फरनगर में हरिद्वार दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कांवड़िये की 'कावड़' से कथित तौर पर पास से गुजर रही एक कार के छू जाने के कारण, कांवड़ के अपवित्र होने का आरोप लगाते हुए गुस्साए कांवड़ियों ने कार सवारों की पिटाई कर दी और वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार रविवार देर रात मुजफ्फरनगर जिले के छपार थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरिद्वार-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बजहेरी कट के पास यह घटना हुई। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) राजू कुमार साव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कांवड़ियों का एक समूह आगे बढ़ रहा है और ऐसी खबरें हैं कि एक 'कांवड़' के कथित तौर पर एक कार से छू जाने के कारण वह अपवित्र हो गई है, जिसके बाद कांवड़ियों ने कार सवारों की पिटाई कर दी। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कांवड़ियों से बात की। सीओ ने बताया कि बातचीत के दौरान इस बात की पुष्टि नहीं हुई कि किसी कांवड़िये की कावड़ अपवित्र हुई है।

## ट्रंप की हत्या के प्रयास मामले में सीक्रेट सर्विस की निदेशक से पूछताछ



**वाशिंगटन,** (एपी) सीक्रेट सर्विस की निदेशक किंबरले चीटल ने सोमवार को संसद में अपनी पेशी के दौरान कहा कि उनकी एजेंसी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा के अपने मिशन में नाकाम रही। इस बीच, डेमोक्रेटिक पार्टी और रिपब्लिकन पार्टी, दोनों दलों के सांसद सुरक्षा में हुई चूक को लेकर चीटल के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। तेरह जुलाई को हुए हत्या के प्रयास के मामले में संसद में अपनी पहली पेशी के दौरान, जांच जारी होने का हवाला देकर सवालों का जवाब देने में बार-बार टाल-मटोल करने के कारण चीटल से सांसद नाराज नजर आ रहे थे। चीटल ने ट्रंप पर हुए हमले को दशकों में सीक्रेट सर्विस की ''सबसे बड़ी सुरक्षा विफलता'' करार दिया।

चीटल ने माना कि ट्रंप पर हुई गोलीबारी से पहले एजेंसी को दो से पांच बार पूर्व राष्ट्रपति की रैली में संदिग्ध व्यक्ति के होने के बारे में बताया गया था। फिर भी, चीटल ने इस्तीफा देने का कोई संकेत नहीं दिया, हालांकि उन्होंने कहा कि वह पेनसिल्वेनिया रैली में हुई सुरक्षा संबंधी विफलता के लिए पूरी जिम्मेदारी लेती हैं। चीटल ने कहा, सीक्रेट सर्विस का मिशन हमारे देश के नेताओं की सुरक्षा करना है। 13 जुलाई को हम असफल रहे।'' सांसदों ने चीटल से पूछा कि बंदूकधारी, ट्रंप के इतने करीब कैसे पहुंच गया। साथ ही, उन्होंने पूछा कि स्थानीय पुलिस ने हमलावर थॉमस मैथ्यू क्रुक्स की पहचान संदिग्ध के तौर पर की थी, इसके बावजूद भी ट्रंप को मंच पर क्यों जाने दिया गया। चीटल ने स्वीकार किया कि स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने गोलीबारी से पहले 'रेंजफाइंडर' के साथ क्रूक्स को देखा था। रेंजफाइंडर दूरबीन जैसा दिखने वाला एक छोटा उपकरण है जिसका उपयोग हमलावर लक्ष्य की दूरी मापने के लिए करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि खुफिया एजेंटों को बताया गया होता कि कोई वास्तविक खतरा है।

# पंजाबी बाग गोल चक्कर से प्रेमबाड़ी पुल तक के रोड का होगा अपग्रेडेशन





■ आतिशी ने अपग्रेडेशन व सुदृढ़ीकरण परियोजना को दी मंजूरी, एक्सपर्ट की रिपोर्ट पर पीडब्ल्यूडी मंत्री ने दिए जल्द काम शुरू करने के निर्देश

फाइल फोटो

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली की सड़कों को सुंदर और सुरक्षित बनान केजरीवाल सरकार की प्राथमिकता है। इसे सुनिश्चित करने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मिशन मोड पर काम कर रहा है। इस दिशा में पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने रिंग रोड पर प्रेमबाड़ी पुल से पंजाबी बाग गोल चक्कर तक की सड़क के अपग्रेडेशन और सुदृढ़ीकरण को मंजूरी दी। परियोजना को मंजूरी देते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार का विजन अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए शहर में एक वर्ल्ड क्लास और सुरक्षित परिवहन नेटवर्क स्थापित करने पर है। इस दिशा में सरकार रिंग रोड के प्रमुख रोड स्ट्रेच पर प्रेमबाड़ी पुल से पंजाबी बाग गोल चक्कर के सड़क का अपग्रेडेशन और सुदृढ़ीकरण करवाया जाएगा। ये पहल दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विभिन्न क्षेत्रों की समग्र कनेक्टिविटी को बढ़ाते हुए दिल्ली के लोगों को सड़कों पर चलने के बेहतर अनुभव देने के विजन का हिस्सा है।

पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का दिल्ली के लोगों से वादा है कि हम राजधानी की सड़कों को वर्ल्ड क्लास स्टैंडर्ड की सड़कों में तब्दील करेंगे। सीएम के नेतृत्त्व में दिल्ली की सड़कों को को बेहतर बनाने के लिए सरकार 'मिशन मोड" में काम कर रही है। परियोजना को मंजूरी देते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश भी दिए कि सुदृढ़ीकरण के दौरान सेफ्टी-सिक्योरिटी व क्वालिटी के सभी मानकों का प्रतिबद्धता से पालन हो और आवाजाही करने वालों को समस्या का सामना न करना पड़े।उन्होंने कहा कि चाहे जितनी बाधाएं आए लेकिन जबतक अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री है, तब तक दिल्लीवालों के काम नहीं रुकेंगे। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि निर्माण के दौरान यात्रियों को कोई असुविधा न हो और निर्माण में उच्च गुणवत्ता वाली सड़कों के सभी मानकों का पालन किया जाए। बता दें कि रोजाना लाखों लोग इस सड़क से गुजरते हैं। ऐसे में भारी ट्रैफिक के कारण सड़क की ऊपरी सतह पर कई जगह दरार देखी गयी हैं। ऐसे में पीडब्ल्यूडी ने एक्सपर्टस की सहायता से सड़क का निरीक्षण किया है और पीडब्ल्यूडी मंत्री ने जल्द से जल्द इसके सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिये है।

## कोर्ट ने मनीष सिसोदिया और के. कविता की न्यायिक हिरासत बढ़ाई

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े सीबीएक केस में बीआरएस नेता के कविता के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने कविता को 26 जुलाई को कोर्ट में वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए पेश करने का आदेश दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने के. कविता के साथ ही सीबीआई केस में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत भी 26 जुलाई तक बढ़ाने का आदेश दिया। सिसोदिया को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। इससे पहले 18 जुलाई को कोर्ट ने के कविता के स्वास्थ्य की पड़ताल करने के लिए एम्स अस्पताल रेफर किया था। कोर्ट ने एम्स अस्पताल से उनकी मेडिकल रिपोर्ट तलब किया था। कविता की 16 जुलाई को तिहाड़ जेल में तबीयत खराब हो गई थी, जिसके बाद उन्हें दिल्ली के दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में इलाज के बाद वापस जेल भेज दिया गया। कविता को सीबीआी ने 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था।



## हीरो मोटरकॉर्प और उसके एमडी के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने एक अहम आदेश में दिल्ली पुलिस को हीरो मोटरकॉर्प लिमिटेड और उसके अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कंपनी के चेयरमैन और एमडी पवन मुंजाल के खिलाफ भी केस दर्ज करने का आदेश दिया है। बताया जा रहा है कि पूरा मामला 64,95,000 रुपये की धोखाधड़ी से जुड़ा है। कोर्ट ने कहा है कि पूरे मामले की विधिवत जांच की जानी चाहिए। साथ ही मामले से जुड़े लोगों की पूछताछ भी करनी चाहिए। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि रूप दर्शन पांडेय औक हीरो मोटोकॉर्प के साथ एक समझौता हुआ था। जोकि 31 मार्च 2009 से पहले तक समय पर रेन्यू हो जाता था। कोर्ट ने कहा है कि साल 2009 से आरोपी कथित धोखाधड़ी का मामले में लिप्त था। दावा किया गया है कि हीरोमोटो कॉर्प ने अपने दो अधिकारियों विजय श्रीवास्तव और जीत सिंह से मिलकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का फर्जी प्रोविडेंट फंड चालान तैयार किया।




### संक्षिप्त समाचार...

## जामिया : मो. शाहिद खान सुरक्षा प्रभारी नियुक्त



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): जामिया ने मो. शाहिद खान को मुख्य प्रॉक्टर व सुरक्षा प्रभारी किया नियुक्त जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय ने मोहम्मद शाहिद खान को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक मुख्य प्रॉक्टर और सुरक्षा प्रभारी नियुक्त किया है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। जिसमें कहा गया कि यह नियुक्ति विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति मोहम्मद शकील द्वारा अतीकुर रहमान को मुख्य प्रॉक्टर और सुरक्षा प्रभारी के रूप में उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त करने के बाद की गई है। 20 जुलाई के आदेश में कहा गया कि जेएमआई के कार्यवाहक कुलपति ने विज्ञान संकाय के भूगोल विभाग के अतीकुर रहमान को तत्काल प्रभाव से जेएमआई के मुख्य प्रॉक्टर और प्रभारी (सुरक्षा) की जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया है। बता दें कि खान विश्वविद्यालय में विज्ञान संकाय के भौतिकी विभाग में प्रोफेसर हैं।

## जांच शिविर में दिव्यांगों को व्हील चेयर वितरित



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : जिला कृष्णा नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुरचरन सिंह राजू के नेतृत्व में गुरद्वारा 13 ब्लॉक गीता कॉलोनी में मुफ्त नेत्र, स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तीन सौ लोगों ने स्वास्थ और आँखों की जांच की गई। गुरचरन सिंह राजू ने कहा इस तरह के स्वास्थ्य जांच शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए कारगार साबित होते हैं। इस मौके पर उन्होंने दिव्यांगों को व्हील चेयर वितरति की। अतिथि के रूप में पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, दिल्ली गुरद्वारा कमेटी के मेंबर सरदार सुखविंदर सिंह सिंह बब्बर मौजूद थे।

## 'इकोनॉमिक सर्वे में महंगाई का कारण बताना सरकार की विफलता"

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार की आम जनमानस के प्रति उदासीनता के कारण देश सहित दिल्ली में भी महंगाई दर आसमान छू रही है।



लोकसभा चुनावों के परिणामों के तुरंत बाद घरेलू जरुरतों की खाने पीने की चीजों के दामों में हुई वृद्धि से साफ हो रहा है कि भाजपा सरकार ने सब कुछ बेलगाम छोड़ दिया है। पूंजीपति मित्रों के निजी सरंक्षण के लिए चिंतित केंद्र सरकार गरीब आदमी थाली को लगातार महंगी कर रही है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि गरीब आदमी की जरुरी सब्जियों के दामों में आई तेजी में टमाटर 100, मिर्च जैसी सब्जी 100 रुपए पार हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी आपसी लड़ाई के चक्कर में गरीब लोगों के हितों पर ध्यान ही नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि प्याज की कीमतों में एक साल की वृद्धि में थोक महंगाई दर जहां जून 2023 में शून्य से 4.31 प्रतिशत नीचे थी, जून 2024 में आसमान छूते हुए 93.35 प्रतिशत तक पहुंच गई है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि चालू वित्त वर्ष का इकॉनोमिक सर्वे पेश करते हुए केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा यह कहना कि टमाटर की फसलों में बीमारी से उत्पादन कम हुआ है समय से पहले मानसून की बारिश और ट्रांसपोर्टेशन में दिक्कत के कारण टमाटर महंगा हुआ है। पिछले वर्ष बारिश के कारण प्याज की फसल खराब होने से प्रभावित हुई और प्याज की बुआई में देरी और खरीफ उत्पादन पर लंबे समय तक सूखे का प्रभाव रहने के कारण प्याज का उत्पादन कम होने से महंगा हुआ है। अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ते हुए केन्द्रीय वित्त द्वारा महंगाई को वैश्विक चिंता का विषय बताना पूरी तरह से देश की जनता को साथ धोखा देना है।

## 'जेल से बेल के खेल में फंसी है सरकार, विकास कार्य ठप'

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज पार्टी के वरिष्ठ नेता सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ एक पत्रकार वार्ता में कहा है की अरविंद केजरीवाल सरकार प्रेस कांफ्रेंसों से चलने वाली सरकार है जिसके शासन में दिल्ली में केवल एक विकास हुआ है, वह है भ्रष्टाचार का विकास। आम आदमी पार्टी के मंत्री, विधायक, पार्षद सब पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहते हैं। मुख्यमंत्री, सांसद, मंत्री, विधायक, पार्षद जेल जा रहे हैं, पूरी केजरीवाल सरकार जेल से बेल के खेल में फंसी है नतीजा विकास कार्य ठप हैं। मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने पत्रकार वार्ता का संचालन करते हुए कहा की आज दिल्ली में सरकार का काम नही केवल भ्रष्टाचार दिखता है। मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल एवं प्रवक्ता न्यूमा गुप्ता भी पत्रकार वार्ता में उपस्थित रहे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा की हरियाणा में अतिशीघ्र चुनाव होने को है और कल हमने आम आदमी पार्टी नेताओं को हरियाणा वालों को कुछ गारंटियां बेचते देखा तो सोचा आज दिल्ली वालों के साथ हरियाणा वालों को भी 2015 से आज तक अरविंद केजरीवाल से दिल्ली वालों को मिली प्रमुख पांच झूठी गारंटियों का विश्लेषण करके बताएं। सचदेवा ने कहा की दिल्ली आज कराह रही है, परिवर्तन मांग रही है, केजरीवाल की सरकार का इस्तीफा मांग रही है। सांसद रामवीर बिधूड़ी ने कहा है की भाजपा विधायकों ने दिल्ली विधानसभा में अनेक बार दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण जैसे मसलों को उठाया पर केजरीवाल सरकार ने चर्चा कर सुधार लाने की जगह हमें विधानसभा से बाहर निकाल कर बोलने से रोका।



- **2015 चुनाव का वादा - 100 स्कूल प्रति वर्ष खोलेंगे...** आज 10 साल बाद एक भी नया स्कूल नहीं खुला है, 2013 के मुकाबले दो स्कूल कम हो गये हैं।
- **2015 का चुनाव वादा था कि 1000 मोहल्ला क्लीनिक खोलना** लेकिन आज बमुश्किल 300 खुले हैं, वह भी अधिकांश पुरानी सरकारी क्लिनिक को लीपपोत कर तैयार किया गया।
- **2015 का वादा था - सबको फ्री बिजली** लेकिन आज दस साल बाद फ्री बिजली केवल खाली फ्लैट मकान को मिला। पीपीएसी एवं पेंशन सरचार्ज घोटाले के चलते आज - दिल्ली वालों के बिजली बिल सबसे ज्यादा हैं।
- **2015 का वादा-सबको फ्री पानी** -आज दिल्ली का गरीब से गरीब आदमी 30 रूपए प्रति बोतल की दर से परिवार को पानी पिलाने को बाध्य है-जल बोर्ड पानी देता नहीं, देता है तो जहरीला गंदा। जिसे कोई पी ना सके, नतीजा हर परिवार पीने का पानी खरीदने को बाध्य है। पानी का कनेक्शन आज दिल्ली में लेना सबसे महंगा है-25 से 100 गज के मकान में प्रति कनेक्शन चार्ज 1.5 लाख रुपए है। यानि 100 गज की बिल्डिंग में चार फ्लैट हैं तो प्रति फ्लैट 1.5 लाख और अगर फ्लैट मध्यम वर्ग का 250 से 400 गज का है तो प्रति कनेक्शन 4 लाख रूपए लेता है दिल्ली जल बोर्ड। इतने अधिक चार्ज लेने वाला जलबोर्ड बदले में देता है गंदा पानी एवं जाम सीवर व्यवस्था और घोटाले।
- **2015 का वादा था-वायु एवं जल प्रदूषण मुक्त दिल्ली।** 2023-24 की सर्दी में 400 से ऊपर का एक्यूआई रहा है और शर्मनाक यह है की आज जुलाई 2024 में जिसे हल्के प्रदूषण का महीना मानते थे उसमे भी एक्यूआई भी 160 से ऊपर पंजीकृत हो रहा है।

## 'आरोप लगाना बंद करे भाजपा दिल्लीवालों के लिए काम करे'

● ***लोगों ने भाजपा के झूठे वादों को देखा, देश में बेरोजगारी और महंगाई उच्चतम स्तर पर***




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आप ने भाजपा के आरोपों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। आप का कहना है कि भाजपा को बेकार के आरोप लगाना बंद करना चाहिए और इसके बजाय सकारात्मक राजनीति और दिल्ली के लोगों के लिए कुछ करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आप ने कहा कि दिल्ली के लोग जानते हैं कि सीएम अरविंद केजरीवाल एक कट्टर ईमानदार नेता हैं जिन्होंने पारदर्शी शासन प्रदान किया है। अपने नागरिकों को मुफ्त बिजली, महिलाओं के लिए बस यात्रा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बुजुर्गों के लिए तीर्थयात्रा और स्वास्थ्य देखभाल सहित कई अन्य सुविधाओं देने के बावजूद दिल्ली के पास राजस्व सरप्लस बजट है। देश के लोगों ने भाजपा के झूठे वादों को देखा है। देशभर में बेरोजगारी और महंगाई अब तक के उच्चतम स्तर पर है। इसके विपरीत दिल्ली में देश में सबसे कम मुद्रास्फीति दर और प्रति व्यक्ति आय सबसे अधिक है। आप का कहना है कि 11 साल से ज्यादा का समय हो गया जब भाजपा सांसदों को दिल्लीवालों ने मौका दिया। क्या भाजपा इस दौरान अपनी एक भी महत्वपूर्ण उपलब्धि बता सकती है? क्या भाजपा अपने शासन के तहत किसी एक राज्य का नाम बता सकती है जिसका राजस्व सरप्लस है या वहां मुफ्त बिजली प्रदान की जाती है?


**नौएडा**
**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हे निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा सम्बंधी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट www.noidaauthorityonline.in एवं UPLC की वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

| (क) | |
|---|---|
| 1. | **11/व0प्र0(जल-II)/ई0टी0/2024-25,** जलकल परिसर सैक्टर-100, 29, 38 व सीवरेज पम्पिंग स्टेशन सैक्टर-28, 38 की मरम्मत, फिनिशिंग व आवश्यक सौन्दर्यकरण एवं सीवरेज पम्पिंग स्टेशन-20, 28, 38, 31, 33 में सीवेज फ्लो मीटर लगाने का कार्य, नौएडा। लागत ₹ 71.48 लाख |
| 2. | **12/व0प्र0(जल-II)/ई0टी0/2024-25,** जलापूर्ति अनुरक्षण (द्वि-वार्षिक आधार पर सैक्टर-150, 168 व कोण्डली के नलकूपों हेतु ट्यूब शाफ्ट, बॉउल एसेम्बली व कॉलम पाईप की मरम्मत किये जाने का कार्य), नौएडा। लागत ₹ 30.35 लाख |
| 3. | **14/व0प्र0(जल-II)/ई0टी0/2024-25,** सीवर सुदृढ़ीकरण (सैक्टर-20, 21, 25 व 26 में मैनहोल कवर फ्रेम लगाने, सीवर सफाई एवं सीवर लाईन मरम्मत का कार्य), नौएडा (दो वर्ष हेतु)। लागत ₹ 45.49 लाख |
| 4. | **16/व0प्र0(जल-II)/ई0टी0/2024-25,** जलापूर्ति अनुरक्षण (सैक्टर-145, 75 में नलकूपों एवं यू.जी.आर.-75 के संचालन का कार्य), नौएडा (दो वर्ष हेतु)। लागत ₹ 32.72 लाख |
| 5. | **18/व0प्र0(जल-II)/ई0टी0/2024-25,** सीवर अनुरक्षण (सैक्टर-21ए स्टेडियम में मैनहोल कवर फ्रेम लगाने, सफाई, एम.एस. जाल एवं अन्य सीवर सम्बन्धी कार्य), नौएडा (दो वर्ष हेतु)। लागत ₹ 31.13 लाख |
| 6. | **19/व0प्र0(जल-II)/ई0टी0/2024-25,** जलापूर्ति अनुरक्षण (द्वि-वार्षिक आधार पर सैक्टर-168, 150 व ग्राम-कोण्डली के 04 नग ट्यूबवैल एवं भूमिगत जलाशय के संचालन किये जाने का कार्य), नौएडा। लागत ₹ 65.43 लाख |
| 7. | **20/व0प्र0(जल-II)/ई0टी0/2024-25,** सीवर अनुरक्षण (सैक्टर-88 व ग्राम-याकूबपुर में सुपर सकर मशीन के द्वारा गहरी सीवर लाईन की सफाई कराये जाने का कार्य), नौएडा। लागत ₹ 65.16 लाख |
| 8. | **21/व0प्र0(जल-II)/ई0टी0/2024-25,** जलापूर्ति अनुरक्षण (सैक्टर-22, 23, 24 एवं ग्राम-चौड़ा रघुनाथपुर, सादतपुर में पी.वी.सी. पानी की लाईन मरम्मत का कार्य), नौएडा (दो वर्ष हेतु)। लागत ₹ 56.98 लाख |

जिन्हें दिनांक **05.08.2024** को **सायं 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक **06.08.2024** को **प्रातः 11.00 बजे** खोली जाएगी।

| (ख) | |
|---|---|
| 1. | **10/व0प्र0(जल)-I/2024-25,** सीवर अनुरक्षण (नेटवर्क सैक्टर-08 से 12, 14 से 16, 14ए से 16ए स्थित सीवर संस्थान जैसे-सम्पवैल, एस0पी0एस0 आदि पर स्थापित 50, 75 व 90 एच0पी0 सब्मर्सिबल मोटर, स्ट्रार्टर एवं ट्रान्सफॉर्मर इत्यादि उपकरणों की द्विवार्षिक आधार पर मरम्मत/अनुरक्षण का कार्य) नौएडा। लागत ₹ 88.30 लाख |
| 2. | **11/व0प्र0(जल)-I/2024-25,** जलापूर्ति अनुरक्षण (नेटवर्क सैक्टर-1 से 7 में स्थित नलकूप एवं भूमिगत जलाशयों पर स्थापित ट्यूब शॉफ्ट की द्विवार्षिक आधार पर मरम्मत/अनुरक्षण का कार्य) नौएडा। लागत ₹ 45.81 लाख |
| 3. | **12/व0प्र0(जल)-I/2024-25,** जलापूर्ति अनुरक्षण (नलकूप संख्या-1/2 से ग्राम-हरौला में संगम आवास, ज्ञान सरिता पब्लिक स्कूल व पाल मोहल्ला तक तथा सैक्टर-3 में भूखण्ड सं0-बी-1 से बी-11 तक 90 एम0एम0 व्यास व 110 एम0एम0 व्यास की जलापूर्ति लाईन बिछाने का कार्य) नौएडा। लागत ₹ 44.64 लाख |

जिन्हें दिनांक **29.07.2024** को **सायं 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक **30.07.2024** को **प्रातः 11.00 बजे** खोली जाएगी।

**महाप्रबन्धक (जल)**
**नौएडा**

**स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा**


## महरौली के गांवों में 10 करोड़ से हो रहे विकास कार्य : राय




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : महरौली विधानसभा के गांवों में दिल्ली सरकार लगभग 10 करोड़ रुपए से विकास के कार्य करवा रही है। इस बात की जानकारी दिल्ली के पर्यावरण एवं विकास मंत्री गोपाल राय ने महरौली में आयोजित विकास सभा को संबोधित करते हुए कही। मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा लगभग 10 करोड़ रुपए से महरौली विधान सभा के गांवों में विकास कार्य किया जा रहा है। दिल्ली के गांवों के विकास से संबंधित कार्यों के लिए सरकार ने 900 करोड़ रुपए का बजट रखा है। इस दौरान महरौली विधानसभा के विधायक नरेश यादव और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग और वन विभाग के अधिकारी मौजूद थे। विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी जरूरी है। इसलिए हमारी सरकार ने जहां विकास-वहां हरियाली थीम पर सभी विधानसभा में पौधरोपण और पौधा वितरण अभियान शुरू किया है। उसी के तहत महरौली विधानसभा में लोगों के बीच विकास सभा के दौरान पौधे का वितरण किया गया। इस साल 7 लाख 74 हजार से ज़्यादा निशुल्क पौधे वितरित किये जाएंगे। वृक्षारोपण अभियान के तहत इस साल 64 लाख से ज्यादा पौधे लगाने और वितरण का लक्ष्य तय किया गया है, जिसे सभी हरित एजेंसी सहयोग से पूरा किया जाएगा।

## सोमनाथ की याचिका में स्पेलिंग की बहुत गलतियां हैं: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नई दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के निर्वाचन को चुनौती देने वाली आम आदमी पार्टी नेता सोमनाथ भारती की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि याचिका गलतियों से भरी है और उसमें स्पेलिंग मिस्टेक हैं। न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने कहा कि याचिका पर नोटिस नहीं जारी किया जा सकता है क्योंकि कुछ समझ नहीं आ रहा है। कोर्ट ने याचिका में की गई गलतियों को सुधारने को कहा और मामले को 13 अगस्त के लिए सूचीबद्ध कर दिया। कोर्ट ने कहा कि याचिका की जांच से पता चलता है कि प्रकाशन संबंधी कई त्रुटियां हैं। सोमनाथ भारती ने अपनी याचिका में कहा है कि रिटर्निंग ऑफिसर के अनुसार उन्हें 3,74,815 वोट मिले, जबकि स्वराज को 4,53,185 वोट मिले। भारती ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 80 और 81 के तहत नई दिल्ली से लोकसभा के सदस्य के रूप में स्वराज के चुनाव को चुनौती देते हुए दायर की है। भारती ने आरोप लगाया है कि कि लोकसभा चुनाव के दौरान स्वराज व उनके चुनाव एजेंट की सहमति से अन्य व्यक्तियों द्वारा किए भ्रष्ट आचरण अपनाया है। सोमनाथ भारती ने आरोप लगाया कि आप के पूर्व मंत्री राज कुमार आनंद वैसे तो बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार थे, लेकिन वास्तव में उन्हें याचिकाकर्ता के खिलाफ उनकी मदद करने के लिए स्वराज की पार्टी द्वारा खड़ा किया गया था।



## विधायक की याचिका में गलतियों पर भाजपा ने कसा तंज

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि विधायक सोमनाथ भारती द्वारा दायर की गई चुनाव याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय की प्रतिकूल टिप्पणियों ने दिखा दिया है कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में असफल रहे सोमनाथ भारती न तो एक अच्छे जनप्रतिनिधि हैं और न ही एक सक्षम अधिवक्ता। दिल्ली भाजपा ने कल कहा था कि सोमनाथ भारती ने चुनाव याचिका सिर्फ खबरों में बने रहने के लिए दायर की है और हम सही साबित हुए हैं क्योंकि कोर्ट ने देखा कि याचिका सही तरीके से नहीं बनाई गई है और विचार करने से पहले इसमें सुधार की जरूरत है। दिल्ली के लोग अधिवक्ता सोमनाथ भारती के मसौदे के निम्न स्तर को देखकर हैरान हैं और हम अच्छी तरह से समझ सकते हैं कि जब वे खुद के लिए एक सही याचिका दायर नहीं कर सके तो वे अपने क्लाइंट के लिए किस प्रकार का काम कर रहे होंगे। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि आज सोमनाथ भारती की याचिका को कोर्ट द्वारा नजरअंदाज किया जाना भी दिखाता है कि अरविंद केजरीवाल अपनी पार्टी के इन-हाउस वकीलों पर भरोसा क्यों नहीं करते और कांग्रेस पार्टी के वकीलों की मदद लेते हैं।



## भाजपा सांसदों ने दिल्ली की समस्याओं को संसद में उठाया



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : आज लोकसभा में बजट सत्र के पहले दिन उत्तर पश्चिम दिल्ली से सांसद योगेन्द्र चंदोलिया एवं पश्चिम दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत ने अपने संसदीय क्षेत्रों की समस्याओं को उठा कर उनके समाधान की मांग की। कमलजीत सहरावत ने आज मानसून सत्र के पहले दिन शून्यकाल में पश्चिमी दिल्ली लोकसभा की ट्रैफिक जाम की समस्या को हल करने के लिए नजफगढ़ से ढांसा बॉर्डर तक और नजफगढ़ से नांगलोई तक मेट्रो का विस्तार करने और दिल्ली में मोनो रेल की शुरुआत करने का प्रस्ताव संसद पटल पर रखा। सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने नियम 377 के अंतर्गत किराड़ी, बवाना सहित उत्तर पश्चिम दिल्ली में भारी जलभराव के मुद्दे को लोकसभा में उठाया और जलभराव पर दिल्ली सरकार की लापरवाही से हुई मृत्यु पर खेद प्रकट करते हुए समाधान की मांग की।

## 'जीएचपीएस के पतन के लिए भ्रष्ट नेताओं की जवाबदेही हो तय'

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के प्रमुख सिखों ने गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल (जीएचपीएस) सामुदायिक संस्थाओं के गिरते स्तर पर चर्चा करते हुए कहा है कि इसके लिए दिल्ली कमेटी के भ्रष्ट नेताओं की जवाबदेही तय होने की बात पर सहमति बनी। इस दौरान यहां मौजूद लोगों ने स्कूल की जवाबदेह ठहराने की कसम भी खाई।बैठक को संबोधित करते हुए हरविंदर सिंह सरना ने कहा कि हम अपने समय के गौरवशाली शैक्षणिक संस्थानों की अवनति के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तलाश करेंगे। हमारा लक्ष्य फंड जुटाने और जीएचपीएस जैसी विरासत संस्थाओं को पुनर्जीवित करने के लिए भ्रष्ट नेताओं की संपत्तियों की नीलामी करना होगा। इस दौरान अमरजीत सिंह चंढोक, हरदीप सिंह बंगा, मनजीत सिंह जीके, करतार सिंह चावला, जतिंदर सिंह साहनी, कुलतरान सिंह कोछड़, तजिंदर सिंह गोपा, युवा नेता रमणदीप सिंह सोनू आदि शामिल रहे। परमजीत सिंह सरना ने कहा कि सिख शैक्षणिक संस्थानों का पुनरुद्धार हमारा प्रमुख मिशन है। हमारे सामूहिक प्रयास किसी भी व्यक्ति के लिए जो व्यक्तिगत लाभ के लिए इन संस्थानों को नष्ट करने की कोशिश करेगा, एक निवारक के रूप में कार्य करेंगे। बैठक के समापन पर दिल्ली अकाली दल के प्रमुख और पूर्व डीएसजीएमसी अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।



## दिल्ली कमेटी सरना बंधुओं के खिलाफ अकाल तख्त को करेगी शिकायत

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के जनरल सेक्रेटरी जगदीप सिंह काहलो ने सोमवार को कहा कि कमेटी की ओर से सरना बंधुओं के खिलाफ श्री अकाल तख्त साहिब के जथेदार सिंह साहिब ज्ञानी रघबीर सिंह को शिकायत देकर मांग की जाएगी कि इनके आरएसएस से संबंधों की जांच करवाई जाए। इस दौरान दिल्ली कमेटी के उपाध्यक्ष आत्मा सिंह लुबाना, शिअद दिल्ली स्टेट के प्रधान एमपीएस चड्ढा और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।उन्होंने कहा कि सरना भाइयों ने कल दिल्ली के निजी होटल में बैठक की थी जिसमें हरविंदर सिंह सरना ने दावा किया कि 2022 के चुनावों के समय आरएसएस के प्रधान और अधिकारी उनके घर आए थे और कहा था कि पार्टी और संघ दोनों चाहते हैं कि अगला प्रधान परमजीत सिंह सरना बनें। बेशक, हम उनकी बातों में नहीं आए, इसलिए प्रधान नहीं बने। उन्होंने कहा कि जो बैठक बुलाई गई थी उसका एजेंडा था कि स्कूलों का सुधार कैसे हो सके। काहलो ने कहा कि पिछले करीब 22 सालों से 12 साल तक आप दोनों सरना भाई प्रधान रहे और फिर 6 साल मनजीत सिंह जीके प्रधान रहे। उन्होंने कहा कि जो पैसे आप दावा कर रहे हैं कि आप छोड़ कर गए, उसका जवाब आप मनजीत सिंह जीके से मांगें।



# पंजाब केसरी क्लासीफाइड

## आवश्यकता

SSS India एम्बुलेंस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी आवश्यकता है वेलडर, फिटर, पेंटर, कारपेंटर, बस बॉडी मिस्त्री एक्सपीरियंस सैलरी 12,000-20,000/-, निकट हनुमान चौक, जगतपुर वजीराबाद दिल्ली 8743908666. 1255550

## पोल्ट्री

एनईसीसी दिल्ली क्षेत्र में आज (22.07.2024) के लिए सुझाया गया फार्म-गेट अण्डे का रेट ₹ 500/- रुपये प्रति 100 अण्डे (व्यापार और उद्योग की जानकारी के लिए) है। 1250396

## नाम परिवर्तन

**I, Narayan Dev** Mishra R/o A–2203 Gardenia Square Crossing Republic Ghaziabad PIN – 201016, Confirm that I have changed my minor daughter's name from Alankrati to Alankrati Mishra. 1255631

**I, GS-186687L,** Rank: EQPT MECH, (GREF), Raghaw Jee Pandey, R/o I-796, Gali No-13, Hari Nagar Ext. Badarpur, New Delhi-110044, declare that, vide Affidavit No. IN-DL22111299629487W dated: 21.07.2024, Date of birth of my wife, Munni Devi has corrected as 15.01.1967. 1255630

**I, Paramjeet Kaur** W/o Harjeet Singh, R/o 77B, Lal Qtrs, West Punjabi Bagh, New Delhi-110026, declare that my name and date of Birth has been wrongly mention in my 8th Marksheet as Baby 14.08.1978, instead of Paramjeet Kaur 14.08.1980 for all Future purposes. 1255619

**I, Chetna W/o** Suresh Kumar Ahuja R/o B-4/23-24, 3rd Floor, Sector-17, Rohini, Delhi-110089, have changed my name to Chetna Ahuja for all purposes. 1255633


**I, Mohmmad Tariq** Ayyubi Inform that I have change my name to Mohammad Tariq in Future know & call me Mohammad Tariq S/o Tahir Hasan R/o Peer Wali, Gali No. 26, Gaus Nagar, Amjad Nagar Saharanpur, up. 1255634

**अपना नाम NAZMA** SHAKOOR KHAN से बदल कर NAZMA SHAKOOR कर लिया है, भविष्य में मुझे NAZMA SHAKOOR W/o MOHD SUHAIL Khan के नाम से जाना जाए। 1255638

**I, Vijendra Kumar** Alias Vijinder Kumar S/o Gopi Ram R/o Plot No 73, Pocket-28, Sector-24, Rohini New Delhi-110085, have changed my name to Vijender Kumar Bansal for all purposes. 1255623

**I, Jiyaa Sachdeva** D/o Gautam Sachdeva R/o 15/100, Third Floor, Subhash Nagar, New Delhi-110027 have changed my name to Jiyaa Gautam Sachdeva for all purposes. 1255622

**I, hitherto known** as GUNJAN VAISH aliasGUNJAN S/o VED PRAKASH residing at 267 - BAGHKARE KHAN, KISHAN GANJ, DELHI 110007, have changed my name and shall hereafter be known as GUNJAN VAISH. 1255621




## नाम परिवर्तन

**I hitherto known** as Chunibadi alias Anita D/O Ram Ashre W/O AVADH BIHARI, R/o Kh. No. 164, SURAJ VINDHAR, VTC: Ilaichipur, PO: Loni, District: Ghaziabad, Uttar Pradesh- 201102, have changed my name and shall hereafter be known as ANITA. 7000007

**मैं, फ्लोरा गुलशन निर्माण** पुत्र निर्मान फ्लोरा निवासी ई-1506, एलीट होम्ज़, सेक्टर-77, नोएडा, यूपी-201301, ने बदलकर गुलशन फ्लोरा कर लिया है। 7000006

**I, Anshul** Varshney R/o DRSA-29, NPL Colony, New Rajinder Nagar, Central Delhi-60, have changed my minor daughter's name from Prisha Varshney to Deevisha Varshney. 7000005

**I, Rakesh Kumar** Gautam R/o Sidhauli, Jagadara, Ballia (U. P), have changed my daughter's name from Kumari Ananya to Ananya. 7000004

**I, Subhash Chand** Saini alias Subhash Saini S/o Sita Ram Saini R/o E-251, Gali No.01, Rahul Vihar-1, Ghaziabad , Uttar Pradesh-201001 have changed my name to Subhash Saini for all purposes. 1255620

**I, Ashma W/o Jai** Nisar Mirza R/o B-126, Mange Ram Park, Budh Vihar Phase-1, Delhi-110086 have changed my name to Ashma Mirza. 1255636

**I Gauri Sharma** D/o Lt.Sh. Chandgi Ram R/o H.No.A-11 Pratap Vihar Part-II kirari Suleman Nagar North West Delhi-110086 declare that due to Mistake in my Educational Documents My Name Has Wrongly Mentioned As Gora Sharma. That My Correct Name is Gauri Sharma. That Gora Sharma and Gauri Sharma is same and one person. 1255635

**I, Ankur Bhanot** S/o Ravinder Bhanot R/o RZD-1/136, Gali No.-5, Mahavir Enclave Part 1, South West Delhi, Delhi-110045, have changed my name to Ani Bhanot. 1255639

**I, Dinesh Kumar** S/o Chetan Swarup, born on 04-02-68 R/o HNo-49, Sec-15, Sonipat, HR-131001. have changed my name to Dinesh Kumar Kuchhal for all future purposes vide Affidavit .TOF2023 G416. Above both names are of same person. 1255629

**I, Shaheen Iqbal,** S/o Mohammad Samim Uddin, R/o 302, 2nd flr, Plot 234, Ramesh park, Delhi-92, have changed my name to Mohammad Shaheen Iqbal. 1255628

**I, Sonali Luthra** D/o Daya Krishan Joshi R/o R-544, First Floor, New Rajender Nagar, Delhi-110060, have changed my name from Sonali Luthra to Sonali for all purposes. 1255627

## नाम परिवर्तन

**I, Ram Mehar alias** Rambeer Singh S/o Nafe Singh, R/o Kh. No. 46/10/2,47/6/2, Gali No. 5B, Gonda Road, Swatantra Nagar, Narela, Narela, North NCT of Delhi-110040, have changed my name to Rambir Singh. 7000002

**I, Chotoo S/o Ram** Babu Gupta R/o Nagla Darvar Aligarh , Gonda Uttar Pradesh -202123, have changed my name and shall hereafter be known as Kush Gupta. 7000001

**I, Manjeet singh** S/o Maharaj kishan R/o 470/15 Joshi Road, Karol bagh, confirm that Manjeet Singh Sikri & Manjeet Singh are one & same person. 1255626

## खोया-पाया

**We, Krishan Gopal** S/o Late Sh. Raghu Bansh Sharma and Mridula Bhardwaj W/o Late Sh. Anil Bhardwaj R/o H.No. 888 Block E Saraswati vihar, Pitam Pura, New Delhi-110034, have lost the original property paper of Perpetual sub Lease of 888 Block E Saraswati Vihar, Pitam Pura, New Delhi-110034. If anyone found please contact 9811862228. 7000003

## सार्वजनिक सूचना

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that my clients Sh. Mam Chand Kaushik S/o Sh Birbal Kaushik and his wife Mrs. Vijay Laxmi both R/o RZ 444 A/5 Gali no 16-J, Sadh Nagar, Palam colony, New Delhi 110045, have disowned and disinherited their son Yogesh kaushik, his wife Smt. Manju Kaushik and their adopted son Raj Aryan Kaushik from all their properties moveable and immovable, whatsoever and wheresoever situated and also severed all their relations, social and economical with them. Anybody dealing with them shall be at his / her /their risks and my clients shall not be responsible for the same. Sd./- (PARTAP SINGH) Advocate Chamber NO. 410, Dwarka Courts, New Delhi

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल अकील अहमद पुत्र श्री नसीम अहमद निवासी मकान नं. F-51, गली नम्बर-2, चांद बाग, दयालपुर, दिल्ली-110094 ने अपने पुत्र मोहम्मद फरहान को उसके गलत आचरण व गलत चाल-चलन के चलते अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है व सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिए हैं और मेरे मुवक्किल व उनके अन्य परिवार के सदस्य उपरोक्त मोहम्मद फरहान के किसी भी कार्य, कानूनी वाद-विवाद आदि के लिए भविष्य में उत्तरदायी नहीं होंगे यदि इनसे कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का लेन-देन इत्यादि करता है तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे मुवक्किल व उनके अन्य परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

द्वारा अधिवक्ता
-हस्ताक्षर/-पवन कुमार

**सार्वजनिक सूचना**

[illegible]

-हस्ताक्षर/-, अधिवक्ता
[illegible]

**PUBLIC NOTICE**

My client Sh. Ravi Aggarwal S/o Late Sh. Ram Shran, R/o C-1697, Jahangir Puri, Delhi-110033 have severed his all relation with his son Sh. Nitin Aggarwal S/o Sh. Ravi Aggarwal have disowned, debarred him from all his moveable and immoveable properties because his son has been misbehaving with him, abusing him and not caring for his necessities of life. If any person deals with Nitin Aggarwal he/they shall do so at his/their own risk and responsibility and my client will not be responsible for the same. Sd./- Rahul Jain (Advocate)

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that, I RATIKA MOHANIA #RATIKA ARYA, D/O PURUSHOTTAM LAL ARYA, EX-WIFE OF DHEERAJ MOHANIA, PRESENT RESIDING AT [illegible], FF, SAWAN PARK EXTN., NEAR DELHI GOVT. DISPENSARY, ASHOK VIHAR PHASE-3, WAZIRPUR, ASHOK VIHAR, DELHI-110052, declare that I got divorce from my husband vide court decree dated [illegible] in HMA No. [illegible], further I have changed my name and shall hereafter be known as RATIKA ARYA in future for all purpose. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection. Sd./-RATIKA ARYA

## पाठकों को परामर्श

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि वे विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई कार्रवाई करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच स्वयं ही अवश्य कर लें, क्योंकि 'पंजाब केसरी' विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे की सच्चाई का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन–देन के लिए यह समाचार पत्र उत्तरदायी नहीं होगा।

## सार्वजनिक सूचना

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किला श्रीमती [illegible] पत्नी स्व. श्री सुन्दर लाल निवासी मकान नं. 2, [illegible], [illegible], तीस हजारी, सिविल लाईन, नॉर्थ दिल्ली-110054 ने अपने पुत्र नवीन लाल को उसके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में कोई व्यक्ति इसके साथ किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन तथा कानूनी कार्यवाही के लिये मेरी मुवक्किला व उसके परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। Sd./-CHANDER SHEKHAR, Advocate. Enrl. No. D/2338/2012, Chamber No. V-38-A. Western Side Tis Hazari Court, Delhi-110054

**PUBLIC NOTICE**

My client Smt. Sampada Devi Semwal W/o late Shri Tulsi Ram Semwal R/o H.No. G-35, Gali no.1, Rajapuri Som Bazar Road, Uttam Nagar, West, Delhi-59 have disowned and debarred her son Shri Surendra Prasad Semwal son of late Shri Tulsi Ram Semwal and his wife Smt. Anju Semwal, who are residing at the said premises from their moveable and immovable properties from the date of publication due to their cruel and aggressive behavior, and my client has severed all her relationship with her because of their violent, cruel, aggressive and abusive conduct towards my client, my client shall not be responsible for all the acts, deeds and things done by both of them in future. Sd./- Neha Tyagi (Advocate), Ch. No. 159, 1st floor, Western Wing, Tis Hazari, Courts, Delhi-54

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I Ali Hussain S/o Shubh Rati Khan R/o Gali No-24, Mangal Bazar Road, Rama Vihar, Mohammd Pur Majri, North West Delhi-110081 declare that name of my father and my mother has been wrongly written as Munna Lal and Aysha Khatoon in my 10th class educational documents. The actual name of my father and my mother are Shubh Rati Khan and Esha Khatun respectively which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

General public is hereby informed that my clients namely Shri Rohtas Singh S/o Shri Gopi Ram and his wife Gayatri Devi R/o 17, Kotla Village, Tilang pur Kotla, West Delhi, Delhi-110043 have severed their all relations with their son Shri Neeraj @ Bunty Sehrawat due to their bad habit, misbehave, harassment and mental torture to my clients. Both of my above named clients have also disowned and debarred their son from all their movable and immovable properties with immediate effect. Shri Neeraj @ Bunty Sehrawat or any other person extends threatened to implicate my clients in false cases and they are totally out of control of my clients. In future my clients shall not be responsible for any acts and deeds with said Shri Neeraj @ Bunty Sehrawat shall be doing so at his/ its own risks. Sd./- Ashok Kumar Mishra, (Advocate), Chamber No: 483, Lawyer's Chamber, Dwarka District Court Complex, Sector-10, New Delhi-110075

**PUBLIC NOTICE**

My clients Mohd. Kifait S/o Ishe Khan & Smt. Jannati W/o Mohd. Kifait R/o 230, Block-F, CPWD Colony, Thyagraj Nagar, New Delhi-110003. "My client Mohd. Kifait S/o Ishe Khan & Smt. Jannati W/o Mohd. Kifait disown their son Taj Mohammad & his wife Smt. Nida Fatima from their all movable and immovable properties and they will not be responsible in future for their any act and behavior of with anybody in any capacity what so ever." Sd./- Arun Kumar Shukla, Advocate.




**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री हीरा सिंह सुपुत्र स्व. श्री जगदीश पता-C-7, नारायण कुंज, बर्मला, लोनी, गाजियाबाद, उ.प्र. ने अपने नियन्त्रण में नहीं के कारण, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष समस्त संबंध समाप्त कर लिया है। कुंदन से व्यवहार, व्यापार पैसे की लेन-देन आदि करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा मुवक्किल श्री हीरा सिंह, कुंदन के किसी भी प्रकार के व्यवहार, व्यापार, पैसे के लेन-देन का जिम्मेवार नहीं होगा। हस्ता./- राजेश वशिष्ट (अधिवक्ता), चैम्बर नं. 779, वेस्टर्न विंग, तीसहजारी कोर्ट, दिल्ली-110054

## कोर्ट नोटिस

**कोर्ट नोटिस**

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायद 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना दावा न्यायधिकरण गौतमबुद्धनगर

एम.ए.सी. सं.- 186 सन् 2022

राकेश कुमार तोमर उम्र करीब 49 वर्ष पुत्र उदयपाल सिंह निवासी मो. नाईंरंगरेजान, वार्ड नं. 02 रबूपुरा रुरल थाना रबूपुरा तह. जेवर जिला गौतमबुद्धनगर। ---याची

बनाम

3. रोहित शर्मा पुत्र हरीओम शर्मा निवासी-ए-1/डी-82 मयूर विहार फेस 3, दिल्ली पिनकोड नं. 110096 (चालक व स्वामी दुर्घटना कारित मारुति अर्टिका कार नं. डी.एल.-14, सी.सी. 6524)

4. टाटा ए.आई.जी. जनरल इंश्योरेंश कंपनी लि. डिविजनल ऑफिस यूनिट नं. 810-816, 8 फ्लोर वर्ड ट्रेड टावर प्लॉट नं. सी-001 सेक्टर-16, नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर पिनकोड नं. 201301 (बीमाकर्ता दुर्घटना कारित मारुति अर्टिका कार नं. डी.एल.-14 सी सी 6524) ---प्रतिवादी

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 06 माह 08 सन् 2024 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात में करार वाकई वाफिक किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावा की करें और आपका लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकद्दमा बगैर हाजिरी आप मसमूअ और फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 17 माह 07 सन् 2024 ई. जारी किया गया।

हस्ता./-न्यायालय व महोर
पीठासीन अधिकारी
मोटर दुर्घटना दावा न्यायधिकरण
मुहर गौतमबुद्धनगर

## सार्वजनिक सूचना

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल श्री महावीर सिंह पुत्र श्री महीलाल सिंह निवासी ए-100/8, गली न.12, गावडी एक्सटेंशन दिल्ली-110053, अपने पुत्र कमल किशोर उम्र (30) के दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं उसके किसी भी कार्य/लेन-देन या कोई व्यवहार करता हैं तो वह अपने जोखिम पर करेगा, मेरे मुवक्किल की इसमे कोई जिम्मेदारी नहीं होंगी।
SANJAY KUMAR (Advocate)
A-440, Main Som Bazar Road, 4½, Pusta, Delhi-53

## कोर्ट नोटिस

**कोर्ट नोटिस**

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायद 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना दावा न्यायधिकरण गौतमबुद्धनगर

एम.ए.सी. सं.- 187 सन् 2022

लालशा तोमर उम्र करीब 47 वर्ष पत्नी राकेश कुमार तोमर, निवासी मो. नाईंरंगरेजान, वार्ड नं.-02 रबूपुरा रुरल थाना रबूपुरा तह० जेवर जिला गौतमबुद्धनगर। याची

बनाम

1. रोहित शर्मा पुत्र हरीओम शर्मा निवासी-ए-1/डी-82 मयूर विहार फेस-3 दिल्ली पिनकोड नं.- 110096 (चालक व स्वामी दुर्घटना कारित मारुति अर्टिका कार नं०. डी.एल.-14 सी. सी.6524)

2. टाटा ए०आई०जी० जनरल इंश्योरेंश कम्पनी लि० डिविजनल ऑफिस यूनिट न०-810-816, 8 फ्लोर वर्ड ट्रेड टावर प्लॉट न०-सी-001, सैक्टर-16 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर पिनकोड नं0-201301 (बीमाकर्ता दुर्घटना कारित मारुति अर्टिका कार नं०. डी०एल०-14 सी सी 6524) प्रतिवादी

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 06 माह 08 सन् 2024 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकद्दमे के हालात से करार वाकई वाफिक किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावा की करें और आपका लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकद्दमा बगैर हाजिरी आप मसमूअ और फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 17 माह 07 सन् 2024 ई. जारी किया गया।

हस्ता./-न्यायालय व महोर
पीठासीन अधिकारी
मोटर दुर्घटना दावा न्यायधिकरण
मुहर गौतमबुद्धनगर

**COURT NOTICE**

(U/o 5 Rule 20 CPC)
(Under Guardian and ward Act.)
IN THE COURT OF
Sh. Saurabh Gupta
Civil Judge (Senior Division), Gurugram
Priyanka Matta Bahri
Vs.
General Public
CNR No. HRGR02-003245-2024
Next Date :- 29.08.2024
NOTICE TO :
GENERAL PUBLIC AT LARGE

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 29.08.2024 at 10:00 a.m. For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_Notice_&_district=Gurugram

-Sd./-, Civil Judge
(Senior Division),
Seal Gurugram
Dated this day of 20.07.2024

**अपने विज्ञापन के लिए चुनिए सही शीर्षक**

- डिटेक्टिव सर्विस
- पासपोर्ट/वीजा
- पैकर्स एण्ड मूवर्स
- विज्ञापन संबन्धी
- कैटरर्स
- कूरियर
- कंसलटैंसी
- विविध सेवाएँ
- इंटीरियर डेकोरेशन
- पैस्ट कन्ट्रोल
- कानूनी
- वास्तु
- ज्योतिष
- ब्यूटी पार्लर
- हैल्थ क्लब
- चिकित्सा
- रेकी
- टूर एण्ड ट्रैवल्स
- एस.टी.डी./पी.सी.ओ.
- रजिस्ट्रेशन/ट्रेडमार्क
- रेफ्रीजरेशन
- एयरकंडीशनिंग

# पंजाबी बाग हादसा



**ज्यादातर घायलों को मिला उपचार, पुलिस सीसीटीवी की मदद से कर रही मामले की जांच**

# पिलर से बस टकराने के बाद मचा हाहाकार, एक की हालत गंभीर

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पंजाबी बाग इलाके में डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस मेट्रो पिलर से टकराने के बाद बस में हाहाकार मच गया। चारों तरफ चीखने चिल्लाने व मदद के लिए गुहार लगाने की आवाज सुनाई दे रही थी। लोग दर्द से तड़पने के साथ-साथ रो रहे थे। हादसे के बाद राहगीरों ने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई। 24 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने सबीता (45) को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में शरीफ (55) गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका आईसीयू में उपचार



चल रहा है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि घायलों में से 20 लोगों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक, सोमवार सुबह करीब 07:42 बजे, शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन, रोहतक रोड के पास एक बस दुर्घटना के संबंध में पंजाबी बाग थाना पुलिस को पीसीआर कॉल मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस मंगोलपुरी और आनंद विहार के बीच रूट 939 पर चलती है।

सुबह वह मेट्रो पिलर नंबर 146 से टकरा गई। अचानक ब्रेक लगाने के कारण एक ऑटो पीछे से बस से टकरा गया। हादसे में 24 लोग घायल हो गए। 14 यात्रियों को महाराजा अग्रसेन अस्पताल व 10 यात्रियों को आचार्य श्री भिक्षु अस्पताल में भर्ती कराया गया। अग्रसेन अस्पताल में डॉक्टरों ने सबीता को मृत घोषित कर दिया। घायल शरीफ का अग्रसेन अस्पताल के आईसीयू में उपचार चल रहा है।

### पासबुक से हुई महिला की पहचान

पुलिस अधिकारी ने बताया कि सबीता, सुल्तानपुरी इलाके में परिवार के साथ रहती थी। वह नगर निगम में काम करती थी। पुलिस को सबीता के पास से एक पासबुक मिली थी, जिसके बाद उसकी पहचान हो सकी। पहचान होने के बाद पुलिस ने उसके परिजनों से संपर्क किया। उनके पति की मौत हो चुकी है। परिवार में दो बच्चे और दोनों शादीशुदा हैं। वहीं हादसे में घायल शरीफ निहाल विहार का रहने वाला है। पुलिस को उसके बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं मिली है। पुलिस हादसे में घायल अन्य लोगों से भी संपर्क कर मामले की छानबीन कर रही है।

**हादसे में बस चालक व कंडक्टर भी घायल...** पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हादसे में बस चालक राहुल भी घायल हुए थे। उन्हें मामूली चोट आई है। उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) 281/125/101 के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि बस के आगे अचानक बाइक आ गई थी। बाइक को बचाने के चलते हादसा हुआ।



### ऑटो सवार परिवार जा रहा था अस्पताल

पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे के वक्त ऑटो में दंपति और उनकी बेटी सवार थीं। ऑटो उस्मान चला रहा था और पीछे उसकी पत्नी शाहजहां और बेटी नेहा बैठी थीं। वह निहाल विहार इलाके में परिवार के साथ रहता है। उनकी पत्नी बीमार है। वह उसे लेकर सर गंगा राम अस्पताल जा रहा था। इसी दौरान वह हादसे की चपेट में आ गए। उस्मान को गंभीर चोट लगी है।

**बस की रफ्तार थी काफी तेज...** हादसे में बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। बस के आगे का शीशा टूटकर सड़क पर गिर गया। आंशका जताई जा रही है कि बस की रफ्तार काफी तेज थी।

**बस की कराई जाएगी जांच...** बस की यांत्रिक जांच कराई जाएगी पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे की सूचना के बाद मौके पर निरीक्षण के लिए क्राइम को टीम बुलाया गया। उनकी रिपोर्ट आने की इंतजार किया जा रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे का कारण जानने के लिए बस का यांत्रिक निरीक्षण भी कराया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभाग को सूचना दे दी गई है। फिलहाल पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। पजांबी बाग थाना पुलिस ने संबंधित धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**पहले भी हुए हादसे...** कीर्ति नगर इलाके में रिंग रोड पर डीटीसी की एक बस पलट गई थी। हादसे में 15 यात्री घायल हो गए थे। लेकिन गनीमत रही कि किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई थी। इससे पहले गत एक अप्रैल को राजौरी गार्डन रिंग रोड पर बस डिवाइडर पर लगे लोहे के खंभे से टकरा गई थी, जिसमें 18 लोग घायल हुए थे। इसके अलावा दिल्ली के अलग–अलग इलाकों में पिछले 6 महीने में दर्जनभर से अधिक डीटीसी बस हादसे का शिकार हो चुकी है।

# छात्र की आंख में चोट लगने से गई रोशनी!

## परिजनों ने पुलिस और स्कूल प्रशासन पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): जामिया नगर स्थित नूर नगर सर्वोदय विद्यालय में आठवीं कक्षा के एक छात्र की आंख में संदिग्ध हालात में कांच या लोहे का टुकड़ा लग गया। आंख से खून निकलने पर उसे एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां उनकी आंख की सर्जीर हुई। बताया जा रहा है कि पीड़ित छात्र सुफियान सलमानी (13) के आंख की रोशनी लगभग चली गई है। उस पर अंधेपन का खतरा मंडरा रहा है। डॉक्टर एक और सर्जरी के बाद छात्र की आंख की रोशनी लाने का प्रयास करेंगे।

वहीं, पीड़ित छात्र के परिजनों ने स्कूल प्रशासन और पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। परिजनों का आरोप है कि उनके बेटे को गंभीर चोट लगी थी। मगर फिर भी स्कूल की टीचर या प्रिंसिपल ने उनके बेटे की सुध नहीं ली। जबकि स्कूल के अंदर टीचर और प्रिंसिपल पर छात्रों की जिम्मेदारी होती है। मगर उन्होंने अपनी कोई जिम्मेदारी नहीं निभाई। छात्रों ने ही सुफियार को अस्पताल में भर्ती कराया और परिवार को सूचना दी। परिजनों का आरोप है कि जब पुलिस को शिकायत दी तो उन्होंने एक्शन लेने का आश्वासन दिया। मगर बाद में पल्ला झाड़ने लगी। परिवार का कहना है कि वह बेटे को इंसाफ दिलाने के लिए अदालत में जाएंगे। जानकारी के मुताबिक सूफियान अपने परिजनों के साथ ओखला विहार नूर नगर में रहता है। परिवार में पिता फुरकान मां इमराना, एक बड़ा भाई और दो बहनें हैं। सूफियान इलाके में ही सर्वोदय विद्यालय में आठवीं कक्षा में पढ़ता है। गत 16 जुलाई की दोपहर सुफियान स्कूल परिसर में मौजूद था। तभी कुछ अज्ञात वस्तु उसकी आंख में आ लगी। स्कूल के छात्र ही उसे नजदीकी अस्पताल में ले गए। जिसके बाद उसके परिजनों को सूचना दी गई। बेटे की हालत नाजुक होने के चलते परिजन उसे पहले एम्स ट्रामा सेंटर ले गए, जहां से उसे एम्स के आरपी सेंटर रेफर कर दिया गया। उसी दिन रात को उसकी आंख का ऑपरेशन किया गया। पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई। जामिया नगर थाने से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर कुछ पेपर पर छात्र के पिता से साइन करवा लिए गए। परिजनों का आरोप है कि अब पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करने से ही मना कर दिया है।

# एचसी के जज ने उमर खालिद की याचिका से खुद को किया अलग

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस अमित शर्मा ने यूएपीए मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। यह मामला फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगों से जुड़ा हुआ है। इस मामले पर जस्टिस प्रतिभा एम सिंह और जस्टिस दीपक शर्मा की बेंच के समक्ष सुनवाई होनी थी। जस्टिस सिंह ने कहा कि अब यह मामला अन्य बेंच के पास जाएगा, जिसमें जस्टिस अमित शर्मा नहीं होंगे। इस मामले पर अब 24 जुलाई को सुनवाई होगी। उमर खालिद को सितंबर 2020 में दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। यह दिल्ली हाईकोर्ट में खालिद की दूसरी जमानत याचिका है।

# चार मंजिला इमारत का गिरा पिलर, बाल बाल बचे लोग

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): फतेहपुर बेरी इलाके में बीती देर रात चार मंजिला एक इमारत का पिलर ढह गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एहतियात के तौर पर रात में ही पूरी इमारत को खाली करा लिया गया। सुरक्षा को ध्यान में रख बिल्डिंग को गिरने से रोकने के लिए उसे लोहे की रॉड लगाकर सपोर्ट दिया गया है। पुलिस के मुताबिक देर रात करीब एक बजे फतेहपुर बेरी थाने में पीसीआर से एक कॉल मिली। जिसमें बताया गया मकान का पिलर टूट गया है, बिल्डिंग गिरने वाली है। यह पता चलते ही ग्रीन पार्क, गदाईपुर इलाके में पुलिस पहुंच गई। यहां ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग वाली दस पंद्रह साल पुरानी चार मंजिला इमारत का एक पिलर ढह गया था, वहीं दूसरे पिलर में दरारें आ गई।

## न्यू उस्मानपुरः हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी

# दर्दनाकः नाबालिग की गला रेतकर हत्या

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के न्यू उस्मानपुर इलाके में एक नाबालिग की गला रेतकर हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस को उसका शव दूसरा पुश्ता स्थित नाले में मिला। उसकी गर्दन पर दो निशान मिले हैं। मृतक की पहचान 14 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस को उसके पास से कोई दस्तावेज नहीं मिले है, जिससे उसकी पहचान हो सके।

पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस को मौके से एक वारदात स्थल के पास से एक चाकू मिला है। पुलिस मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान करने के अलावा मृतक की पहचान करने की कोशिश कर रही है। डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि गत 19 जुलाई सुबह करीब 7.30 बजे न्यू उस्मानपुर थाना पुलिस को दूसरे पुश्ता स्थित गली नंबर दो के पास एक किशोर के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि वह अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था और उसके पास चाकू भी पड़ा था। पुलिस उसे लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में पुलिस को पास ही एक वैन खड़ी दिखाई दी, जिसमें खून के निशान थे। लड़के की गर्दन पर चाकू से रेतने के निशान थे। न्यू उस्मानपुर थाना पुलिस ने नए कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (1) के तहत मामला हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।



**नये कानून भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज किया**

**श्रावण मास** बम-बम भोले के जयकारों से गूंजीं दिल्ली, शिवालयों में भगवान शिव के अनन्य भक्तों ने किया जलाभिषेक

# पहला सोमवारः मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

दिनेश शर्मा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सावन के प्रथम पवित्र सोमवार को दिल्ली व अन्य शहरों के मंदिरों में भोले भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। केसरिया रंग में सजी कावड़ यात्रा पर लगाए गए शिविरों मे भगवान शिव के भक्तों ने स्वागत किए। सनातन धर्मी साधकों अर्जुन कुमार, नवीन कुमार सिसोदिया व हरीश असड़ी ने बताया कि 72 साल के बाद आए 9 शुभ योगों के आगमन पर भक्तों ने दुग्धाभिषेक व जलाभिषेक करके आशीष मांगा।


शिवलिंग पर जलाभिषेक करते शिवभक्त।

चंद्रमा के दिन रात आज मकर राशि में चलते शिवालयों में प्रातः 4:00 बजे से ही श्रद्धालुओं ने हाजिरी भरनी शुरू कर दी थी और देर रात तक बम बम भोले के जयकारों की गूंज शिव-पार्वती मय बना रहा। इस बार प्रीतियोग, स्वार्थ सीधी योग, गज केसरी योग, कुबेर योग सहित 9 मंगलकारी योग का मिलन शुभ बताया गया है। इतना ही नहीं 72 साल पहले 27 जुलाई 1953 में ऐसा योग बना था। एक विशेष योग यह भी है कि इस प्रथम सोमवार से शुरू सावन का समापन भी सोमवार को ही होगा। इस बीच सोमवार के पर्व के चलते शिवालयों में दुगूध, शहद, दही, भांग, धतूरा, बेलपत्र, गन्ने का रस, पुष्प, फल, कमल पुष्प आदि समर्पित किया गया। गौरीशंकर मंदिर, मां कात्यायनी मंदिर, महंत श्रवण कुमार शर्मा मंदिर, मां झंडेवाला मंदिर, वनखंडी महादेव मंदिर, कालकाजी पीठ, गीता भवन, लक्ष्मी नारायण बिरला मंदिर, चांदनी चौक मेट्रो के निकट विराट नव गृह मंदिर, भाई परमानंद सनातन धर्म मंदिर, यमुनानगर, दिल्ली की सभी देव स्थलियों पर भगवान शिव पार्वती के दर्शनार्थ कतारे लगी दिखाई दी। इतना ही नहीं दिल्ली से 213 किलोमीटर की धर्मयात्रा वाहन द्वारा हरिद्वार पहुंचकर भोले के भक्तों ने सोमवार की शाम आनंद लूटा। श्रद्धालुओं ने हरिद्वार व दिल्ली में शिव पार्वती पूजन और सत्संग का भी लाभ उठाया। दिल्ली से उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के शिवालयों में द्वितीय सोमवार को दस्तक देने हेतु नंगे पांव पैदल कावड़ यात्रा की आस्था का पालन कर रहे हैं। कावड़ियों के उत्साह से लग रहा है कि इस वर्ष भी भारी भीड़ जुटेगी। सावन की कावड़ यात्रा के शांतिप्रिय होने के लिए सुरक्षा के खास प्रबंध किए गए हैं। संवेदनशील इलाकों में सशस्त्र फोर्स भी तैनात है।

## दिल्ली के झण्डेवाला देवी मन्दिर में भगवान शिव का महा रुद्राभिषेक



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सावन के पहले सोमवार पर दिल्ली के झण्डेवाला देवी मन्दिर में भगवान शिव का रूद्राभिषेक किया गया। इस मौके पर विशेष रूप से ऊपर व प्राचीन गुफा वाले शिवालय में भक्तों ने श्रद्धा के साथ पूजना अर्चना की। बता दें कि प्राचीन गुफा वाले शिवालय में केवल उन्हीं भक्तों द्वारा रूद्राभिषेक करवाया गया जिन्होंनें इस की पहले से बुकिंग की थी। ऊपर नये शिवालय में सुबह से ही दुग्धाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही और पूरे दिन यह सिलसिला चलता रहा। गौरतलब है कि सावन मास भगवान शिव का महीना होता है और इस में भगवान शिव अभिषेक बहुत महत्वपूर्ण व फलदायी माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि पवित्र सावन मास में भगवान शिव भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

## संत नगर में बर्फ के विशेष शिवलिंग का सजा दरबार



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : आज से श्रावण मास प्रारम्भ हुआ है। इस अवसर पर संत नगर, ईस्ट आफ कैलाश के मंदिर में भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्री सनातन धर्म सभा, संत नगर, ईस्ट आफ कैलाश द्वारा बर्फ का विशेष शिवलिंग दरबार सजाया गया और स्थानीय महिला मंडल के साथ पं. अर्जुन शास्त्री ने शिव भजन किए, शिव स्त्रोत का पाठ हुआ और आरती की गई।

## आतिशी, सौरभ और गोपाल राय ने श्रावण मास शुरू होने पर दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के कैबिनेट मंत्रियों ने सोमवार को श्रावण मास के शुरू होने की सभी को शुभकामनाएं दी हैं। कैबिनेट मंत्री आतिशी ने श्रावण मास की शुभकामनाएं दी। भक्ति और अध्यात्म के इस महीने भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। वहीं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने श्रावण मास की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देवों के देव महादेव भगवान शिव के पवित्र श्रावण मास की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। वहीं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली वासियों को श्रावण मास की अनंत शुभकामनाएं दी।


**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर**
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY KHARAGPUR

**विज्ञापन सं. : R/10/2024 दिनांक जुलाई 01, 2024**

संस्थान भारतीय नागरिकों/पीआईओ/ओसीआई से विभिन्न संकाय पदों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करता है।
विस्तृत विवरण एवं अद्यतन जानकारी के लिए देखें : www.iitkgp.ac.in

कुलसचिव/Registrar

CBC 21255/12/0006/2425


## शिवभक्तों की सुविधा के लिए रेलवे ने हरिद्वार तक चलाई 5 स्पेशल ट्रेनें, दो ट्रेनों के रूट में विस्तार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : सावन का पवित्र महीना शुरू हो गया है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लाने के लिए हरिद्वार जाते हैं। हरिद्वार में लगने वाले कावड़ मेले में श्रद्धालु आसानी से पहुंच सकें इसके लिए रेलवे की ओर से रूटीन ट्रेनों के अतिरिक्त चार स्पेशल ट्रेनें चलाई गई हैं। साथ ही दो ट्रेनों का रूट विस्तार कर हरिद्वार तक चलाया जा रहा है। उत्तर रेलवे के अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक करीब दिल्ली से हरिद्वार तक रूटीन में 8 ट्रेन चलाई जाती हैं। इसके अतिरिक्त कावड़ मेल को देखते हुए यात्रियों की सहूलियत के लिए चार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया है। ट्रेन नंबर 04324/04323 हरिद्वार-दिल्ली-हरिद्वार स्पेशट्रेन स्पेशल का संचालन 22 जुलाई से शुरू किया गया है। 2 अगस्त तक इस ट्रेन का संचालन किया जाएगा। रास्ते में यह ट्रेन ज्वालापुर, रुड़की, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी और गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर रुकेगी। ट्रेन नंबर 04330/04329 ऋषिकेश दिल्ली ऋषिकेश स्पेशल ट्रेन का भी संचालन 22 जुलाई से शुरू कर दिया गया है। जो 2 अगस्त तक चलेगा। यह ट्रेन रास्ते में रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, रुड़की, सहारनपुर, शामली और दिल्ली शाहदरा स्टेशन पर रुकेगी। उत्तर रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक ट्रेन नंबर 04465 और 04466 जो दिल्ली से शामली के बीच चलती थी उसे हरिद्वार तक विस्तार दिया गया है। 22 जुलाई से 4 अगस्त तक यह ट्रेन हरिद्वार तक चलेगी। इसके साथ ही ट्रेन नंबर 04403-04404 जो दिल्ली से सहारनपुर के बीच चलती थी। 22 जुलाई से 4 अगस्त तक के लिए इस ट्रेन का संचालन हरिद्वार तक के लिए शुरू कर दिया गया है। वहीं उत्तर रेलवे के अधिकारियों के देश के विभिन्न राज्यों से हरिद्वार और देहरादून के बीच चलने वाली विभिन्न ट्रेनों को ज्वालापुर मोतीचूर रायवाला कंकाठेर रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिया गया है। जिससे लोकल के यात्री कांवड़ मेले में शामिल होने के लिए हरिद्वार पहुंच सकें।

## दिल्ली में 185 कांवड़ शिविर लगा रही है 'आप'

**25 जुलाई के बाद से कांवड़ियों का आगमन, 2-3 दिन में सभी शिविर होंगे तैयार**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली सरकार दिल्ली में कांवड़ियों के स्वागत में कोई कमी नहीं छोड़ेगी। कांवड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सके इसलिए दिल्ली सरकार दिल्ली भर में 185 कांवर शिविरों के जरिए कांवड़ियों के लिए सबसे बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित कर रही है। इस बात की जानकारी राजस्व मंत्री आतिशी ने सोमवार को प्रेस वार्ता में दी है। आतिशी ने कहा कि हमारे शिविर हाई क्वालिटी वाटर प्रूफ टेंट, मेडिकल फैसिलिटीज़, साफ-पानी, शौचालय, फर्नीचर सहित तमाम सुविधाओं से लैस होंगे। उन्होंने कहा कि सावन के पवित्र महीने में शिवभक्तों की सेवा में कोई कमी नहीं छूटेगी। कांवड़ियों के लिए बेहतर सुविधा सुनिश्चित करने के लिए हर जरुरी कदम उठाए जाएंगे। मंत्री आतिशी ने कहा कि पूर्वी दिल्ली, उत्तरी-पूर्वी दिल्ली व शहादरा जिले से सबसे अधिक कांवड़ियों आते हैं और जाते हैं। इसलिए इन क्षेत्रों में सबसे अधिक शिविर लगाए जा रहे हैं।



राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार प्रतिबद्ध है कि वो अपने शिविरों में कांवड़ियों को सबसे शानदार सुविधाएं दे सके। ऐसे में जब से दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार बनी है, तब से कांवड़ियों के लिए हाई-क्वालिटी वाटरप्रूफ टेंट, मेडिकल फैसिलिट्ज, साफ़-पानी, शौचालय, फर्नीचर आदि सुविधाओं का इंतज़ाम किया जाता है। ताकि लंबी कांवड़ यात्रा कर आ रहे कांवड़ियों को उन्हें किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि जून से ही कांवड़ शिविरों को लेकर राजस्व विभाग की तैयारियां जारी है और लगातार मिनिस्टर इंचार्ज और राजस्व विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा इसका निरीक्षण किया गया है।

### कांवड़ियों के आगमन से पहले तैयार हो जाएंगे सभी शिविर

राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली में कांवड़ शिविर लगाने को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 25 जुलाई के बाद से कांवड़ियों का आगमन शुरू हो जाएगा। ऐसे में आने वाले 2-3 दिन में कांवड़ शिविर से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी हो जाएगी।

### धर्म के इस काम में सहयोग देने की आतिशी ने की अपील

राजस्व मंत्री आतिशी ने दिल्ली के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सरकार तो अपनी तैयारियां कर रही लेकिन दिल्ली के लोग भी धर्म के इस कार्य में भाग ले, अपना सहयोग दे और जहां भी जरूरत हो वहां कांवड़ियों की मदद करें। आतिशी ने कहा कि,आज से सावन के महीने की शुरुआत हो गई है। इस दौरान देशभर में ख़ासतौर पर उत्तर भारत में कांवड़िए हरिद्वार से जल लेकर आते हैं। दिल्ली में इन कांवड़ियों के स्वागत के लिए केजरीवाल सरकार शहर भर में कांवर शिविर लगाती है और उसमें कांवड़ियों के लिए सबसे शानदार सुविधाएं सुनिश्चित की जाती है।


**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**

अल्पकालिक ई-निविदा सूचना - अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दो भागों (प्रथम एवं द्वितीय) में ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। अधोलिखित आमन्त्रित ई-निविदा में प्रतिभाग करने की अन्तिम तिथि 06.08.2024 एवं समय 17:00 बजे तक होगी एवं निविदा के प्रथम भाग खोलने की तिथि 07.08.2024 एवं समय 15:00 बजे निर्धारित है। **(1) ई-निविदा सूचना संख्या:-35/ वि.जा.वि.मं./ गा.बाद/2024-25 :** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के.वी. उपकेन्द्र एच.आर.एम. डासना जनपद गाजियाबाद पर जर्जर हो चुके पुराने नियंत्रण कक्ष भवन के स्थान पर नये नियंत्रण कक्ष भवन का निर्माण कार्य। कार्य अवधि:-03 माह । निविदा मूल्य रु. 3,540.00, धरोहर धनराशि रू0 60,500.00। **(2) ई-निविदा सूचना संख्या:-36/ वि.जा.वि.मं./ गा.बाद/2024-25 :** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत मुख्य अभियन्ता (वि), द्वितीय एवं तृतीय गाजियाबाद क्षेत्र के अधिकारिक आवास हेतु पूर्व निर्मित 02 नग ई.ई. टाईप आवासों के जीर्णोद्वार सम्बन्धी जानपदीय कार्य। कार्य अवधि:-03 माह । निविदा मूल्य रु.1,180.00 धरोहर धनराशि रु.19,900.00। **(3) ई-निविदा सूचना संख्या:-37/ वि.जा.वि.मं./ गा.बाद/ 2024-25:** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत गाजियाबाद के लेखा-अनुभाग के रिकार्ड को सुरक्षित रखने हेतु अलमीरा का निर्माण कार्य। कार्य अवधि:-02 माह। निविदा मूल्य रु.1,180.00 धरोहर धनराशि रु. 5,900.00। **(4) ई-निविदा सूचना संख्या-38/वि.जा.वि.मं./ गा.बाद/2024-25: बिजनेस प्लान 2024-25:** के अन्तर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र ग्रीन बैल्ट-1, ग्रीन बैल्ट-2, ग्रीन बैल्ट-3, जिला गाजियाबाद पर नियंत्रण भवन के रूफ ट्रीटमेन्ट एवं अन्य जानपदीय कार्य। कार्य अवधि:-04 माह। निविदा मूल्य रु.3,540.00 धरोहर धनराशि रु. 49,000.00। **(5) ई-निविदा सूचना संख्या-39/वि.जा.वि.मं./ गा.बाद/ 2024-25:** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र काला पत्थर, अहिंसा खण्ड एवं शिप्रा सन सिटी जिला गाजियाबाद पर नियन्त्रण भवन के रूफ ट्रीटमेन्ट एवं अन्य जानपदीय कार्य। कार्य अवधि:-04 माह। निविदा मूल्य रु.3,540.00 धरोहर धनराशि रु.49,000.00। **(6) ई-निविदा सूचना संख्या:-40/ वि.जा.वि.मं. / गा.बाद/2024-25:** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के.वी. उपकेन्द्र भिकनपुर-द्वितीय जिला मुरादाबाद पर नियन्त्रण कक्ष भवन का निर्माण एवं अन्य जानपदीय कार्य। कार्य अवधि: 06 माह। निविदा मूल्य रु. 3,540.00 धरोहर धनराशि रु.1,47,000.00। **(7) ई-निविदा सूचना संख्या:-41/ वि.जा.वि.मं./ गा.बाद/ 2024-25:** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, बहापुर पट्टी जिला सम्भल पर नियन्त्रण कक्ष भवन का निर्माण एवं अन्य जानपदीय कार्य। कार्य अवधि: 06 माह। निविदा मूल्य रु. 3,540.00 धरोहर धनराशि रु. 1,58,000.00 1 **(8) ई-निविदा सूचना संख्या-42/वि.जा.वि.मं./ गा.बाद/2024-25 :** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, कमालपुर जिला सम्भल के नियन्त्रण कक्ष भवन का निर्माण एवं अन्य जानपदीय कार्य। कार्य अवधि:-06 माह। निविदा मूल्य रु. 3,540.00 धरोहर धनराशि रु.1,38,000.00। **(9) ई-निविदा सूचना संख्या:-43/वि.जा.वि.मं./ गा.बाद/2024-25:** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के.वी. उपकेन्द्र, कॉठ जिला मुरादाबाद पर जर्जर हो चुके पुराने नियन्त्रण कक्ष भवन के स्थान पर नये नियन्त्रण कक्ष भवन का निर्माण कार्य। कार्य अवधि:-04 माह। निविदा मूल्य रु. 3,540.00 धरोहर धनराशि रु. 65,900.00। **(10) ई-निविदा सूचना संख्या:-44/ वि.जा.वि.मं./ गा.बाद/2024-25:** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, सेक्टर-80 ओल्ड नोएडा में कन्ट्रोल रूम का विस्तारीकरण का कार्य। कार्य अवधि:- 04 माह। निविदा मूल्य रु.3,540.00 धरोहर धनराशि रु. 16,900.00। **(11) ई-निविदा सूचना संख्या-45/ वि.जा.वि.मं./ गा.बाद/ 2024-25:** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के.वी. उपकेन्द्र पाडला जिला बिजनौर पर बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य। कार्य अवधि:-03 माह। निविदा मूल्य रु.3540.00 धरोहर धनराशि रु.39,500.00। **(12) ई-निविदा सूचना संख्या:-46/ वि.जा.वि.मं. / गा.बाद/2024-25:** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के.वी. उपकेन्द्र मण्डावर जिला बिजनौर पर बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य। कार्य अवधि:-03 माह। निविदा मूल्य रु. 3,540.00 धरोहर धनराशि रु. 35,600.00। **(13) ई-निविदा सूचना संख्या:-47/वि.जा.वि.मं./ गा.बाद/2024-25:** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत ( 33/11 के.वी. उपकेन्द्र एचौडा कम्बोह जिला सम्भल पर क्षतिग्रस्त बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य। कार्य अवधि:-03 माह । निविदा मूल्य रु. 3,540.00 धरोहर धनराशि रु. 64,900.00 **(14) ई-निविदा सूचना संख्या-48 / वि.जा.वि.मं. / गा.बाद/2024-25:** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र नोगावा सादात जिला अमरोहा पर बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य। कार्य अवधि:-03 माह । निविदा मूल्य रु. 3,540.00 धरोहर धनराशि रु.32,300.00। **(15) ई-निविदा सूचना संख्या-49/ वि.जा.वि.मं./ गा.बाद/2024-25:** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत विद्युत वितरण मण्डल धामपुर जिला बिजनौर के जर्जर हो चुकी टीन शेड को बदलने एवं अन्य मरम्मत सम्बन्धी जानपदीय कार्य। कार्य अवधि:-03 माह। निविदा मूल्य रु. 3,540.00 धरोहर धनराशि रु.29,900.00। कृपया विस्तृत जानकारी, डाउनलोड, अन्य संशोधन, निविदा प्रस्तुत करने की तिथि एवं विस्तारीकरण/शुद्धिकरण आदि सम्बन्धी सूचनाओं हेतु www.pvvnl.org एवं E-Tendering website www.etender.up.nic.in पर लॉग ऑन करें। "राष्ट्र हित में बिजली बचायें"। **हस्ता./-अधीक्षण अभियंता, (जानपद) गाजियाबाद।** पत्रांक-540, दिनांक-22.07.2024



**हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण**

**सार्वजनिक सूचना**

पंजीकृत बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि नीलामी आईडी 10430 की ई-नीलामी दिनांक 19.07.2024 को ग्लोबल आउटेज के कारण रोक दी गई थी। अब सक्षम प्राधिकारी ने दिनांक 19.07.2024 को ई-नीलामी प्रक्रिया के बंद होते समय प्राप्त अंतिम बोली राशि के आधार पर 28.07.2024 को सुबह 10:00 बजे उपरोक्त नीलामी को फिर से बहाल/शुरु करने का निर्णय लिया है। इसके लिए पात्र बोलीदाताओं को ई-मेल के साथ-साथ टेलीफोन के माध्यम से भी सूचित किया गया है, कृपया इसे जांच लें।

**मुख्य प्रशासक**
**एचएसवीपी, पंचकूला**

Samvad-RO.No. 1083/11/155/2025/28047/C/142/7 dt 22-07-2024

**GOVERNMENT OF HARYANA TENDER NOTICE**
SAMVAD RO. No. 13/2025/40/28059/I/142/7 Dt. 22/07/2024

| SR. No. | NAME OF BOARD/CORP./AUTH | NAME OF WORK NOTICE TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE (TIME) | AMOUNT / EMD (APPROX.) IN RUPEES | WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH | NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HARYANA SCHOOL SHIKSHA PARIYOJNA PARISAD | CONSTRUCTION OF PHYSICS CHEMISTRY BIOLOGY LAB AT GSSS KHORE BASAI AND 2 ACRS AND PHYSICS LAB AT GSSS REWASAN, DISTT. NUH. + 4 WORKS | 18.07.2024 25.07.2024 | 2.31 CRORES | www.hsspp.in | 9041397095 civilbranchssa3@gmail.com |
| 2 | HARYANA SCHOOL SHIKSHA PARIYOJNA PARISAD | CONSTRUCTION OF BRC BUILDING AT GSSS NIZAMPUR AND GPS SIHMA, DISTT.MAHENDERGARH + 5 WORKS | 16.07.2024 26.07.2024 | 7.72 CRORES | www.hsspp.in | 9467807464 civilbranchssa3@gmail.com |

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in


## पीयूसी केन्द्रों की हड़ताल, डीपीडीए ने एलजी से मांगी मदद

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली सरकार द्वारा प्रस्तावित प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्रों की दरों के विरोध में दिल्ली पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन (डीपीडीए) द्वारा जारी हड़ताल से लोग परेशान हैं। पीयूसी केन्द्रों पर सरकार की सख्ती संबंधी खबरों के बीच डीपीडीए ने एलजी वीके सक्सेना से हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। डीपीडीए के अध्यक्ष निश्चल सिंघनिया ने बताया कि सरकार हमारी परेशानी को समझने की कोशिश नहीं कर रही है। ऐसे में हम अब एलजी साहब से मुलाकात कर इस मामले का समाधान चाहते हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को दिल्ली पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग हुई। इसमें हालिया घटनाक्रम और पीयूसी की दरें बढ़ाने के संबंध में दिल्ली सरकार के रुख पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान संकल्प लिया गया कि लोकतंत्र में हमें विरोध करने का पूरा अधिकार है और जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाती तब तक हमारा विरोध जारी रहेगा। साथ ही इस मामले को लेकर डीपीडीए जल्द एलजी साहब से मुलाकात करेगा।

## एसएचओ के चक्रव्यूह में फंसे स्टंटबाज

**कनॉट प्लेसः 11 स्टंटबाज लड़कों को हाई स्पीड दोपहिया वाहनों के साथ पकड़ा**

वसीम सैफी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): न्यू दिल्ली डिस्ट्रिक्ट कनॉट प्लेस थाने की नाइट पेट्रोलिंग टीम ने हाई एंड स्पीड बाइकों पर सवार होकर नई दिल्ली के पॉश इलाकों में हुड़दंग और स्टंटबाजी करने वाले ग्रुप के 11 लड़कों को पकड़ा है। पुलिस ने इनके पास से सात बाइक और चार स्कूटी बरामद की हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों की काउंसलिंग भी की। डिस्ट्रिक्ट के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एसएचओ कनॉट प्लेस संजीव कुमार को एक इनपुट मिला कि कुछ युवा लड़कों का ग्रुप हाई एंड स्पीड बाइकों पर सवार होकर नई दिल्ली क्षेत्र में तेज और खतरनाक तरीके से बाइक-स्कूटी चलाते हुए स्टंट करते हैं। ये ग्रुप अक्सर देर रात इंडिया गेट, बंगला साहिब गुरुद्वारा, जय सिंह रोड, अशोक रोड, संसद मार्ग, बाराखंबा, कनॉट प्लेस में आता हैं। खाली सड़कों पर स्टंटबाजी के दौरान नई दिल्ली क्षेत्र में बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है। हुड़दंगबाजों को पकड़ने के लिए संजीव कुमार की टीम को टास्क दिया गया। रविवार देर रात बाइकर्स का इलाके मे होने का इनपुट मिनला।



**पुलिस ने छिपकर डाला जाल...** पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए तुरंत एसीपी डॉ. अनिल समोता की निगरानी में एसएचओ कनॉट प्लेस संजीव कुमार के नेतृत्व में एसआई गजेंद्र, करण, जगत, जयपाल, प्रदीप, एचसी मोनू, रामबीर, तेजपाल, राजेश, संदीप आदि की टीम गठित की गई। टीम ने बाबा खड़क सिंह मार्ग और हनुमान मंदिर के पास बैरिकेड्स लगाए और सभी पुलिसकर्मी छिप कर खड़े हो गए। जैसे ही आरोपी हुड़दंग करते हुए पहुंचे पुलिस टीम ने 11 नौजवान लड़कों को बाइक व स्कूटी समेत दबोच लिया। इस ऑपरेशन को सावधानी के साथ चलाया।

**थाने में लगी क्लास, बाइकर्स बोले अब आ गई अकल**

पुलिस अधिकारी के मुताबिक पकड़े गए अधिकांश लड़के 18 से 22 साल के हैं और स्कूल व कॉलेज में पढ़ते हैं। उन्हें समझाने के लिए थाने में ही काउंसलिंग भी कराई गई। उन्हें समझाया गया कि स्टंटबाजी के दौरान हादसा हुआ तो उनकी जान जा सकती है या जिंदगी भर के लिए वे अपंगता के शिकार हो सकते हैं। अभी उनके सामने पूरा जीवन पड़ा है।


**HIMACHAL PRADESH**
**JAL SHAKTI DEPARTMENT**
**SHORT NOTICE INVITING TENDERS**

The Executive Engineer Jal Shakti Division Rajgarh invites following offline tenders on behalf of Governor of Himachal Pradesh from eligible Contractors for the following work through offline process:

| S. N | Description. | E/Cost | E/Money | Time | Cost of From |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Providing LWSS to NAC Rajgarh Tehsil Rajgarh Distt. Sirmour (SH:- Repair of pump house cum attendant Qtr, C/O toilet, C/O Foundation for pumping machinery 2 Nos, Wall painting in 2 Nos sumpwell, providing steel sheet roof on 2 Nos, sump well and common header) (P/F CI Sluice valve 100 mm dia 4 Nos C/O R/R toe wall in front side of sump well, paver blocks, stair work, and fixing of fencing panel around all civil work) Job-2) | 400874/- | 8100/- | 6 Month | 250/- |
| 2 | Providing FHTC of various WSS in Jal SHakti Section Jaihar under JJM in Tehsil in Pachhad, WSS to various villages under G.P Bani Bkholi, Surla Janot, Tikkari Kuthar, Daron, Dilaman Kotla Panjola and Narag under JJM in Tehsil Pacchad Distt. Sirmour (SH:- Providing, Laying and Jointing of GMS pipes of various dia with necessary fittings for village Rajalag, Baghahan and Dhangyari) | 377453/- | 7600/- | 2 Month | 250/- |
| 3 | C/O LIS Maloh Mashog in GP Ranaghat in Tehsil Rajgarh Distt. Sirmour (SH:- P/F C.S Refluxe valve 150mm dia for LIS Maloh Mashog) | 212716/- | 4300/- | 1 Month | 250/- |

The application for purchase of tender documents shall be entertained up to 4.00 PM dated 24-07-2024, non-refundable, in cash or by money order as per cost shown above. The tenders shall be received in the office of the Executive Engineer Jal Shakti Division Rajagrh up to 2.00 PM dated 25-07-2024 and shall be opened on the same day at 3.00. PM in the presence of intending contractors or their authorized representatives if any.

**Executive Engineer,**
**Jal Shakti Division, Rajgarh.**
**R.O.No.0943/2024-2025**



दिल्ली सरकार आप की सरकार

**कृपया ध्यान दें।**

**सरिता विहार फ्लाईओवर पर लोक निर्माण विभाग द्वारा मरम्मत कार्य किया जाना है**

**आश्रम से बदरपुर (आधा कैरिजवे) दिनांक 29.07.2024 से 12.08.2024 तक बंद रहेगा।**

यात्रियों को असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी जाती है

रूट डायवर्जन प्लान (फेज-1)




SARITA VIHAR FLYOVER

DIP/Shabdarth/Classified/0132/24-25


## 1984 नरसंहार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिए निर्देश : भोगल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): अखिल भारतीय दंगा पीड़ित राहत कमेटी के अध्यक्ष जत्थेदार कुलदीप सिंह भोगल ने सोमवार को कहा कि कानपुर सिख नरसंहार से जुड़ी जनहित याचिका जो कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है, में सर्वोच्च न्यायालय के जस्टीस सूर्यकांत एवं उज्जवल भूयां ने अपने पूर्वादेश को बढ़ाते हुए यूपी सरकार को 1984 नरसंहार से जुड़े मुकदमें को त्वरित एवं सुचारू रूप से चलाने के निर्देश दिए। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील प्रसून कुमार व गुरबख्श सिंह मौजूद रहे। ज्ञात हो कि यह जनहित याचिका कुलदीप सिंह भोगल, अध्यक्ष अखिल भारतीय दंगा पीड़ित राहत कमेटी 1984 ने 2017 में डाली थी। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में एसआईटी का गठन उत्तर प्रदेश सरकार ने 2019 में किया था। जिसके बाद 71 दोषियों को



जेल की सलाखों में भेजा गया। एसआईटी की रिपोर्ट के अनुसार 11 मामलों में चार्ज शीट फाईल हुई है। 4 मामलों में अपील फाइल हुई हैं एवं 9 केस में मामला जांच के बाद बंद कर दिया गया है। सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय ने उप्र सरकार को निर्देश दिया कि 11 मामले, जिसमें चार्ज शीट फाइल हुई है, उसमें दो विशेष अभियोजक की नियुक्ति हुई है।

## एयरपोर्ट की छत गिरने का मामला जनहित याचिका का निपटारा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को एक जनहित याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें पिछले महीने भारी बारिश के चलते दिल्ली, जबलपुर और राजकोट हवाई अड्डों पर हुई छत गिरने की एसआईटी जांच की मांग की गई थी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने भारतीय नागरिक सुरक्षा परिषद द्वारा दायर जनहित याचिका को बंद कर दिया, जिसमें तर्क दिया गया था कि दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं ने हवाई अड्डे की सुविधाओं की सुरक्षा के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा की हैं। जनहित याचिका में दिल्ली सहित देश के सभी हवाई अड्डा टर्मिनलों में निर्माण की गुणवत्ता और प्राधिकारियों द्वारा दी गई मंजूरी का आकलन करने के लिए विशेषज्ञ इंजीनियरों के एक समूह की अध्यक्षता में एसआईटी जांच या केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता संगठन की ओर से पेश वकील ने कहा कि तीन अलग-अलग हवाईअड्डों पर तीन दिनों में तीन दुर्घटनाएं हुईं, जिससे हवाईअड्डों पर संरचनात्मक सुविधाओं के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं। वहीं, केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए वकील ने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट की घटना के संबंध में पिछले महीने दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि मामले की जांच चल रही है, जिसमें भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 337 (दूसरों की जान या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाले कृत्य से चोट पहुंचाना) और 304 ए (लापरवाही से मौत का कारण बनना) के तहत अपराध दर्ज किए गए हैं।

# बजट के एक दिन पहले सेंसेक्स, निफ्टी गिरावट के साथ बंद



**मुंबई,** (भाषा) : आम बजट पेश होने से एक दिन पहले सोमवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में भारी बिकवाली के दबाव से स्थानीय शेयर बाजार के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ बंद हुए। कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख ने भी निवेशकों की धारणा पर असर डाला।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 102.57 अंक यानी 0.13 प्रतिशत गिरकर 80,502.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 504 अंक तक गिरकर 80,100.65 अंक पर आ गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 21.65 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,509.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 168.6 अंक गिरकर 24,362.30 अंक पर आ गया था।

- कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख ने भी निवेशकों की धारणा पर असर डाला

शेयर बाजारों में गिरावट का यह लगातार दूसरा सत्र रहा। इसके पहले शुक्रवार को भी दोनों सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए थे।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''हालांकि, मंगलवार को पेश होने वाले बजट के अनुकूल रहने का अनुमान जताया जा रहा है लेकिन बाजार के ऊंचे मूल्यांकन और कंपनियों के मुनाफे में गिरावट के जोखिम को देखते हुए निवेशकों की इसपर करीबी नजर बनी रहेगी।''

नायर ने कहा कि रिलायंस जैसी दिग्गज कंपनी के मुनाफे में गिरावट ने निवेशकों की धारणा पर असर डाला। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर तीन प्रतिशत से अधिक टूट गया। रिलायंस ने जून तिमाही के शुद्ध लाभ में पांच प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है।

## जीएसटी ने लॉजिस्टिक लागत घटाई : सर्वे

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): देश में लॉजिस्टिक गतिविधियों पर आने वाली लागत को कम करने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) ने बेहद उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। आर्थिक समीक्षा में इसका उल्लेख किया गया है। सोमवार को संसद में पेश आर्थिक समीक्षा 2023-24 के मुताबिक, 'एक देश एक कर' की संकल्पना के साथ लागू की गई जीएसटी प्रणाली ने यह सुनिश्चित किया है कि ट्रक को एक से दूसरे राज्य में जाने के लिए सीमाओं पर कई घंटों तक इंतजार नहीं करना पड़ता है। आर्थिक समीक्षा कहती है कि ऐसा होने से मालवाहक ट्रकों की आवाजाही में लगने वाले समय में 30 प्रतिशत तक की कमी आई है। इसका लाभ यह हुआ है कि ट्रक अब औसतन 325 किलोमीटर की दूरी तय कर रहे हैं जबकि जीएसटी आने से पहले यह दूरी 225 किलोमीटर ही थी।

## अर्थजगत

# गेहूं दड़ा, चना दाल लोकल तथा बढ़िया में 20-50 तेजी

**नई दिल्ली,** (एनएनएस): स्टॉकिस्टों की हल्की-फुल्की लिवाली से गेहूं दड़ा मिल पहुंच, चक्की पहुंच, चना खड़ी मोटर राजस्थान, एमपी, चना दाल लोकल तथा बढ़िया में 20-50 रुपए प्रति क्विंटल का सुधार हुआ। दूसरी ओर, कैटलफीड वालों की लिवाली कमजोर पडऩे से बाजरा कैटलफीड, मक्की यूपी-बिहार में 25-50 रुपए प्रति क्विंटल की मंदी आई।

**अनाज-दाल (भाव प्रति क्विं.):** गेहूं: एमपी देशी 3650/3850, दड़ा (मिल पहुंच) 2690/2695, चक्की (पहुंच) 2698/2700, आटा चक्की (10 किलो)(जीएसटी सहित) 300/310, रोलर फ्लोर मिल आटा (50 किलो) 1460/1470, मैदा (50 किलो) 1540/1550, सूजी (50 किलो) 1570/1580, चोकर (48 किलो) 1060/1070, चावल: बासमती लालकिला 14400, स्वाद 10000, शरबती सेला 4600/4700, स्टीम 5200/5400, (1121 नं.) चावल सेला 7800/8000, स्टीम 8800/8900, सोर्टेक्स 9000/ 9100, (1509 नं.) चावल सेला 6600/6700, स्टीम 7700/7800, बासमती (1718) सेला 7500/7600, ताज 5000/5100, परमल कच्चा 3200/3300,

**चीनी मिल डिलीवरी:** प्राइवेट मिलें (जीएसटी अतिरिक्त): अफजलगढ़ 3775, सिंभावली 3845, शामली &, मोदी 3825, देवबंद 3875, किनौनी 3925, बुढ़ाना 3830, खतौली 3910, मवाना 3816, दौराला 3864, अगौता 3800, धामपुर 3800, बुंदकी 3785, हाजिर 4050/4200

गुड़-शक्कर : गुड़ पेड़ी 4400/4500, चाकू 4600/4700, ढैया 4600/4700, शक्कर 4800/4900, खांडसारी 5300/5400

तिलहन: सरसों 5800/5850, खली एक्सपेलर: सरसों 2600/2800, बिनौला 3350/3600, डिऑयल्ड एक्सटेरक्शन (टन): राइसब्रान कंटीन्यूस 15700/15800, सरसों 24000/24200, सोयाबीन पीला 38000/39000, सूरजमुखी 24500/24700, मूंगफली (40-45 प्रश.) 33000/34500, राईसब्रान (प्रति यूनिट) 143/144, खाद्य तेल (जीएसटी अतिरिक्त): मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड (टीन) 2700/2800, सरसों तेल (टीन) 1800/2000, सरसों एक्सपेलर 11450, तिल तेल 16500, सोयाबीन रिफाइंड मिल डिलीवरी 10500, सोया तेल डिगम्ड 9650, (टीन) 1575/1650, सनफ्लावर 1650/1700, बिनौला मिल डिलीवरी 9200, चावल तेल पंजाब 8500, गोला तेल (टीन) 2600/2700, अखाद्य तेल: राइस फैट्टी 8050/8100, सोया एसिड ऑयल 6800/6850, अरंडी 12900/13000

सर्राफा : (जीएसटी सहित) चांदी (किलो): हाजिर (999) 91000, वायदा (सितम्बर) 89100, सिक्का (प्रत्येक): 1230/1240, सोना (10 ग्राम): किलोबार (999.5 टंच) 74800, बिस्कुट 75175, स्टैन्डर्ड (999.9 टंच) 75200, आभूषण (22 कैरेट/खर्च रहित) 68900, गिन्नी (प्रत्येक) 56000

लोहा व इस्पात : (प्रति टन)जीएसटी पेड सरिया: कामधेनु: (8 एमएम) 66400, (10 एमएम) 65200, (12 एमएम) 62900, (16-25 एमएम) 64100, कामधेनु पीएएस-10000 (पीस): (8 एमएम) 371, (10) 568, (12) 802, (16) 1427, ( 20 एमएम) 2230, (25 एमएम ) 3482, अम्बा शक्ति -500 एसडी: (8 एमएम) 66200, (10 एमएम)64400, (12 एमएम) 63600, (16-25 एमएम) 63500, (32 एमएम) 62700, अम्बा शक्ति-ट्राईकोर (8 एमएम) 66000, (10) 63900, (12) 63500, (16-25) 63100, (32) 63100, केवीएस टीएमटी बार (8 एमएम) 66300, (10) 64500, (12) 63600, (16-25) 63400, (28-32) 62800, बिरला (8 एमएम) 65800, (10 एमएम) 62700, (12 एमएम) 63400, (16-25 एमएम) 62000, टीएमटी: जयभारत: (8 एमएम) 65800, (10 एमएम) 64600, (12 एमएम) 63300, (16-25 एमएम) 63000, अनमोल-500 एसडी: (8 एमएम) 65200, (10 एमएम) 64600, (12 एमएम) 63400, (16-25 एमएम)63500, एंगल: राना (जीएसटी अतिरिक्त) (50&5) 49500, केवीएस-एमएस (35&5) 50100, (40&5/6) 50600, (50&5) 51100, (50&6) 51600, (65&5/6) 55400, जयभारत: (50&5 से 75&10) 50000, अनमोल: 50000, बिरला 51300, चैनल: राना (जीएसटीअतिरिक्त) 51500, एमएस (केवीएस) (75&40) (100&50) 52700, जयभारत 50500, अनमोल 50500, बिरला 52700, गार्डर (ज्वाइस्ट): जयभारत 51500, अनमोल 51500, टी-आयरन: राना 51500, (बिलट): (ढाई से तीन इंच) 41900, (साढ़े तीन इंच) 42900, (चार इंच) 43300, (पांच इंच) 43200, (छ: इंच) 43200, स्क्रैप: पुरानी 37000, मैल्टिंग स्क्रैप 38000, इंगट 42500, राउंड 48500

अलौह धातु : (किलो/जीएसटी अतिरिक्त): एंटीमनी: चीन &, कैडमियम: रॉड &, मैक्सिको &, प्लेट &, लैड (सीसा): बैट्री सफेद 109, बैट्री काला 102, देशी मुलायम 189/208, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 189/208, चार प्रतिशत 194/212, पी.पी.&, गन मैटल स्क्रैप: लोकल &, मिक्स &, जालंधर &, स्टील बर्तन &, ब्रास (पीतल): हनी 560, रेडिएटर देशी 385, रेडिएटर विदेशी 385, चादरी देशी 539, पुर्जे स्क्रैप 525, टिन (रांग): इंगट मलेशिया &, इंडोनेशिया 2750, जिंक (जस्ता): इंगट (पटरा) एचजेडएल 270, एजेड 274, आईजेड 267, आईजे 269,पीएमआई 229, ड्रास (ढीमा) 208, निकिल कैथोड: रसियन-(4&4) 1360, (8&8) 1365, (4&24) 1370, नार्वे (4&4) 1390, (4&24) 1395, कॉपर (तांबा): आरमेचर प्लांट 758, भटॉ◌ॅठी 756, सीसी 840, एल्यूमीनियम: सीजी इंगट 223, शीट कटिंग 210, वायर स्क्रैप 214, बर्तनफूट 182, पुर्जाफूट 177, रॉड: लोकल 230, कम्पनी 240

### कल क्या होगा?



**नई दिल्ली,** (एनएनएस): बुधवार श्रावण बदी तृतीया है, चतुर्थी का क्षय है। ढैंचा, ग्वार, ग्वार गम, मक्की, बाजरा, तुवर, देशी चना, मसूर, काबली चना, अंजीर, हल्दी, अजवायन, जायफल, बादामगिरी, लौंग, जावित्री, पारा, गुड़, तेल सरसों, बिनौला, सोया, वनस्पति घी, कॉपर, पीतल में लाभ तथा गेहूं, जौ, जई, ज्वार, लोबिया, राजमा चित्रा, मूंग-मोठ, उड़द, बिनौला, लालमिर्च, इमली, गोला, पिस्ता, धनिया, जीरा, महुआ फूल, किशमिश, शक्कर, चीनी, अमचूर, देशी घी, दूध पाउडर, काजू,द्राख गोला में हानि की संभावना है। भाग्यांक 3-5-6-8 है। यात्रा विचार- दक्षिण दिशा की ओर 9.17 बजे पूर्वाहन से पहले यात्रा करना लाभप्रद होगा।

## सुपरटेक टाउनशिप प्रोजेक्ट्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही को मंजूरी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने 216.92 करोड़ रुपये की भुगतान चूक को लेकर पंजाब एंड सिंध बैंक की तरफ से दायर याचिका पर सुपरटेक टाउनशिप प्रोजेक्ट्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है। यह सुपरटेक समूह की तीसरी कंपनी है जो कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया का सामना करेगी। इस साल जून की शुरुआत में एनसीएलटी ने सुपरटेक रियल्टर्स के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया था।

इसके पहले मार्च, 2022 में सुपरटेक के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू की गई थी। एनसीएलटी की दिल्ली पीठ ने 12 जुलाई को पंजाब एंड सिंध बैंक की तरफ से सुपरटेक टाउनशिप प्रोजेक्ट्स के खिलाफ दायर याचिका स्वीकार कर ली और उमेश सिंघल को दिवाला समाधान पेशेवर नियुक्त किया। सुपरटेक टाउनशिप प्रोजेक्ट्स उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक आवासीय परियोजना गोल्फ कंट्री का विकास कर रही है।

## आवासीय भूखंडों के लिए 17 दिन में 37 हजार आवेदन

**नोएडा,** (पंजाब केसरी): नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास मकान बनाने के लिए यमुना विकास प्राधिकरण की आवासीय भूखंड योजना में 17 दिन के अंदर 37645 लोगों ने आवेदन किया है। इनमें से 13 हजार 705 लोगों ने भूखंड की कुल कीमत का दस प्रतिशत धनराशि भी जमा कर दी है। योजना के तहत 5 अगस्त तक आवेदन किया जा सकता है। ऐसे में उम्मीद है कि इस योजना में एक लाख से अधिक लोग आवेदन कर सकते हैं।

**पांच अगस्त तक आवेदन किया जा सकता है**

मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि पांच जुलाई को यमुना विकास प्राधिकरण के आवासीय सेक्टर 16, 18, 20 व 22डी में सात अलग-अलग श्रेणियों में 361 भूखंडों के लिए योजना शुरू की गई थी। इसके तहत पांच अगस्त तक पंजीकरण कराना है। योजना शुरू हुए अभी 17 दिन ही हुए हैं।




न जायते म्रियते वा कदाचिन
नाय भूत्वा भविता वा न भूयः
अजो नित्यः शाश्वतो अयं पुराणो
न हन्यते हन्यमाने शरीरे।।
2-20।।
वह जो अजन्मी, अंतहीन,
शाश्वत, सनातन, पुरातन और
अमर है।
शरीर के समाप्त होने पर भी
इसका अंत नहीं होता।

श्री जगदीश राज शर्मा
(01.07.1932-21.07.2012)
पितृ देवो भवः ।
बारहवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
जगमोहन शर्मा ( Retd. ZM, LICI ) एवं परिवारजन गुड़गांव


## एक व्यक्ति की शिकायत पर 28 किसानों के प्लॉट अटके

**नोएडा,** (पंजाब केसरी): छलेरा गांव के 28 किसानों को दिए जाने वाले कोटे के पांच प्रतिशत भूखंडों का मामला एक व्यक्ति मिश्री लाल की आपत्ति के कारण अटक गया है। प्राधिकरण आपत्ति के निस्तारण में देरी कर रहा है। इसको लेकर किसान नेताओं ने सोमवार को प्राधिकरण अधिकारियों से मुलाकात कर अपना विरोध दर्ज कराया। प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक खास बात यह है कि प्राधिकरण में इन सभी भूखंडों पर आपत्ति निठारी निवासी मिश्रीलाल नामक व्यक्ति ने लगाई है। ये आपत्तियां अगस्त-2021 से शुरू की गई थीं, लेकिन प्राधिकरण के अधिकारी अभी तक इन आपत्तियों का निस्तारण नहीं कर पाए हैं।

## युवा शक्ति स्कूल के छात्र ने सीए फाइनल में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): युवा मॉडल स्कूल शक्ति एजुकेशन सोसायटी की रामा विहार शाखा के कक्षा दसवीं सत्र 2016-17 के पूर्व उच्चाकांक्षी छात्र 'शिवम मिश्रा' ने सी. ए. फाइनल परीक्षा 2024 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि शैक्षणिक उत्कृष्टता, अटूट समर्पण और दृढ़ता का प्रतीक है। जिस पर विद्यालय को बहुत गर्व है। प्रबंध निदेशक कार्तिक शर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति तथा समस्त युवाशक्ति परिवार इस महत्वपूर्ण उपलब्धि तक पहुंचने में उनकी सर्वोत्कृष्ट सफलता के लिए उन्हें और उनके माता- पिता को हार्दिक बधाई देता है।

## आईडीबीआई बैंक की पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के लिए अपने त्रैमासिक परिणाम जारी किए। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के लिए बैंक का शुद्ध लाभ साल-दर-साल 40% वृद्धि करते हुए 1719 करोड़ रुपए रहा। ऑपरेटिंग लाभ 2076 करोड़ रहा। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 4.18% का शुद्ध ब्याज मार्जिन दर्ज हुआ और पहली तिमाही में शुद्ध ब्याज आय 3233 करोड़ रही, जो वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 3998 करोड़ थी। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में जमा की लागत 4.58% रही, जो वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 4.12% थी। सीआरएआर साल-दर-साल 209 बीपीएस की वृद्धि करते हुए 22.42% पर पहुँच गया। एसेट्स पर रिटर्न साल-दर-साल 34 बीपीएस की वृद्धि के साथ 1.83% रहा, तथा ईक्विटी पर रिटर्न साल-दर-साल 123 बीपीएस बढ़ते हुए 19.87% पर पहुँच गया। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में शुद्ध एनपीए 30 जून 2023 को 0.44% से घटकर 0.23% रह गया और सकल एनपीए 5.05% से कम होकर 3.87% पर आ गया।

## लग्जरी कारों की चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 6 गिरफ्तार

**नोएडा,** (पंजाब केसरी): थाना सेक्टर 113 पुलिस ने 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी 5 मिनट में डुप्लीकेट चाबी बनाकर लग्जरी गाड़ियां चुराते थे। उसके बाद पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, चेन्नई और नार्थ-ईस्ट में मनमाने दाम पर बेचते थे। इनके पास से 10 कार बरामद की गई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि नोएडा से एक फॉर्च्यूनर कार चोरी की शिकायत मिली थी। सर्विलांस और मुखबिर की सूचना पर पुलिस एफएनजी रोड पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान भारत अस्पताल के पास सर्विस रोड पर दोपहर करीब एक बजे 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान खलील, मोनु कुमार, सोनू, राजेश कक्कड उर्फ राजा, अली शेर उर्फ इमरान, प्रमोद को गिरफ्तार किया गया। इनकी उम्र 29 से 38 साल के बीच की है। इनके पास से 10 चोरी की लग्जरी कार, 19 चाबी अलग-अलग कंपनी, 02 क्लिप, 01 वायर कटर, 01 प्लास, 12 नम्बर प्लेट 06 फर्जी आरसी सहित गिरफ्तार किया गया। इन छह के खिलाफ उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों में मुकदमा दर्ज है।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **उमेश कुमार पुत्रः** दुखी साहू **पताः** ए– 108, राजा विहार, बादली औद्योगिक क्षेत्र दिल्ली, ने **FIR No. 317/2013 U/s 33/55(5) Delhi Excise Act. थानाः केएनके मार्ग दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **उमेश कुमार,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **उमेश कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 317/2013 U/s 33/55(5) Delhi Excise Act. थानाः केएनके मार्ग दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **उमेश कुमार,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.09.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशू सहलोथ
DP/9485/RD/2024 एमएम – 03, उत्तरी जिला, कमरा नंबर 213
(Court Matter) रोहिणी कोर्ट, दिल्ली.

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना सं. व.मं.वि.इ./गति शक्ति/ इज्जत/इले./13/2024 दि. 20.07.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/ विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है:

**क्रम सं. :** 01, **कार्य का नाम :** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विभिन्न रेलवे स्टेशनों के बचे हुए एवं अतिरिक्त कार्य के संबंध में विद्युत कार्य, **अनुमानित लागत रु. में :** 1,74,80,978.04, **धरोहर राशि रु. में :** 2,37,500.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में :** शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** 12.08.2024 11.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** चार माह।

• इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई-टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिएं।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा./गति शक्ति)/
मुजाधि/विद्युत-86 इज्जतनगर

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वीरेश उर्फ आलोक** पुत्र रिछपाल निवासी एन–21बी/67, लाल बाग, आजादपुर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 49/2021 धारा 392/394/411/34 भा.द.स., थाना मॉडल टाउन, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **वीरेश उर्फ आलोक** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **वीरेश उर्फ आलोक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 49/2021 धारा 392/394/411/34 भा.द.स., थाना मॉडल टाउन, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **वीरेश उर्फ आलोक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **31.08.2024** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री हिमांशु सहलोथ,
महानगर दण्डाधिकारी–03 (उत्तर)
कोर्ट नं. 213,
DP/9514/NW/2024 रोहिणी कोर्ट, दिल्ली,

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P. C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू लाकड़ा पुत्र श्री गोपाल लाकड़ा** निवासी मकान नं. 285, बाबू का घर, पुस्ता गोपालपुर, दिल्ली, ने **Case/ FIR. No. 214/12 U/S 307/34 IPC.,** के अंतर्गत थानाः **तिमारपुर,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोनू लाकड़ा** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोनू लाकड़ा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case/ FIR. No. 214/12 U/S 307/34 IPC.,** थानाः **तिमारपुर,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सोनू लाकड़ा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अपूर्व गुप्ता, JMFC-02,
DP/9460/N/2024 कमरा नंबर 26, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, मरवाही जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**

ई–प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

*सिस्टम निविदा क्र. 156344/निविदा सूचना क्र.03/वलेलि/2024-25, दिनांक 19.7.2024*

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **12.8.2024,** 17.30 बजे तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

**कार्य का नाम :** लोवरसोन व्यपवर्तन योजना के सी.सी. लाईनिंग का निर्माण कार्य।

**अनुमानित लागत : रु. 246.30 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **26.7.2024** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।

**नोट :** 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.8.2010 (संशोधित 22.8.2022) के अनुसार है।

हस्ता./- कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग मरवाही (छ.ग.)
कृते-मुख्य अभियन्ता हसदेव कछार,
G-242501238/4 जल संसाधन विभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिल कुमार** पुत्र श्री चंदर सिंह निवासी मकान नं. 4, बी–ब्लॉक, रंगपुरी, महिपालपुर, नई दिल्ली दूसरा पताः बंगला नंबर 24, न्यू मोती बाग, दक्षिण–पश्चिम, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 92/2020 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना कापसेहड़ा, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अनिल कुमार** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अनिल कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 92/2020 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना कापसेहड़ा, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **23.09.2024** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री निधीश कुमार मीणा,
महानगर दण्डाधिकारी–10,
कोर्ट नं. 316, तीसरी मंजिल,
DP/9418/SW/2024 द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड गौतमबुद्धनगर।**

पत्रांक– 432 /ग्रा0अ0वि0/निविदा–पत्रा./2024–25/ दिनांकः– 15.07.2024

अल्पकालीन ई0–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्या– 3

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म से दिनांक 26.07.2024 से दिनांक 31.07.2024 तक दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की बिड दिनांक 01.08.2024 को अपराह्न 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित आर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधि के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा निविदाऐं खोली जायेगी। टेक्नीकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की फाइनेन्शियल बिड अगले कार्य दिवस में पूर्वाह्न 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में फाइनेन्शियल बिड उसी कम एवं समयानुसार अगले दिवस में खोली जायेगी।

| क0सं0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) 2% EMD | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व 18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | युसुफपुर चकशाहबेरी में रणधीर के घर से सांई मन्दिर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 9.35 | 0.19 | 3 माह | 225+18% GST+500 (S.Charge) 766.00 | UP RED A,B,C,D |
| 2 | सलारपुर खादर में श्री सचान के घर से श्री राजेश के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 7.30 | 0.15 | 3 माह | 225+18% GST+500 (S.Charge) 766.00 | UP RED A,B,C,D |
| 3 | सलारपुर में श्री धनश्याम झा के घर से ललित के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 2.47 | 0.05 | 3 माह | 75+18% GST+500 (S.Charge) 689.00 | UP RED A,B,C,D |
| 4 | ककराला कॉलोनी में बहाब के घर से विशम्बर झा के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 7.47 | 0.15 | 3 माह | 225+18% GST+500 (S.Charge) 766.00 | UP RED A,B,C,D |
| 5 | ककराला कॉलोनी में पुस्ता से गौतम शर्मा के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 5.81 | 0.12 | 3 माह | 225+18% GST+500 (S.Charge) 766.00 | UP RED A,B,C,D |
| 6 | हल्द्वोनी में सतपाल के घर से हरेन्द्र पाण्डेय के घर से होते हुए राजू के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 9.25 | 0.19 | 3 माह | 225+18% GST+500 (S.Charge) 766.00 | UP RED A,B,C,D |
| 7 | सरस्वती कुंज तिगडी में श्री अशोक झा के घर से श्री सुशील मिश्रा के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 8.57 | 0.18 | 3 माह | 225+18% GST+500 (S.Charge) 766.00 | UP RED A,B,C,D |
| 8 | तिगडी में श्री विपिन के घर से श्री अशोक के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 6.70 | 0.14 | 3 माह | 225+18% GST+500 (S.Charge) 766.00 | UP RED A,B,C,D |
| 9 | गढी चौखण्डी के अजनारा कॉलोनी में बच्चू सिंहे के मकान से प्रवीन के मकान व रामकुमार के घर से अरविन्द्र के घर तक एवं संजय कुमार के घर से गिरीश के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 7.57 | 0.16 | 3 माह | 225+18% GST+500 (S.Charge) 766.00 | UP RED A,B,C,D |
| 10 | ककराला में श्री राम धर्म कांटा से पुराना शिव मंदिर होते हुए महिपाल के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 9.74 | 0.20 | 3 माह | 225+18% GST+500 (S.Charge) 766.00 | UP RED A,B,C,D |

1–कार्य को पूर्ण करने की अवधि उक्त तालिका के कॉलम संख्या–5 में वर्षाकाल सहित अंकित है।
2–निविदा प्रपत्र शुल्क का भुगतान इंटरनेट बैकिंग के माध्यम से किया जाना अनिवार्य होगा।
3–निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा अन्य विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
4–कार्य सम्पादन के समय ठेकेदार को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी कोविड–19 से सम्बन्धित समस्त सुरक्षा उपायों का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।
5–नियोक्ता को आई.टी.बी. क्लॉज 10 ऑनलाइन के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जाएगा। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से निगरानी रखें और नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर जाए।

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
आर.ओ. संख्या-217568 दिनांक- 22.07.2024 प्रखण्ड गौतमबुद्धनगर

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

**ई–निविदा संख्याः- 03/2024-25/STPKG/RWD/EE/JSR दिनांक :- 20.07.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/EE/JSR/STPKG/01/2024-25 | घोड़ाबांधा, दंगाड़दागिरी से बिनापानी हाई स्कूल भाया धानचट्टनी बस्ती तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं–4.750 कि0मी0) | 87,49,400.00 | सतासी लाख उन्चास हजार चार सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| | | पारडीह काली मंदिर से मिर्जाडीह भाया आशियाना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं–4.000 कि0मी0) | 6,42,46,400.00 | छः करोड़ बयालीस लाख छियालीस हजार चार सौ रू0 मात्र | |
| | | कदमा हितकु चौक से गोविन्दपुर रेलवे हाल्ट भाया महतोडीह बारी आश्रम तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं–5.300 कि0मी0) | 68,36,000.00 | अड़सठ लाख छत्तीस हजार रू0 मात्र | |
| | | टी06 से बयांगबिल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं–2.500 कि0मी0) | 1,25,50,800.00 | एक करोड़ पच्चीस लाख पचास हजार आठ सौ रू0 मात्र | |
| | | हुलूदबनी शितला चौक से बयांगबिल ग्राम तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं–3.200 कि0मी0) | 1,56,15,100.00 | एक करोड़ छप्पन लाख पन्द्रह हजार एक सौ रू0 मात्र | |
| | | कुल | 10,79,97,700.00 | दस करोड़ उनासी लाख सन्तानवे हजार सात सौ रू0 मात्र | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 01.08.2024।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 14.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि jharkhandtenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन मोड में स्वीकार की जाएगी।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 16.08.2024 पूर्वाह्न 11.00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर, ब्लॉक–करनडीह, थाना–परसुडीह, जमशेदपुर, झारखण्ड, पिन–831002।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0657–2298902।
8. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
PR.NO.330281 REO(24-25):D ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर


CMYK

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्
भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।




# रण छोड़ भागे बाइडेन

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडेन ने राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी वापिस लेकर राष्ट्रपति पद के लिए भारतीय मूल की कमला हैरिस की सिफारिश कर सबको चौंका तो जरूर दिया है लेकिन राजनीतिक विश्लेषक उनके इस फैसले को डेमोक्रेटिक पार्टी और अमेरिका के हित में करार दे रहे हैं। राष्ट्रपति पद के चुनावों को अभी 4 माह का समय है और इस घटनाक्रम से व्हाइट हाउस की रेस बड़ी दिलचस्प हो गई है। पिछले हफ्ते ही बाइडेन कोरोना से संक्रमित होने के बाद अपने गृह राज्य डेलावेयर लौटे थे। हालांकि इस बात के संकेत उन्होंने पहले ही दे दिए थे कि अगर हैल्थ की कोई समस्या हुई तो वे अपनी उम्मीदवारी वापिस ले सकते हैं। बाइडेन की उम्मीदवारी को लेकर डेमोक्रेट्स की चिंता काफी बढ़ी हुई थी और 17 के लगभग डेमोक्रेट्स सांसद उनसे उम्मीदवारी छोड़ने का आग्रह कर चुके थे। बाइडेन के राष्ट्रपति पद की रेस से बाहर हो जाने के कई कारण हैं। उम्र का तकाजा कहिए या उनका अस्वस्थ होना भी एक कारण रहा और उनके प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उनकी मेंटल और फिजिकल हैल्थ को लेकर लगातार सवाल खड़े कर रहे थे। कभी वह कमला हैरिस को ट्रंप कह देते थे तो कभी यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को पुतिन कह देते थे।

पिछले महीने चुनावों की पहली बहस का आयोजन किया गया था।90 मिनट तक चली इस बहस के दौरान, राष्ट्रपति बाइडेन और ट्रंप ने अर्थव्यवस्था, आव्रजन, विदेश नीति, गर्भपात और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर बहस की। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को झूठा और अमेरिका के इतिहास का सबसे खराब राष्ट्रपति कहा। जिसके बाद पोल में कहा गया है कि बहस को टीवी पर देखने वाले पंजीकृत 33 प्रतिशत लोगों में से 67 प्रतिशत ने माना कि पहली बहस में ट्रंप बाइडेन पर भारी पड़े।बहस देखने वालों में से 57 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्हें बाइडेन की देश का नेतृत्व करने की क्षमता पर भरोसा नहीं है, वहीं 44 प्रतिशत ने ट्रंप की क्षमताओं पर शक जाहिर किया था।

**अब सवाल यह है कि बाइडेन के मैदान से हटने से ट्रंप के चुनाव पर क्या कोई असर पड़ेगा। ट्रंप के हौंसले बहुत बुलंद हैं। उन्होंने बाइडेन को निशाना बनाते हुए अपनी जीत का दावा किया है। ट्रंप ने जेडी वेंस को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया जो उनके बड़े विरोधी रहे हैं। दरअसल जेडी वेंस की पत्नी भारतीय मूल की ऊषा चिलुपुरी है। ऊषा के मां-बाप भारत से अमेरिका जाकर बसे थे। ऊषा पेशे से वकालत करती है लेकिन उन्हें येल की आध्यात्मिक गुरु कहा जाता है। उनका भारतीय मूल के लोगों में काफी प्रभाव है।**

इसका असर यह हुआ कि वित्त दाताओं के एक समूह ने 90 मिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान देने से इंकार कर दिया। बाइडेन के समर्थन में भारतीय अमेरिकी समर्थकों में लगभग 19 फीसदी गिरावट आ गई थी। डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर बाइडेन के खिलाफ आवाजें उठने लगी थी और पार्टी विकल्पों पर विचार भी करने लगी थी। हाल ही में एक चुनावी रैली में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप पर गोली चलाए जाने की घटना के बाद उनके पक्ष में एक सुहानुभूति लहर चल पड़ी थी। ट्रंप की बढ़ती लोकप्रियता ने डेमोक्रेटिक पार्टी को डरा दिया था इसलिए पार्टी के नेताओं ने बाइडेन पर उम्मीदवारी वापिस लेने का दबाव डालना शुरू कर दिया था। बाइडेन ने मौजूदा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को राष्ट्रपति पद के लिए समर्थन देने की बात कही है। इसके बाद कमला हैरिस ने कहा है कि वो बाइडेन के समर्थन से सम्मानित महसूस कर रही है और उम्मीदवारी जीतने के लिए वह हर संभव कोशिश करेगी।

अब क्योंकि चुनावों में बहुत कम समय रह गया है और उम्मीद है कि डेमोक्रेटिक कमला हैरिस की उम्मीदवारी का समर्थन करेंगे। इसका कारण यह भी है कि कमला हैरिस इस समय दूसरे नंबर के संवैधानिक पद पर है और राष्ट्रपति पद का टिकट चाह रही एक पहली अश्वेत महिला को पीछे करना पार्टी के लिए घाटे का सौदा हो सकता है। कमला हैरिस पहले भी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी हासिल करने की कोशिश कर चुकी है। वर्ष 2020 में वह शुरूआती प्राइमरी से ही बाहर हो गई थी। सर्वेक्षण बताते हैं कि कमला भी बाइडेन की तरह ही कमजोर है। देखना होगा कि कमला हैरिस अपने लिए पार्टी को एकजुट करने में कितना सफल रहती है। अब सवाल यह है कि बाइडेन के मैदान से हटने से ट्रंप के चुनाव पर क्या कोई असर पड़ेगा। ट्रंप के हौंसले बहुत बुलंद हैं। उन्होंने बाइडेन को निशाना बनाते हुए अपनी जीत का दावा किया है। ट्रंप ने जेडी वेंस को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया जो उनके बड़े विरोधी रहे हैं। दरअसल जेडी वेंस की पत्नी भारतीय मूल की ऊषा चिलुपुरी है। ऊषा के मां-बाप भारत से अमेरिका जाकर बसे थे। ऊषा पेशे से वकालत करती है लेकिन उन्हें येल की आध्यात्मिक गुरु कहा जाता है। उनका भारतीय मूल के लोगों में काफी प्रभाव है। समूचे राजनीतिक घटनाक्रम ने राष्ट्रपति चुनाव की दिशा बदल दी है। कुछ भी हो ट्रंप की छवि इस समय एक ऐसे फाइटर की बन गई है जिसे अमेरिकी काफी पसंद कर रहे हैं। ट्रंप देश में बढ़ते अवैध प्रवासियों, बढ़ती घुसपैठ और सुरक्षा प्रबंधों को लेकर लगातार बाइडेन को निशाना बनाते आ रहे हैं। इस बात पर संदेह है कि कमला हैरिस ट्रंप का कितना मुकाबला कर पाएंगी। कमला हैरिस को उम्मीदवार बनाना डेमोक्रेटिक के लिए जोखिम भरा कदम जरूर है लेकिन इस समय कोई विकल्प भी नहीं है।

**आदित्य नारायण चोपड़ा**
Adityachopra@punjabkesari.com

## क्यों न मिलकर हर लम्हें को...


गीता पाढा

चलो जहां चलते हैं वहीं कारवां बनाते हैं,
रोते हुओं को हंसाते हैं और उदास चेहरों पर मुस्कान ले आते हैं,
वक्त तो कैसे न कैसे गुजरना ही है जनाब ,
क्यों न मिलकर हर लम्हें को यादगार बनाते हैं !

## जालंधर में दो करोड़ की विदेशी करेंसी बरामद

**जालंधर,** (पंजाब केसरी): पंजाब के जालंधर में पुलिस ने एक क्रेटा कार से करीब 2.5 करोड़ की विदेशी करेंसी बरामद की है। चेकिंग के दौरान कार नंबर पीबी07 सीडी 5821 की तलाशी ली गई। देर रात पंजाब पुलिस ने कार चालक से पूछताछ की। पैसे गिनने के लिए मशीन मंगवाई गई।

जांच में पता चला है कि कार होशियारपुर निवासी पुनीत सूद उर्फ गांधी के नाम पर है। कार चालक के पास बरामद नकदी के कोई कानूनी दस्तावेज नहीं हैं। गिरफ्तारी के दौरान कार चालक और पुलिस अधिकारी के बीच विवाद भी हुआ। पुलिस ने देर रात आरोपी के खिलाफ बारादरी थाने में मामला दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि कार चालक इससे पहले भी दिल्ली में 10 करोड़ रुपए की नकदी के साथ पकड़ा गया था। पुलिस प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस मामले का खुलासा कर सकती है। जानकारी के अनुसार, व्यक्ति से बरामद विदेशी मुद्रा का बाजार मूल्य करीब दो करोड़ रुपए है। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है और मामला अभी एजेंसियों को नहीं भेजा गया है।

# हैवान के साये से कम्प्यूटर को बचाएं कैसे ?



डा. विजय दर्डा
संपादक : लोकमत समूह
पूर्व राज्यसभा सांसद

**शुक्रवार** को दुनिया के सबसे बड़े कम्प्यूटर ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ जो कुछ भी हुआ उसने मुझे एक पुरानी कहावत याद दिला दी...जब बाड़ ही खेत खाने लगे तो रखवाली कौन करे? दरअसल हुआ यही है। किसी ने भी माइक्रोसॉफ्ट पर साइबर हमला नहीं किया, किसी ने सिस्टम को हैक नहीं किया लेकिन पूरी दुनिया के लाखों-करोड़ों सिस्टम हैंग हो गए। सामान्य भाषा में कहें तो अटक गए। तकनीक के इस युग में ऐसी भीषण अटकन ने बैंकों, हवाई सेवाओं, बड़ी-बड़ी कंपनियों, अस्पतालों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों का काम ठप कर दिया। इस घटना से भविष्य के लिए कई बड़े सवाल खड़े हो गए हैं।

चलिए सबसे पहले बिल्कुल सामान्य भाषा में समझते हैं कि हुआ क्या था? हर कम्प्यूटर चलाने वाले को यह अंदेशा रहता है कि कहीं कोई वायरस न आ जाए या कोई साइबर हमला न हो जाए इसलिए वह साइबर सुरक्षा सिस्टम का उपयोग करता है। एक कंपनी है क्राउडस्ट्राइक फाल्कन जिसका मुख्यालय ऑस्टिन, टेक्सास (अमेरिका) में है और उसका सॉफ्टवेयर कॉर्पोरेट सिस्टम पर बैकग्राउंड में रहता है, जो किसी भी वायरस और साइबर हमले का पता लगाता है। माना जा रहा है कि इस कंपनी के 10 हजार से ज्यादा कर्मचारियों में से किसी ने सॉफ्टवेयर का अपडेट तैयार किया और उसे फ्लो कर दिया। कम्प्यूटर पर जैसे ही अपडेट दिखा, स्वाभाविक तौर पर लोगों ने एक्सेप्ट कर लिया। इसके साथ ही कम्प्यूटर का स्क्रीन नीला हो गया, कम्प्यूटर की भाषा में इसे ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ कहते हैं। इसका मतलब है कि कम्प्यूटर किसी काम का नहीं रहा।

माइक्रोसॉफ्ट का ऑपरेटिंग सिस्टम सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है और माइक्रोसॉफ्ट इस क्राउडस्ट्राइक साइबर सुरक्षा का इस्तेमाल करता है इसलिए पूरी दुनिया में हाहाकार की स्थिति पैदा हो गई। भारत में 200 से ज्यादा उड़ानें प्रभावित हुईं, अमेरिका में तो यह संख्या हजारों में थी। ब्रिटेन में रेल और हवाई यात्री परेशान हुए। शेयर बाजार भी अछूता नहीं रहा, दुनिया के कई देशों में टीवी प्रसारण बंद हो गया। भारत में विमान कंपनियों ने मजबूरी में हाथ से लिखे बोर्डिंग पास जारी किए। ज्यूरिख में तो विमानों की लैंडिंग भी नहीं हो पा रही थी। ऑस्ट्रेलिया, हांगकांग, थाईलैंड, हंगरी, इटली व तुर्किये में भी उड़ानें बाधित हुईं।

यदि यह कोई साइबर हमला होता तो बात शायद उतनी चिंता की नहीं होती क्योंकि साइबर हमले से निपटने में पूरी दुनिया लगी हुई है। समस्या यह है कि साइबर हमले से निपटने वाला जो सिस्टम है, वही आत्मघाती साबित हुआ है। सवाल यह है कि क्या उस अपडेट को जारी करने से पहले जांचा-परखा नहीं गया? कोई अकेला कर्मचारी तो इस तरह अपडेट फ्लो नहीं कर सकता। कहीं बड़ी चूक हुई है, मान लीजिए कि भविष्य में इससे भी बड़ी कोई चूक हो जाए तो फिर क्या होगा? यह सवाल अत्यंत गंभीर इसलिए है क्योंकि हम दैनिक जीवन की जरूरतों के लिए भी पूरी तरह से कम्प्यूटर पर आश्रित होते जा रहे हैं। निश्चित रूप से इसने हमारी जिंदगी को सुगम बना दिया है लेकिन सुरक्षा के मामले में कई बार ऐसी चूक हो जाती है कि ऐसा लगता है कि कम्प्यूटर पर हैवान का साया घूम रहा है, सुनामी के वक्त को शायद आप भूले नहीं होंगे। जापान में जब सुनामी आई तो बिजली चली गई और लोगों के स्वचालित घर नहीं खुल सके और हजारों-हजार लोग अपने घरों में कैद हो गए. बहुतों की जान भी चली गई।



आप जानकर हैरान रह जाएंगे कि साइबर हमले के मामले में भारत पहले पायदान पर है। एप्लिकेशन सुरक्षा कंपनी इंडसफेस की रिपोर्ट में बताया गया है कि 2023 में भारतीय वेबसाइट्स और ऐप्स पर हर दिन औसतन एक करोड़ से भी ज्यादा साइबर अटैक हुए। हमले दुनिया के हर हिस्से से हुए लेकिन यह माना जाता है कि उत्तरी कोरिया और चीन के हैकर इस मामले में शीर्ष पर हैं जो दुनिया के हर कम्प्यूटर को निशाने पर लेने की क्षमता रखते हैं। निश्चय ही इनमें छोटे साइबर हमलों की तादाद ज्यादा थी और ज्यादातर हमले सुरक्षा सिस्टम के कारण नाकाम भी हो गए लेकिन कुछ बड़े साइबर हमलों ने भारत को परेशान भी किया। आपको याद ही होगा कि भारत के कई बड़े अस्पताल, यहां तक कि एम्स भी हमले की चपेट में आ गया था।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हेल्थकेयर की 100 फीसदी वेबसाइट तो बैंकिंग, फाइनेंस और बीमा की 90 फीसदी वेबसाइट्स पर साइबर अटैक हुआ। यहां तक कि डिफेंस पर भी अटैक हुए, सबसे बड़ी चिंताजनक बात है कि भारत में करीब 40 प्रतिशत बड़े उद्योग इन साइबर हमलों को रोकने में सक्षम नहीं हैं। साइबर हमले और पैसों की वसूली के मामले बढ़ते जा रहे हैं। हैकर किसी कंपनी के कम्प्यूटर सिस्टम पर हमला करते हैं और उसे हैक कर लेते हैं। फिर डाटा वापस देने के लिए भारी-भरकम राशि की मांग रख देते हैं। शिकार कितनी राशि देता है, इसका आंकड़ा उपलब्ध नहीं है क्योंकि कोई बताता नहीं है। निश्चय ही इस साइबर हमले से नुकसान वाले देशों में हम अकेले नहीं हैं। अमेरिकी विशेषज्ञों का अनुमान है कि 2024 में साइबर हमलों से होने वाला नुकसान 9.5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा का होगा। अमेरिका और भारत जैसे देश की सरकारें खुद का स्टोरेज सिस्टम रखती हैं लेकिन निजी कंपनियां दूसरों के स्टोरेज सिस्टम का इस्तेमाल करती हैं इसलिए सहज शिकार हो जाती हैं।

एक चिंता मुझे बहुत सताती है कि क्या हम स्टार वार फिल्मों का जो फिक्शन देखते हैं, उस दिशा में बढ़ रहे हैं? यदि हां तो वो लड़ाइयां कम्प्यूटर से लड़ी जाएंगी। क्या हम उसके लिए तैयार हैं? क्या हमारे रोबोट तैयार हैं? मैं मानता हूं कि आदमी अपनी जगह बना रहेगा लेकिन उसकी शक्तियां कम्प्यूटर कंट्रोल करेंगे। हमारी नई पीढ़ी को इसकी तैयारियों के लिए शिद्दत के साथ जूझना होगा, आत्मरक्षार्थ भी और जरूरत पड़ने पर आक्रमण के लिए भी, हमारे वैज्ञानिकों के सामने ये एक बड़ी चुनौती है।

# याद रखना, भूल ना जाना वतन पर मिटने वालों को


आर. के. सिन्हा
पूर्व राज्यसभा सांसद

**अब** कुछ दिनों के बाद ही 26 जुलाई को सारा देश "कारगिल विजय दिवस" के रूप में मनाएगा। उस युद्ध में भारतीय सेना ने सभी बाधाओं को पार करते हुए भारी बलिदान देते हुये भी कारगिल क्षेत्र के बर्फीले पहाड़ों से पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ दिया था। यह भारत का पहला टेलीविज़न युद्ध भी था जिसके दौरान टोलोलिंग और टाइगर हिल जैसे अज्ञात निर्जन शिखर सारे देश की जुबान पर आ गए थे।

कारगिल युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच मई और जुलाई 1999 के बीच हुआ था। परवेज मुशर्रफ की सरपरस्ती में पाकिस्तान की सेना और कश्मीरी उग्रवादियों ने भारत और पाकिस्तान के बीच की नियंत्रण रेखा पार करके भारत की ज़मीन पर कब्ज़ा करने की कोशिश की। पाकिस्तान ने दावा किया कि लड़ने वाले सभी कश्मीरी उग्रवादी हैं लेकिन युद्ध में बरामद हुए दस्तावेज़ों और पाकिस्तानी नेताओं के बयानों से साबित हो गया था कि पाकिस्तान की सेना प्रत्यक्ष रूप में इस युद्ध में शामिल थी। भारतीय सेना और वायुसेना ने पाकिस्तान के कब्ज़े वाली जगहों पर हमला किया और धीरे-धीरे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से पाकिस्तान को सीमा पार घुसपैठ को छोड़, अपने वतन में वापिस जाने को मजबूर किया। कारगिल युद्ध ऊंचाई वाले इलाके पर हुआ था और भारतीय सेनाओं को पहाड़ियों के नीचे से लड़ने में काफ़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था।

परमाणु बम बनाने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ यह पहला सशस्त्र संघर्ष था। अंतत: 26 जुलाई 1999 को भारत ने कारगिल युद्ध में विजय हासिल की थी। इसलिए 26 जुलाई का दिन हर वर्ष "कारगिल विजय दिवस" के रूप में मनाया जाता है। उस करीब दो महीने तक चले युद्ध में भारतीय सेना ने लगभग 527 से अधिक वीर योद्धाओं को खोया था वहीं 1300 से ज्यादा घायल हुए थे। युद्ध में 2700 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए थे। उन शहीदों के नाम कोई भी राजधानी के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में जाकर देख सकता है। उस जंग में दुश्मन के दांत खट्टे करने वाले शहीद कैप्टन अनुज नैयर की शौर्य गाथा को किसने नहीं सुना? राजधानी के दिल्ली पब्लिक स्कूल, धौला कुआं के छात्र रहे कैप्टन अनुज नैयर जाट रेजिमेंट में थे। कैप्टन अनुज नायर ने कारगिल जंग में टाइगर हिल्स सैक्टर में अपने साथियों के घायल होने के बाद भी मोर्चा सम्भाले रखा था। उन्होंने दुश्मनों को धूल में मिलाकर इस सामरिक चोटी "टाइगर हिल्स" को शत्रु के कब्जे से मुक्त करवाया था। अब बात करें कैप्टन हनीफुद्दीन की। कैप्टन हनीफुद्दीन राजपूताना राइफल्स के अफसर थे। कैप्टन हनीफुद्दीन ने कारगिल की जंग के समय तुरतुक में शहादत हासिल की थी। कारगिल के तुरतुक की ऊंची बर्फ से ढकी पहाड़ियों पर बैठे दुश्मन को मार गिराने के लिए हनीफुद्दीन ऊपर से हो रही गोलाबारी के बावजूद आगे बढ़ते रहे थे।

उत्तर प्रदेश के नोएडा के सैक्टर 18 में कैप्टन विजयंत थापर मार्ग है। कैप्टन थापर कारगिल युद्ध में देश के लिए कुर्बानी देने वाले सबसे कम उम्र के जांबाज थे। जून 1999 में कैप्टन विजयंत थापर ने तोलोनिंग पहाड़ी पर विजय हासिल की और भारत का तिरंगा लहराया। ये तो छोटी सी शौर्य गाथाएं हैं हमारे कुछ वीरों की। ये और बाकी तमाम वीरों को इसलिए रणभूमि में अपने प्राणों का बलिदान देना पड़ा, क्योंकि परवेज मुशर्रफ पर एक तरह से पागलपन सवार था। अंतत: उसका उसे नुक्सान ही हुआ।



आजादी के बाद देश की सेनाओं ने चीन के खिलाफ 1962 में और पाकिस्तान के खिलाफ 1948, 1965, 1971 और 1999 में जंग लड़ी। ये सारी लड़ाईयां हम पर थोपी गईं। हमने तो कभी आक्रमण किया ही नहीं। 1987 से 1990 तक श्रीलंका में ऑपरेशन पवन के दौरान भारतीय शांति सेना के शौर्य को भी नहीं भुलाया जा सकता है। 1948 में 1110 जवान, 1962 में सबसे ज्यादा 3250 जवान, 1965 में 364 जवान, श्रीलंका में 1157 जवान और 1999 में 527 जवान शहीद हुए। हमारी सेना में ऐसे जवानों की भी कमी नहीं है जो अलगाववादियों को पस्त करते हुए शहीद हुए।

इस बीच, पिछले सप्ताह जम्मू-कश्मीर में आतंकियों से लड़ते हुए शहीद पांचों जवानों के शव विगत मंगलवार को देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट लाए गए। उत्तराखण्ड की समृद्ध सैन्य परंपरा को अपने अदम्य साहस और पराक्रम से गौरवान्वित करने वाले अमर शहीदों की शहादत को कोटिश: नमन और अश्रुपूरित श्रद्धांजलि। इन शहीदों में जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) समेत पांच जवान शहीद और पांच अन्य घायल हो गए थे। शहीद होने वाले जवानों में सूबेदार आनंद सिंह, हवलदार कमल सिंह, राइफलमैन अनुज नेगी, राइफलमैन आदर्श नेगी, नायक विनोद सिंह शामिल हैं।

गुस्ताखी माफ, कभी-कभी तो लगता है कि रणबांकुरों को लेकर समूचे भारतीय समाज का रुख ठंडा ही रहा है। इससे अधिक निराशाजनक बात क्या हो सकती है कि पाठ्य पुस्तकों में उन युद्धों पर अलग से अध्याय तक नहीं हैं जिनमें हमारे जवानों ने जान की बाजी लगा दी। हमारे बच्चे आज भी मुगलों और अंग्रेजों के इतिहास ही पढ़ रहे हैं। हां, हम गणतंत्र दिवस और स्वाधीनता दिवस के मौके पर जवानों को याद करने की रस्म अदायगी जरूर कर लेते हैं।

कुछ समय पहले खबर आई थी कि पंजाब के लुधियाना शहर के मुख्य चौराहे पर 1971 की जंग के नायक शहीद फलाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेंखो की आदमकद मूर्ति के नीचे लगी पट्टिका को ही उखाड़ दिया गया। लुधियाना सेंखों का गृहनगर था। उन्हें अदम्य साहस और शौर्य के लिए मरणोप्रांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। यह सिलसिला यहीं नहीं थम जाता। मोदीनगर (उत्तर प्रदेश) में 1965 युद्ध के नायक शहीद मेजर आशा राम त्यागी की मूर्ति देखकर तो किसी भी सच्चे भारतीय का कलेजा फटने लगेगा।

इस तरह से दिल्ली सरकार ने भी शायद ही कभी कोशिश की हो कि 1971 की जंग के नायक अरुण खेत्रपाल के नाम पर किसी सड़क या अन्य स्थान का नामकरण किया जाए। मुग़ल और अंग्रेज शासकों के नाम पर सड़कों की भरमार है। कौन कहता है कि दिल्ली बेदिल है। ये अपने शूरवीरों को याद रखती है। अब बातें याद करें मेजर (डॉ.) अश्वनी कान्वा की। वे भारतीय शांति रक्षा सेना (आईपीकेएफ) के साथ 1987 में जाफना, श्रीलंका गए थे। यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज के स्टुडेंट रहे थे मेजर अश्वनी कान्वा। हमेशा टॉपर रहे। मेजर कान्वा 3 नवंबर, 1987 को अपने कैंप में घायल भारतीय सैनिकों के इलाज में जुटे हुए थे। उस मनहूस दिन शाम के वक्त उन्हें पता चला कि हमारे कुछ जवानों पर कैंप के बाहर ही हमला हो गया है। वे फौरन वहां पहुंचे। वे जब उन्हें फर्स्ट एड दे रहे थे तब छिपकर बैठे लिट्टे के आतंकियों ने उन पर गोलियां बरसा दीं। अफसोस कि दूसरों का इलाज करने वाले डॉ. मेजर कान्वा को फर्स्ट एड देने वाला कोई नहीं था। बेहद हैंडसम मेजर अश्वनी की शादी के लिए लड़की ढूंढी जा रही थी जब वे शहीद हुए। वे तब 28 साल के थे। आपको इस तरह के न जाने कितने ही उदाहरण मिल जाएंगे। ज़रूरत है कि वतन के लिए अपनी जान का नजराना देने वालों को सदा याद रखे भारत।

# दिव्यांग कोटे पर तेलंगाना की आईएएस स्मिता के बयान से मचा बवाल

**हैदराबाद,** (पंजाब केसरी): दिव्यांग मानदंडों के तहत परिवीक्षाधीन भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पूजा खेडकर की नियुक्ति को लेकर चल रहे विवाद के बीच तेलंगाना की वरिष्ठ अधिकारी स्मिता सभरवाल ने अखिल भारतीय सेवाओं (एआईएस) में दिव्यांगों के लिए आरक्षण की आवश्यकता पर सवाल उठाकर विवाद खड़ा कर दिया है। शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, दिव्यांग अधिकार कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों ने उनके विचार पर आपत्ति जताई। सभरवाल ने सोशल मीडिया के मंच 'एक्स' पर कहा कि चूंकि यह बहस जोर पकड़ रही है, इसलिए दिव्यांगों के प्रति पूरा सम्मान व्यक्त करते हुए, क्या कोई एयरलाइन किसी दिव्यांग को पायलट की नौकरी पर रखती है? या क्या आप किसी दिव्यांग सर्जन पर भरोसा करेंगे?" उन्होंने कहा कि एआईएस (आईएएस, आईपीएस, आईएफओएस) की प्रकृति लंबे समय तक क्षेत्र में कार्य कर लोगों की शिकायतें सीधे सुनने की है, जिसके लिए शारीरिक फिटनेस की आवश्यकता होती है। इस अग्रणी सेवा के लिए इस कोटे की क्या आवश्यकता है? इस पोस्ट पर शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और इसे "बहिष्कारवादी" दृष्टिकोण बताया। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि यह बहुत ही दयनीय और बहिष्कारवादी दृष्टिकोण है। यह देखना दिलचस्प है कि नौकरशाह किस तरह से अपनी सीमित सोच और विशेषाधिकार दिखा रहे हैं। सभरवाल की टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए 'नेशनल प्लेटफॉर्म फॉर द राइट्स ऑफ द डिसेबल्ड' (एनपीआरडी) की तेलंगाना इकाई ने कहा कि तेलंगाना सरकार को उनके (सभरवाल) पोस्ट के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। यह दिव्यांगों का अपमान है। एनपीआरडी, तेलंगाना के अध्यक्ष के. वेंकट ने केंद्रीय सेवाओं में दिव्यांगों के लिए कोटा लागू करने के पक्ष में अदालती फैसलों का हवाला दिया। उन्होंने एक बयान में कहा कि सभरवाल की पोस्ट दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के समानता के मार्गदर्शक सिद्धांत के खिलाफ है। अपने पोस्ट के लिए हुई आलोचना के मद्देनजर सभरवाल ने सोमवार को दिव्यांग अधिकार कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे इस बात की भी पड़ताल करें कि आईपीएस और रक्षा जैसे क्षेत्रों में दिव्यांग कोटा क्यों लागू नहीं किया गया है।



# एनटीए ने छह वर्षों में 16 परीक्षाएं स्थगित की

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने वर्ष 2018 में अपनी स्थापना के बाद से विभिन्न कारणों से कम से कम 16 परीक्षाएं स्थगित की हैं। शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को लोकसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। परीक्षा स्थगन के कारणों में कोविड-19 महामारी, प्रशासनिक कारण, साजो-सामान संबंधी कारण और तकनीकी मुद्दे शामिल हैं।

शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने लोकसभा में द्रमुक सांसद कनिमोझि के प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, "2018 में अपनी स्थापना के बाद से एनटीए ने 5.4 करोड़ से अधिक छात्रों की सहभागिता के साथ 240 से अधिक परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित की हैं।" उन्होंने कहा-एनटीए द्वारा आयोजित अधिकांश परीक्षाएं कई विषयों, कई पालियों में और कई दिन तक आयोजित की जाती हैं, इसलिए अप्रत्याशित परिस्थितियों जैसे कि कोविड-19 महामारी, साजो-सामान संबंधी और तकनीकी मुद्दे, प्रशासनिक मुद्दे, कानूनी मुद्दे सामने आए हैं, जबकि शुरू में अधिसूचित परीक्षा तिथियों में परीक्षा नहीं कराई जा सकी।

**● चार परीक्षाओं को कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया था**

साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, चार परीक्षाएं-जेईई-मेन (2020), नीट-यूजी (2020), जेईई-मेन (2021) और नीट-यूजी (2021) को कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि यूजीसी-नेट आदि की परीक्षाओं को कोविड-19 महामारी और साजो-सामान संबंधी चुनौतियों के कारण स्थगित कर दिया गया था।

## कर्मचारियों के ड्यूटी आवर्स बढ़ाने के प्रस्ताव में सरकार की कोई भूमिका नहीं

**बेंगलुरु,** (पंजाब केसरी): आईटी सेक्टर में कार्यरत कर्मचारियों के ड्यूटी आवर्स को बढ़ाने के प्रस्ताव को लेकर आलोचनाओं से घिरी कर्नाटक सरकार का बचाव करते हुए श्रम मंत्री संतोष लाड का बयान सामने आया है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस प्रस्ताव से सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। यह प्रस्ताव आईटी सेक्टर में कार्यरत दिग्गजों द्वारा प्रस्तावित किया गया है। इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं है।

इस बीच, संतोष लाड ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान ना महज अपनी सरकार का बचाव किया, बल्कि पीएम मोदी और बीजेपी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा-सबसे पहले आप यह समझिए कि यह प्रस्ताव हमारी सरकार द्वारा नहीं, बल्कि आईटी इंडस्ट्री के क्षेत्र में कार्यरत दिग्गजों द्वारा लगाया गया है। इस बिल को लाने में हमारी कोई भूमिका नहीं है। अगर किसी को लगता है कि इस बिल को लाने में हमारी सरकार की भूमिका है, तो मैं आपको बता दूं कि यह उनकी गलतफहमी है।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रैस, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

## कई इलाकों में हुई बारिश, गर्मी से लोगों को मिली राहत
## राजधानी के वायु गुणवत्ता में भी हुआ सुधार...

# हल्की बारिश से लबालब हुई सड़कें

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सोमवार को राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में हुई झमाझम बारिश के चलते लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि अगले दो दिनों तक राजधानी में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, जिससे मौसम सुहाना बना रहेगा। मौसम विभाग ने बारिश को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है। बता दें कि पिछले तीन-चार दिनों से दिल्ली में बूंदाबांदी तो हो रही थी लेकिन इससे वातावरण में नमी की मात्रा तो बढ़ने से दिन में धूप निकलने के चलते लोगों को उमस का सामना करना पड़ रहा था। सोमवार सुबह भी दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में तेज सूरज निकला रहा, लेकिन बारह बजे के बाद से ही घने बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। कुछ ही देर में आसमान में काले बादल छा गए और बारिश शुरू हो गई। इस दौरान मानक वेधशाला सफदरजंग में सबसे ज्यादा 31.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इस दौरान अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम पारा 29.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है। वहीं, आर्द्रता का स्तर 100 से 65 फीसदी तक रहा। यही नहीं मौसम में बदलाव के चलते दिल्ली की वायु गुणवत्ता भी लगातार साफ-सुथरी बनी हुई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 85 अंक पर रहा, जो कि संतोषजनक श्रेणी में हैं। वहीं, अगले दो दिनों के बीच भी साफ सुथरी वायु गुणवत्ता का यह स्तर बने रहने की संभावना है।







## 60 हजार में सीडीआर देने वाला डिटेक्टिव गिरफ्तार



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पुलिस को जब किसी के फोन की सीडीआर निकलवानी होती है तो उन्हें वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से इसकी अनुमति लेनी होती है। उसके बाद ही मोबाइल नेटवर्क सर्विस देने वाली कंपनियां सीडीआर (कॉल डिटेल रिकॉर्ड) मुहैया कराती हैं। मगर दिल्ली का एक डिटेक्टिव ऐसा था जो 60 हजार रुपए लेकर किसी की भी सीडीआर निकलवाकर दे देता था। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच को आरोपी के बारे में पता चला तो डमी कस्टमर तैयार कर उसे दबोच लिया। आरोपी की पहचान डिटेक्टिव एजेंसी चलाने वाले तरुण विनसेंट डेनियल (60) के तौर पर हुई है। इसके खिलाफ आपराधिक विश्वासघात समेत संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मोबाइल कंपनियों में कार्यरत उसके मददगारों की जानकारी जुटा रही है।

पुलिस के सूत्र के मुताबिक क्राइम ब्रांच की सेंट्रल रेंज टीम को गत 29 जून को सूचना मिली कि डिटेक्टिव एजेंसी की आड़ में एक शख्स सीडीआर की खरीद-फरोख्त का काम करता है। सूचना को पुख्ता करने के लिए पुलिस टीम ने एक डमी कस्टमर तैयार किया। डमी कस्टमर ने उसे वॉट्सऐप कॉल की। आरोपी ने सीडीआर देने के बदले 60 हजार रुपये की मांग की। कस्टमर ने एडवांस के तौर पर 29 हजार रुपये आरोपी को ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। आरोपी ने 17 जुलाई को वॉट्सऐप पर सीडीआर भेज दी। अब आरोपी ने बकाया रकम देने के लिए कहा। कस्टमर ने कहा कि वह बाकी रकम कल कैश में देगा। वही रकम देने के लिए उसने आरोपी को द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन के पास बुलाया। जैसे ही आरोपी वहां पहुंचा पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया।

आरोपी ने पुलिस के सामने पूछताछ में बताया कि वह 1996 से डिटेक्टिव एजेंसी चला रहा था। कुछ साल पहले उसकी मुलाकात गुड़गांव निवासी अर्जुन, अनुराग और बुलंदशहर निवासी संजय से हुई थी। उन्होंने अवैध तरीके से लोगों की सीडीआर निकालने की पेशकश की थी। इसके बाद से वह यह धंधा भी करने लगा। पुलिस टीम ने उत्तम नगर में डेनियल के घर में बॉथरूम से उसका फोन बरामद कर लिया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि संजय एक मोबाइल नेटवर्क कंपनी में काम करता है। उसने अपने जानकारों की मदद से अब तक करीब 100 से ज्यादा लोगों को सीडीआर निकालकर दी हैं। फिलहाल पुलिस इस गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## बारिश आते ही दिल्लीवाले बारिश के बंद होने की दुआ करते हैं : सचदेवा



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दिल्ली में आज दोपहर केवल एक घंटे की बारिश हुई और देखते देखते नजफगढ़ से छत्तरपुर तक एवं नरेला से बदरपुर तक अंधिकृत कॉलोनियों में हर ओर जलभराव एवं दलदल जैसी स्थिती बन गई। ऐसा नही की केवल अंधिकृत कॉलोनी या झुग्गी बस्ती वासी ही जलभराव से परेशान हुए हों, अच्छी अच्छी नियमित कॉलोनियों के वासी भी जलभराव से परेशान हुए क्योंकि आंतरिक गलियों में जलभराव हुआ। किशनगंज सहित अनेक अंडरपास थोड़ी सी बारिश में डूब गये तो आई.टी.ओ. सहित अनेक प्रमुख चौराहों पर जलभराव हुआ जिससे ट्रैफिक की रफ्तार थम गई। सचदेवा ने कहा है की पूरक गर्मी दिल्ली वाले बारिश आने की दुआ मनाते हैं पर केजरीवाल सरकार के लापरवाही, अक्रमणयता एवं भ्रष्टाचार के चलते नली नालों की सफाई नहीं होती और बारिश आते ही दिल्ली वाले बारिश के बंद होने की दुआ करने लगते हैं।

## आतिशी की जलभराव पर समीक्षा के बाद किए दावे फिर मानसूनी बारिश में बहेः यादव



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि जलभराव को रोकने के लिए केजरीवाल सरकार और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के तथाकथित "आश्वासन" और "तैयारियां" एक बार विफल हो गईं। आज की मानसून की बारिश ने एक बार फिर दिल्ली में जल-जमाव और यातायात जाम कर कर दिया। बारिश के कारण आईटीओ सहित दिल्ली के अधिकतर मुख्य चौराहों और अंडरपास पर पानी भरने के जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। देवेन्द्र यादव ने कहा कि भारी बारिश के कारण लगातार हो रहे जल भराव और यातायात की समस्या वास्तव में गैर-जिम्मेदारी और अक्षमता की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि 29 जून, 2024 को मानसून की पहली बारिश में कई अंडरपास और सड़कें जलमग्न हो गईं। प्रगति मैदान सुरंग सहित, और भारी जल-जमाव हुआ। दिल्ली सरकार और एमसीडी ने बड़े पैमाने पर हर वर्ष होते जल जमाव और लोगों की परेशानियों से कोई सबक नहीं सीखा है। उन्होंने कहा कि मानसून में हर बारिश में दिल्ली के अधिकांश हिस्से जल मग्न होने के बावजूद पानी निकासी का कोई हल दिल्ली सरकार के पास नही है। देवेन्द्र यादव ने याद दिलाया कि लोक निर्माण विभाग मंत्री आतिशी ने हाल ही में मानसून की तैयारियों की "समीक्षा" करने के लिए पुराने रेलवे ब्रिज और यमुना बाजार की यात्रा के बाद कहा था कि सरकार बाढ़ जैसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए "युद्ध स्तर" की तैयारी कर रही है, आज जब बारिश हुई तो जल-जमाव से निपटने की बहुत कम तैयारी की सभी पोल खुलकर जनता के सामने है।

## हल्की बारिश से चोक हुई दिल्ली, आप सरकार की खुली पोल : नेता प्रतिपक्ष



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को हुई हल्की बारिश के बाद दिल्ली में हुए जलभराव के मुद्दे पर दिल्ली नगर निगम की आम आदमी पार्टी पर कड़ा हमला बोला। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम की आप सरकार के पास बारिश के चलते हो रह जलभराव से निपटने के लिए कोई भी योजना नहीं है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली की महापौर साहिबा के द्वारा पिछले दिनों आनन फानन में किए हुए दौरे नाकाफी साबित हुए और आम आदमी पार्टी की नाकामयाबी की सजा दिल्ली की जनता को भुगतनी पड़ी। दिल्ली नगर निगम की आप सरकार किसी भी स्थिति से निपटने में नौसिखिया जैसा व्यवहार कर रही है। थोड़ी सी देर की बारिश में दिल्ली पानी पानी हुई जा रही है और दिल्ली की महापौर साहिबा एवं दिल्ली नगर निगम के प्रशासन के कानों पर जूं भी नहीं रेंग रही है। निगम चुनाव के समय तो आम आदमी पार्टी झूठी गारंटी देकर दिल्ली नगर निगम की सत्ता पर बैठ गई किंतु अब न इनसे निगम संभल रहा है और न ही दिल्ली। निगम की आप सरकार के शासन में अधिकारी निरंकुश हो गए हैं और आम आदमी पार्टी के पार्षदों को जन सरोकार के मुद्दों से कोई मतलब नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार...

### निगमायुक्त से मिले अनिल बाजपेई

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : गांधीनगर से भाजपा विधायक अनिल बाजपेई ने सोमवार को दिल्ली नगर निगम के आयुक्त के साथ मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गांधीनगर नगर में निगम विभाग से संबंधित आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा की और जल्द से जल्द निवारण करने की मांग की। बैठक के दौरान उन्होंने कहा, गांधीनगर मदर डेयरी कैलाश नगर से गांधीनगर मैंन रोड और पुश्ता के नीचे भू माफियों द्वारा अवैध रूप से सर्विस रोड पर कब्जा कर लिया गया है। जिसकी वजह से जाम की समस्या बनी रहती है। वहीं पुराने रेलवे पुल के समीप स्थित सोनिया गांधी कैंप में कुछ लोग सरकारी जमीन पर अवैध रूप से गोदाम बना लिए, एडीएम विवेक विहार द्वारा इसको दो बार सील किया गया फिर भी एमसीडी द्वारा और भूमाफियों के साथ मिलकर इस गोदाम को खोल दिया गया है। इसके अलावा अन्य कई समस्याओं के बारे में अवगत कराया, जिसपर निगमायुक्त अश्विनी कुमार ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान भाजपा मंडल के महामंत्री ऋषि राय, आजाद नगर बीजेपी मंडल के उपाध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, गांधीनगर आरडब्लूए के मंत्री सरदार जी एस मदान, गांधीनगर मार्केट एसोसिशन के सदस्य जितेंद्र शर्मा भी रहे।



## केसरी सूडोकू- 2932

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 9 | | | | 7 | 3 | |
| 7 | | 3 | | | | | | |
| 6 | | | 7 | | | 1 | | 2 |
| | | | | 5 | 6 | | | 3 |
| | 6 | | 1 | | 2 | | 4 | |
| 3 | | | 4 | 7 | | | | |
| 4 | | 1 | | | 5 | | | 6 |
| | | | | | | 3 | | 1 |
| | 9 | 6 | | | | 2 | 8 | |

**हल करने का तरीका**

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।
- आड़ी व खड़ी पंक्ति में और 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

**सूडोकू 2931 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 1 | 5 | 8 | 9 | 4 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 5 | 3 | 1 | 4 | 8 | 9 | 7 |
| 4 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 | 8 | 4 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 8 | 3 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 | 9 |
| 5 | 1 | 7 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 9 | 4 | 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 |

## सरकारी अस्पतालों में सिक्योरिटी गार्डों की तैनाती को लेकर बड़ा भ्रष्टाचार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): एलजी वीके सक्सेना के निर्देश पर भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन करते हुए भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने दिल्ली सरकार के विभिन्न अस्पतालों में सिक्योरिटी गार्ड देनेवाली कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इन कंपनियों के खिलाफ कई शिकायतें मिल रही थी। जिनमें सिक्योरिटी गार्डों की कम संख्या में तैनाती, अयोग्य उम्मीदवारों की भर्ती, ईएसआई और भविष्य निधि के फर्जी क्लेम, रिश्वत की मांग और सरकारी रुपये को गबन करने जैसी शिकायतें मिली थी। इन शिकायतों को लेकर जांच शुरू कर दी गई हैं। जांच के बाद जल्द ही गिरफ्तारी भी हो सकती है। शुरूआती जांच में सामने आया कि सरकारी अधिकारी कथित तौर पर निजी एजेंसियों के साथ आपराधिक साजिश में भी शामिल रहे हैं। इसमें कई लोगों की लिस्ट भी बना ली गई है। एसीबी चीफ मधुर वर्मा ने बताया कि कुछ समय पहले एसीबी ऑफिस में दो शिकायतकर्ता आए थे। जिन्होंने बताया कि दोनों सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर नौकरी कर रहे थे। कंपनियां जीटीबी अस्पताल, राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, बीआर अंबेडकर अस्पताल, स्वामी दयानंद अस्पताल, हिंदू राव अस्पताल और दिल्ली सरकार के अन्य अस्पतालों में सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराती हैं। सत्यापन के दौरान यह पता चला कि ये निजी कंपनियां सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर दिल्ली सरकार के विभिन्न अस्पतालों में सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराने में विभिन्न तरीके से भ्रष्टाचार कर रही हैं। उन्होंने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला कि सरकारी अस्पतालों में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती टेंडर के समय तय की गई संख्या से कम है। जबकि एजेंसियों को पूरा भुगतान मिला। एजेंसियों ने एक ही व्यक्ति के एक से अधिक अस्पतालों में बिल का दावा किया। कंपनियों ने ऐसे कर्मचारियों से सैलरी वापिस देने की मांग भी की। इतना ही नहीं इन कंपनियों पर फर्जी यूएएन, पीएफ व ईएसआई के जरिए क्लेम प्राप्त करने का भी आरोप है। नई भर्ती के लिए लोगों से रिश्वत मांगने की भी बात सामने आयी। अधिकारियों ने बताया कि कुछ शिकायतों और शिकायतकर्ताओं की जांच करने के बाद तीन सुरक्षा सेवा प्रदाता कंपनियों और मामले में शामिल अन्य सरकारी/निजी व्यक्तियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधी कानून की धारा 7 (ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसीबी ने पूरी साजिश का पता लगाने और सरकारी खजाने से गबन में सरकारी व निजी व्यक्तियों की भूमिका की जांच शुरू कर दी है।

**एसीबी ने तीन सिक्योरिटी एजेंसियों व अधिकारियों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर**

## भ्रष्टाचार में लिप्त कंपनियों व लोगों के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाईः भारद्वाज



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सरकारी अस्पतालों में सिक्योरिटी गार्ड उपलब्ध करने वाली कंपनियों के साथ कुछ सरकारी अधिकारियों व निजी व्यक्तियों की संलिप्तता के चलते एसीबी द्वारा की गई कार्रवाई पर स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों व कंपनियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस बात की भी जांच होनी चाहिए की मेरे द्वारा इस विषय में भ्रष्टाचार की शिकायत करने बावाजूद भी अधिकारियों ने क्यों कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि मंत्री बनने के बाद से ही मैन पावर की आउटसोर्सिंग की प्रक्रिया में बड़े भ्रष्टाचार की बात कह चुके हैं। आउटसोर्सिंग से संबंधित अधिकांश फाइलों पर वे इस संबंध में नोटिंग भी देते रहे हैं जिनमें भ्रष्टाचार का जिक्र किया गया है। भ्रष्टाचार का मुद्दा स्वास्थ्य सचिव व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ भी जोरशोर के साथ उठाया गया लेकिन ये लोग इस भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने से कतराते रहे। जब सौरभ भारद्वाज याचिका समिति के अध्यक्ष थे, तब भी उन्होंने इस मामले में विस्तृत विचार-विमर्श किया था। लेकिन याचिका समिति की अनुशंसा पर अधिकारियों द्वारा कुछ कार्रवाई नहीं की गई। अभी कुछ दिन पहले भी मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सचिव स्वास्थ्य को एक विस्तृत नोट भेजा था जिसमें मैन पावर की भर्ती निजी ठेकेदारों के माध्यम से रोकने और राज्य सरकार और केंद्र सरकार के तहत सार्वजनिक उपक्रमों के माध्यम से शुरू करने का निर्देश दिया गया था। 19 जुलाई के एक नोट में भी मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कई घटनाओं का जिक्र किया जहां सचिव (स्वास्थ्य) की उपस्थिति में संविदा पर रखे गये कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार की शिकायतें की थीं।


**अब दानियों के अनुरोध पर 'एक मिशन एक सेवा' का प्रकाशन प्रतिदिन किया जा रहा है ताकि दानदाता अपने प्रियजनों के जन्मदिन, पुण्यतिथि, वैवाहिक वर्षगांठ या किसी खास मौके की तिथि विशेष पर अपनी इच्छानुसार दान राशि प्रकाशित करा सकें।**

# एक मिशन एक सेवा

बुढ़ापा जीवन का अटल सत्य है। गरीबी, बीमारियां, तथा अपनों का मुंह फेर लेना, इसे अभिशाप बना देते हैं। आईये! ऐसे बुजुर्गों का सहारा बनें। सुखी-सम्पन्न लोगों के सहयोग से इनका अकेलापन, दुःख दूर किये जा सकते हैं। ताकि भावी पीढ़ी इनसे प्रेरणा ले सके।

**पंजाब केसरी दैनिक समाचार पत्र समूह-** 2000रु

## दानियों के लिए विशेष सूचना

वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के लिए दान देने वाले सज्जन अब देशभर में **पंजाब नैशनल बैंक** की किसी भी शाखा में जाकर सहायता राशि जमा करवा सकते हैं, इसके लिए ध्यान रखें कि उक्त राशि **वृद्ध केसरी, रोमेश चंद्र ट्रस्ट के अकाउंट नंबर** 3075002102006705 में देय होनी चाहिए। हमारा अनुरोध है कि सहायता राशि जमा करवाने के बाद हमें सूचित जरूर करें, ताकि रसीद भेजी जा सके। यह राशि आयकर छूट प्राप्त है। **जो सज्जन पंजाब नैशनल बैंक की किसी शाखा में नकद राशि जमा कराएं, वे बैंक की रसीद हमें कोरियर करा दें, ताकि आपको हम रसीद भेज सकें। सभी दानकर्ताओं से अनुरोध है कि दान भेजते समय पूरा पता, टेलीफोन नंबर और पैन कार्ड नंबर भी साथ में लिखें।**

दिल्ली के बाहर के दानकर्ता 500/- रुपए से कम की दानराशि कृपया ड्राफ्ट या मनीआर्डर से ही भेजें


कृपया अपना ड्राफ्ट या चैक **वृद्ध केसरी रोमेश चंद्र ट्रस्ट**, के नाम बना कर हमें भेजें। सभी दानी सज्जनों के नाम प्रति दिन प्रकाशित किए जाएंगे। लेकिन फोटो 5100/- या इससे अधिक की दान राशि देने वाले सज्जनों के प्रकाशित किए जाएंगे। दान के लिए पंजाब केसरी कार्यालय में प्रात: 10 से 5.30 बजे तक सम्पर्क करें।

*** यह राशि आयकर कानून की धारा 80-जी के अन्तर्गत करमुक्त है!**

**पता :-** वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब
2, प्रिंटिंग प्रेस काम्प्लेक्स, नियर
वजीरपुर डिपो, दिल्ली-35

**दान के लिए कृपया 01130712376, 09871598497, 9810107375 पर संपर्क करें। यदि कोई सज्जन या संस्था हमारे नाम से पैसा इकट्ठा करे तो इसका जिम्मेदार वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब नहीं होगा।**


## 12 राशियां और आपका दिन




Forecast for 23 July, 2023
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026





**मेष ARIES** (21 मार्च - 20 अप्रैल) बीमार चल रहे लोगों को जल्द राहत मिलने वाली है। कोई बड़ी आइटम खरीदने को लेकर दुविधा रहेगी। किसी परियोजना के जरिये आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।
**लकी नंबर : 17, लकी कलर : ग्रीन**

**वृषभ TAURUS** (21 अप्रैल- 20 मई) स्वास्थ्य के मामले में आपकी किस्मत अच्छी रहेगी। आर्थिक स्तर पर थोड़ा उतार चढ़ाव झेलना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में जिस काम पर लगे हैं वो सफल होने वाला है।
**लकी नंबर : 7, लकी कलर : व्हाइट**

**मिथुन GEMINI** (21 मई -21 जून) पुराना रोग घरेलू उपचार से ठीक हो सकता है। करीबी लोगों से पूंजी जुटाने का प्रयास सफल होगा। वर्कप्लेस पर कुछ नया शुरु करने का प्रयास करें।
**लकी नंबर : 3, लकी कलर : ब्राउन**

**कर्क CANCER** (22 जून - 22 जुलाई) नियमित व्यायाम से ब्रेक लेना फायदेमंद रहेगा। आर्थिक मोर्चे पर आगामी खर्च चिंताएं पैदा करेगा। प्रोफेशनल फ्रंट पर बड़ी उपलब्धि मिलने की उम्मीद है।
**लकी नंबर : 6, लकी कलर: ब्लू**

**सिंह LEO** (23 जुलाई-23 अगस्त) सेहत संबंधी अनावश्यक चिंता बीमार कर सकतीहै। किसी फाइनेंशियल बिज़नेस को लेकर व्यस्तता बढ़ेगी। पेशेवर मोर्चे पर चीजें अनुकूल होने की संभावना है।
**लकी नंबर : 5, लकी कलर : येलो**

**कन्या VIRGO** (24 अगस्त- 23 सितंबर) स्वस्थ होने में कुछ और वक्त लग सकता है। खर्च पर कंट्रोल रखना होगा, बजट बनाकर चलें। रिटेलर्स को नए क्लाइंट मिलने की उम्मीद है। घरेलू माहौल उबाऊ लगने वाला है, चेंज जरुरी है। शैक्षणिक मोर्चे पर चीजें आपके पक्ष में रहेगी।
**लकी नंबर : 9, लकी कलर : बेज**

**तुला LIBRA** (24 सितंबर - 23 अक्टूबर) पॉजिटिव सोच ही आपको दु:खसे निकाल पायेगी। आर्थिक स्थिति अच्छी रहने की उम्मीद है, निश्चिंत रहें। प्रोफेशनल फ्रंट पर किसी मामले में फंसाये जा सकते हैं।
**लकी नंबर : 18, लकी कलर :ऑरेंज**

**वृश्चिक SCORPIO** (24 अक्टूबर - 22 नवंबर) सेहत संतोषजनक रहेगी, फिटनेस पर ध्यान देंगे। आय से जुड़े फैसले अच्छी तरह सोच विचार कर लें। वर्कप्लेस पर प्रतिस्पर्धा बढ़ने की संभावना है।
**लकी नंबर : 1, लकी कलर : मैजेंटा**

**धनु SAGITTARIUS** (23 नवंबर -21 दिसंबर) छोटी छोटी बीमारी से बचना है तो परहेज जरुरी है। किसी करीबी को आर्थिक मदद देने में सक्षम हैं। काम पर अपने टीम को प्रेरित रखने की जरुरत है।
**लकी नंबर :11, लकी कलर : सिल्वर**

**मकर CAPRICORN** (22 दिसंबर-21 जनवरी) सेहत के साथ अपनी फिटनेस का भी ध्यान रखें। फाइनेंशियल मामलों में दृष्टिकोण बदलना जरुरी है। कार्यक्षेत्र के अनसुलझे मुद्दे सुलझाने पड़ सकते हैं।
**लकी नंबर : 4, लकी कलर : ग्रे**

**कुंभ AQUARIUS** (22 जनवरी - 19 फरवरी) वृद्ध व्यक्ति को पूर्ण स्वस्थ होने में वक्त लगेगा। आर्थिक मामले में तत्पर रहने का फायदा होगा। जल्द ही ट्रांसफर की संभावना बन रही है, तैयार रहें। आपके ऊपर पैरेंट्स का नियंत्रण बढ़ सकता है।
**लकी नंबर :6, लकी कलर : रेड**

**मीन PISCES** (20 फरवरी - 20 मार्च) फिटनेस को लेकर अपना टारगेट पूराकर पाएंगे। पैसा है लेकिन आप खर्च करने में समझदारी दिखाएं। अपनी व्यावसायिक योजना सरेआम करने से बचें। किसी रिश्तेदार से मिलने दूसरे शहर जा सकते हैं।
**लकी नंबर : 8, लकी कलर : क्रीम**

## एनजीटी ने आरआरटीएस पटरियों के निर्माण के लिए पेड़ उखाड़े जाने को लेकर नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उस याचिका पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम और अन्य से जवाब मांगा है, जिसमें कहा गया है कि दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) की पटरियों के निर्माण के दौरान 40 पेड़ उखाड़े जाएंगे। याचिका में यह भी कहा गया है कि उखाड़े गए पेड़ों को दूसरी जगह लगाना संभव नहीं है। अधिकरण सिद्धार्थ एक्सटेंशन पॉकेट सी रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ को जोड़ने वाले 82.15 किलोमीटर लंबे सेमी-हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के निर्माण के दौरान 40 पेड़ उखाड़े जाएंगे, जिनमें से 25 पुराने पेड़ हैं। पिछले सप्ताह पारित आदेश में एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि याचिका में "पर्यावरणीय मानदंडों के अनुपालन और संबद्ध अधिनियमों के कार्यान्वयन से संबंधित एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया गया है।' पीठ ने कहा, "प्रतिवादियों (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम, दिल्ली डेवलपमेंट एसोसिएशन और दिल्ली नगर निगम) को नोटिस जारी किया जाए।'

## दिल्ली में गरीबों के लिए 'श्रीराम रसोई' की शुरुआत



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : राजधानी दिल्ली में गरीबों और जरूरतमंदों के लिए एक बार फिर मदद की किरण जगी है। दिल्ली पुलिस के ध्येय शांति, सेवा, न्याय को चरितार्थ करते हुए सब्जी मंडी थाना प्रभारी के प्रेरणा व सहयोग से 'श्रीराम रसोई' नामक एक पहल शुरू की है, जिसमें गरीबों को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक मुफ्त भोजन बांटा जाता है। यह पहल थाना प्रभारी राम मनोहर मिश्रा के नेतृत्व में श्रीराम सेवा संस्थान के साथ शुरू की गई है, जिन्होंने इस नेक कार्य में आगे आकर गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने का बीड़ा उठाया है। श्रीराम रसोई थाने के बाहर गेट पर एक कैबिन में संचालित होती है, जहां हर दिन सैकड़ों लोग भोजन के लिए आते हैं। भोजन में चावल, सब्जी, रोटी, दाल, खीर हर दिन अलग अलग व्यंजन शामिल है। यह पहल दिल्ली पुलिस के इस अधिकारी के मानवीय पक्ष को दर्शाती है, जो न केवल अपने कर्तव्यों का पालन अच्छी तरह से करते हैं, बल्कि समाज के गरीब और जरूरतमंद वर्गों के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं।

## दिल्ली हाइकोर्ट में कीर्ति आजाद की याचिका पर एक को सुनवाई

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर कीर्ति आजाद द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के लिए एक अगस्त की तारीख तय की। कीर्ति आजाद ने अपनी याचिका में दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के मामलों को संभालने के लिए एक प्रशासक की नियुक्ति के लिए निर्देश देने की मांग की है और साथ ही मांग की है कि डीडीसीए की मतदाता सूची एक परिवार-एक वोट के आधार पर फिर से तैयार की जाए। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की पीठ ने सोमवार को मामले को विचार के लिए एक अगस्त के लिए सूचीबद्ध किया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कोर्ट से अनुरोध किया कि यह मामला एक जनहित याचिका (पीआईएल) की प्रकृति का बताते हुए डिवीजन बेंच को स्थानांतरित कर दिया जाए।

## साहनी ने पंजाब से इंग्लैंड व कनाडा की उड़ानें शुरू करने की मांग

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सांसद विक्रम साहनी ने सोमवार को संसद में अमृतसर और चंडीगढ़ हवाई अड्डों से इंग्लैंड और कनाडा के लिए सीधी उड़ानों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि लाखों पंजाबी इंग्लैंड और कनाडा से पंजाब आते-जाते हैं। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने जवाब दिया कि विदेशी की नामित वाहक कंपनियों को पॉइंट ऑफ कॉल देना भारतीय विमानन क्षेत्र के लाभ, देश में प्रवासी भारतीयों की मौजूदगी और भारतीय वाहक कंपनियों की भविष्य की योजनाओं पर निर्भर करता है। भारत की विभिन्न एयरलाइन कंपनियां द्विपक्षीय हवाई सेवा समझौते (एएसए) के दायरे में अपनी इच्छानुसार गंतव्यों का चयन करने और संचालन करने के लिए स्वतंत्र हैं। डॉ. साहनी ने कहा कि सरकार को एयर इंडिया जैसी एयरलाइन कंपनियों पर पंजाब से यूके और कनाडा के लिए और अधिक सीधी उड़ानें शुरू करने के लिए दबाव डालना चाहिए।

Entertainment News



## जान्हवी भी झेल चुकी है दिल टूटने का दर्द

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी हेल्थ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में एक्ट्रेस को फूड पॉइजनिंग के चलते अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। अब उनकी हालत ठीक है और उनको छुट्टी भी मिल चुकी है। इसके अलावा जान्हवी शिखर पहाड़िया के साथ अपने रिश्तों को लेकर भी चर्चाओं में रहती हैं। साथ ही एक्ट्रेस अपने करियर को लेकर भी काफी एक्टिव हैं। शरण शर्मा की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव के साथ काम करने के बाद, वे अब अपनी अपकमिंग फिल्म 'उलझन' की तैयारी कर रही हैं। अपने एक हालिया इंटरव्यू में, जान्हवी ने अपने पहले दिल टूटने के एक्सपीरियंस के बारे में बात की। जान्हवी ने अपने रोमांटिक रिलेशनशिप में दिल टूटने से मिली सीख के बारे खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि वे बस एक बार इससे गुजरी हैं। लेकिन वो इंसान वापस आया और उसी ने फिर उनका दिल जोड़ने में मदद की। उन्होंने बताया, मैंने लाइफ में केवल एक बार दिल टूटने का अनुभव किया है, लेकिन वही इंसान वापस आया और मेरे दिल को जोड़ दिया। इसलिए, सब कुछ अच्छा था।

## फिल्म इंडस्ट्री में काम न मिलने पर छलका नेहा धूपिया का दर्द



**बॉलीवुड** अभिनेत्री नेहा धूपिया ने हाल ही में अपने संघर्ष के बारे में खुलासा किया है। 22 साल के लंबे करियर के बाद भी नेहा फिल्म उद्योग में अपने लिए एक स्थायी जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें याद भी नहीं है कि आखिरी बार उन्हें कब हिंदी फिल्म का ऑफर मिला था। नेहा धूपिया ने अपने करियर की शुरुआत 2003 में फिल्म कयामत: सिटी अंडर थ्रेट से की थी और तब से लेकर अब तक उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है। लेकिन फिर भी उन्हें वो पहचान नहीं मिल पाई जिसकी वो हकदार हैं। नेहा ने बताया कि उन्हें अक्सर अपनी प्रतिभा के अनुसार काम नहीं मिल पाता है।

**22 सालों से संघर्ष कर रही नेहा**

नेहा धूपिया ने ये भी खुलासा किया कि भले उन्हें बॉलीवुड से ऑफर न मिल रहा है, लेकिन साउथ से उन्हें काम करने के मौके मिल रहे हैं। बॉलीवुड हंगामा के साथ बातचीत में एक्ट्रेस ने कहा, मैं ऐसी जगह से आती हूं जहां मैं 22 सालों से खुद को सिनेमा के दिलचस्प हिस्से से जोड़ने के लिए संघर्ष कर रही हूं। कभी-कभी मेरी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म करती हैं।

## मनोज जोशी के लिए खास है 'द यूपी फाइल्स'



**भारतीय** टेलीविजन और फिल्म जगत में पिछले 3 दशक से अधिक समय से अभिनय करते आ रहे दिग्गज अभिनेता मनोज जोशी पहली बार अपकमिंग फिल्म द यूपी फाइल्स में लीड रोल प्ले कर रहे हैं। नीरज सहाय द्वारा निर्देशित और कुलदीप उमराव सिंह ओस्टवाल द्वारा निर्मित द यूपी फाइल्स 26 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने फिल्म देखी और उन्हें पसन्द आई। उन्होंने कहा कि मैंने यह फिल्म देखी, बहुत अच्छी फिल्म है। इसमे उत्तरप्रदेश के सच को दर्शाया गया है। फिल्म मे प्रमुख अभिनेता मनोज जोशी हैं जिन्होंने बहुत बढ़िया अदाकारी की है। यूपी में गुंडाराज बहुत बढ़ गया था, लेकिन जब वहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बने तो उन्होंने बुलडोजर चलाकर वहां के गुंडाराज को खत्म किया। डॉ भीमराव अंबेडकर ने जो भारत का संविधान बनाया है उसके अनुसार सभी देशवासियों को चलना ही पड़ेगा, यह फिल्म इन्ही बातों को दर्शाती है। जो कानून को नहीं मानेंगे उनके लिए यह अच्छा नहीं होगा। जानकारी के लिए बता दें कि 1991 से मनोरंजन जगत में काम कर रहे मनोज जोशी को इतने लंबे कैरियर में पहली बार मुख्य भूमिका मिली है।

Bollywood Update



## 1000 करोड़ की ब्लॉकबस्टर देकर गायब हुईं एक्ट्रेस

**साउथ** इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेसेस में एक अनुष्का शेट्टी को आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने कई साउथ फिल्मों में काम किया है। अनुष्का शेट्टी ने अपने करियर में कई हिट फिल्मों में काम किया है, लेकिन उनको असली पहचान एस एस राजामौली की फिल्म 'बाहुबली' से मिली। इस फिल्म में अनुष्का साउथ सुपरस्टार प्रभास के साथ नजर आई थीं। इस फिल्म में उन्होंने देवसेना का किरदार निभाया था। फिल्म में प्रभास और अनुष्का शेट्टी की केमिस्ट्री को खूब पसंद किया गया था। इस फिल्म के बाद भी अनुष्का ने दो से तीन फिल्में की, लेकिन किसी भी फिल्म से उनको वो फेम नहीं मिल पाया, जो बाहुबली से मिला था। हालांकि, आज के समय में अनुष्का लाइमलाइट से एक दम दूर हैं।



**इंडस्ट्री में पूरे हुए 19 साल**

अनुष्का शेट्टी के फैंस फिल्म इंडस्ट्री में उनके 19 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पर उनकी पुरानी फोटोज शेयर कर एक्ट्रेस को बधाई दे रहे हैं, लेकिन अनुष्का सोशल मीडिया से भी काफी दूर रहती हैं। हालांकि, उनके कई फैन पेज हैं जहां फैंस उनकी खूबसूरत फोटो-वीडियो शेयर करते रहते हैं। जिनमें उनके अभिनय और खूबसूरती ने फैंस को दिल जीत लिया।

**करियर की टर्निंग प्वॉइंट बनी बाहुबली**

उनकी ढेर सारी फिल्मों में से एक 'बाहुबली' भी थी, जो उनके करियर की टर्निंग प्वॉइंट रही। इस फिल्म से अनुष्का 1000 करोड़ की ब्लॉकबस्टर देने वाली पहली भारतीय एक्ट्रेस बनीं। साल 2016 में आई इस फिल्म ने दुनियाभर में 1700 करोड़ की कमाई की थी। अनुष्का के अभिनय और खूबसूरती से हर कोई इंप्रेस हो गया था। अनुष्का ने अपने करियर की शुरुआत साल 2005 में की थी। इसके बाद वो 'अरुंधति', 'रुद्रमादेवी' और भागमती जैसी फिल्मों नजर आईं।

## सुष्मिता सेन ने एक्स ब्वॉयफ्रेंड को लेकर तोड़ी चुप्पी

**सुष्मिता** सेन ने अभी तक शादी नहीं की है लेकिन अक्सर उनकी लवलाइफ खबरों का हिस्सा बनी रहती है। उनका नाम कुछ समय तक रोहमन शॉल से जुड़ता था लेकिन खबरें आईं थीं कि दोनों के रास्ते अब जुदा हो गए। हालांकि इस वक्त रोहमन से पैचअप की खबरों पर सुष्मिता सेन ने चुप्पी तोड़ दी है। गौरतलब है कि सुष्मिता सेन ने खुद रोहमन से अपने ब्रेकअप का ऐलान किया था। लेकिन कुछ ही दिनों में दोनों के एक साथ स्पॉट किया जाने लगा था। फिर चर्चा शुरु हुई की अभिनेत्री फिर से अपने एक्स बॉयफ्रेंड के साथ हैं। जैसे हा ये खबरें सामने आईं तो सुष्मिता सेन ने इस मामले पर सबकुछ क्लियर करते हुए सफाई दी है। क्या बोलीं सुष्मिता सेन रिया चक्रवर्ती के पॉडकास्ट पर पहुंची सुष्मिता सेन ने इसको लेकर खुलकर बात की थी। उन्होने कहा कि, बीते दो साल मेरी लाइफ में कोई नहीं है और मैं सिंगल ही रह रही हूं। 2021 के बाद से कई बेहतरीन लोग मेरी लाइफ में आए लेकिन वो सभी मेरे अच्छे दोस्त हैं। सुष्मिता सेन ने आगे कहा, इस वक्त में सिंगर हूं और किसी कोई भी मेरी लाइफ में नही है। कई बार ब्रेक लेना अच्छा होता है। मेरा एक रिलेशनशिप करीब 5 साल चला है। अब मैं खुद के साथ वक्त बिताना चाहती हूं।





## पवन कल्याण की पत्नी ने 43 साल की उम्र में ली मास्टर डिग्री

**साउथ** सुपरस्टार और राजनेता पवन कल्याण ने बीते दिनों आंध्र प्रदेश में लोकसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल की थी। इस जीत के बाद वह अपनी राजनीति को संभालते नजर आ रहे हैं। इस वक्त एक्टर काफी खुश नजर आ रहे हैं और उनकी इस खुशी का कारण है पत्नी की पढ़ाई पूरी होना। जी हां, पवन कल्याण की वाइफ ने अन्ना लेजनेवा ग्रेजुएट हो चुकी हैं।

**ग्रेजुएट हुईं एना लेजनेवा**

अभिनेता की पत्नी ने अन्ना लेजनेवा ने नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर से मास्टर ऑफ आर्ट्स की डिग्री हासिल की है। सोशल मीडिया पर उनके समारोह एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह उन्हें स्क्रॉल लेने के लिए कॉलेज के मंच पर बुलाया जाता है। वह इसे स्वीकार करते हुए मुस्कुराती हैं। बता दें, इस मौके पर पति पवन भी उनके साथ रहे। पवन और उनकी पत्नी की कैमरे के लिए पोज देते हुए एक तस्वीर भी ऑनलाइन वायरल हो रही है। फोटो में वह अपना प्रमाणपत्र दिखाती नजर आ रही हैं। बता दें, पवन कल्याण ने साल 2013 में रूस की मॉडल अन्ना लेझनेवा से शादी की थी।

साल 2017 में दोनों बेटे के पेरेंट्स बना था। इससे पहले उन्होंने साल 2009 में रेनू देसाई से शादी रचाई थी। एक्टर की ये शादी ज्यादा टिक नहीं पाई और दोनों का साल 2012 में तलाक हो गया। पवन कल्याण ने पहली शादी 1997 में नंदिनी से की थी और साल 2008 में ये कपल अलग हो गया था।

## जब ससुर अमिताभ बच्चन के लिए खुशी से उछल पड़ी थीं ऐश्वर्या राय

**ऐश्वर्या** राय बच्चन और अभिषेक बच्चन अपनी निजी जिंदगी को लेकर हमेशा सुर्खियों में बने रहते हैं। दोनों एक बार फिर इसी वजह से सुर्खियों में है। ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन की चर्चा के साथ बच्चन परिवार की भी चर्चा होने लगती है। जब से अनंत अंबानी की शादी में बच्चन परिवार और ऐश्वर्या राय अलग-अलग पहुंचे तब से बस इनकी ही चर्चा हो रही है। एक बार फिर अटकलों का दौर शुरू हो गया है। इतना ही नहीं आग की तरह फैल रहे मामले को अभिषेक बच्चन की एक चूक ने हवा दे दी है। अभिषेक ने तलाक पर एक पोस्ट को लाइक कर दिया, जिसके बाद से सेपरेशन रूमर्स में लोग तथ्य की तलाश करने लगे हैं। लोग ये सोचने पर मजबूर हो गए हैं कि इस बेहद प्यारे जोड़े के बीच क्या चल रहा है। कई लोगों का साफ कहना है कि फिलहाल इनको देखकर जाहिर है कि कुछ भी ठीक नहीं है। इसी बीच एक पुराना वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें परिवार का अच्छा तालमेल देखने को मिल रहा



है। बता दें कि बच्चन परिवार में पारिवारिक कलह की खबरें लंबे समय से चल रही हैं। कहा जा रहा कि परिवार में कुछ भी ठीक नहीं है, यही वजह है कि ऐश्वर्या राय अपनी बेटी आराध्या के साथ अलग ही रह रही हैं। इस बीच एक पुराना वीडियो वायरल हुआ जिसमें ऐश्वर्या को अपने ससुर अमिताभ की उपलब्धियों के लिए उछलते-कूदते और ताली बजाते देखा जा सकता है। अब नेटिजेंस इस पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं और कई सवाल भी कर रहे हैं। इस वीडियो में अमिताभ बच्चन को फिल्म पा में उनकी शानदार एक्टिंग के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करते हुए दिखाया गया है। इतना ही नहीं जैसे ही अमिताभ का नाम घोषित किया गया, उनकी बहू ऐश्वर्या खुशी से झूम उठीं और ताली बजाने लगीं और यह साबित करता है कि उन्हें अपने ससुर पर कितना गर्व है।



R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6

## ग्लोबल Window

## लोग कहते हैं मैं चुड़ैल हूं : रिया चक्रवर्ती



**मुंबई,** (पंजाब केसरी): रिया चक्रवर्ती को दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत का जिम्मेदार ठहराया गया था। अब हाल ही में रिया ने इन घटनाओं पर अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि वे अब फिल्मों में काम नहीं करतीं। वे मोटिवेशनल स्पीकिंग जैसे काम करके पैसे कमाती हैं। रिया ने यह भी कहा कि आज भी कुछ लोगों को लगता है कि वे ब्लैक मैजिक करती हैं। वहीं कुछ का मानना है कि वे एक बहादुर महिला हैं। शनिवार को रिया ने अपना नया पॉडकास्ट चैप्टर 2 लॉन्च किया। इसके बारे में उन्होंने कहा कि यह पॉडकास्ट उनकी लाइफ के करेंट स्टेट को दर्शाता है। रिया के इस पॉडकास्ट में एक्ट्रेस सुष्मिता सेन बतौर गेस्ट पहुंची थीं। उनकी मौजूदगी में रिया ने कहा– लोग अब इस बात को लेकर कन्फ्यूज हैं कि मैं गुजारे के लिए क्या करती हूं। मैं फिल्मों में एक्टिंग नहीं कर रही हूं। मैं मोटिवेशनल स्पीकिंग जैसे काम करके पैसे कमा रही हूं। रिया ने आगे कहा– हर कोई मेरे चैप्टर 1 को जानता है।

# पीओके पाकिस्तान का हिस्सा नहीं : तालिबान

- पाकिस्तान को बड़ा झटका
- ये वही स्टैंड है, जो भारत ने शुरू से ही इस कब्जे के खिलाफ ले रखा है
- तालिबान ने तीन दशक में पहली बार अफगानिस्तान की सीमाओं का मूल्यांकन किया है




**काबुल, (एजेंसी):** अफगानिस्तान पर शासन करने वाले तालिबान ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। तालिबान ने जम्मू-कश्मीर के कब्जे वाले क्षेत्र पाकिस्तान के दावे को मानने से इनकार कर दिया है। तालिबान ने तीन दशक में पहली बार अफगानिस्तान की सीमाओं का मूल्यांकन किया है। तालिबान के सीमा एवं जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने कहा कि उसने पाकिस्तान के साथ काल्पनिक रेखा (संभवत: डूरंड लाइन), ताजिकिस्तान और जम्मू और कश्मीर के साथ आधिकारिक सीमाओं का मूल्यांकन किया है। अफगानिस्तान के प्रमुख मीडिया आउटलेट टोलो न्यूज ने ये जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि तीन दशक से इन सीमाओं को मूल्यांकन नहीं किया गया है।

दिलचस्प बात ये है कि तालिबानी मंत्रालय ने इस बयान में जम्मू कश्मीर के लिए 'पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र' का इस्तेमाल नहीं किया है। यानी कि तालिबानी मंत्रालय पीओके पर पाकिस्तान के दावे को स्वीकार नहीं कर रहा है। ये वही स्टैंड है, जो भारत ने शुरू से ही इस कब्जे के खिलाफ ले रखा है। भारत ने कभी भी पीओके को मान्यता नहीं दी है और उसे जम्मू एवं कश्मीर का अभिन्न हिस्सा बताया है, जिसे हासिल करने को नई दिल्ली ने अपना लक्ष्य बना रखा है।तालिबान के सीमा एवं जनजातीय मंत्रालय के बयान के अनुसार, उसने तीन दशक बाद अफगानिस्तान की सीमाओं का मूल्यांकन किया है, जिसमें पाकिस्तान, जम्मू एवं कश्मीर, ताजिकिस्तान और चीन शामिल हैं। बयान के अनुसार, मंत्रालय के एक प्रतिनिधिमंडल ने वखान, जेबक और बदख्शां में कुरान व मुंजन जिलों में पाकिस्तान के साथ काल्पनिक रेखा, जम्मू कश्मीर और ताजिकिस्तान के साध आधिकारिक सीमाओं का मूल्यांकन किया है।

### इस बयान से मिल जाएंगी भारत-अफगानिस्तान की सीमा

इस बयान से साफ लग रहा है कि तालिबान ने पाकिस्तान के पीओके पर दावे को ठुकरा दिया है। तालिबान के इस कदम से अफगानिस्तान की सीमा सीधे भारत के जम्मू कश्मीर क्षेत्र से मिलेगी, जो दोनों देशों का सीधा पड़ोसी स्थापित करती है। भारत की भी इस मामले में आधिकारिक स्थिति यही है और वह पीओके के रास्ते अफगानिस्तान को पड़ोसी मानता है।






## ओलंपिक के बाद हॉकी को अलविदा कहेंगे श्रीजेश

**3 दिन शेष**

**पेरिस,** (भाषा) : अनुभवी गोलकीपर और भारत के पूर्व हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश ने कहा कि पेरिस ओलंपिक उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। भारत के लिए 328 मैच खेलने वाले श्रीजेश का यह चौथा ओलंपिक होगा। कई राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और विश्व कप में खेल चुके 36 साल के श्रीजेश ने 2021 में आयोजित हुए तोक्यो ओलंपिक में शानदार गोलकीपिंग से भारत को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने तब इस खेल में 41 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था। हॉकी इंडिया ने सोमवार को श्रीजेश को उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय टीम के लिए 'विन इट फॉर श्रीजेश (श्रीजेश के लिए जीतना है)' का अभियान शुरू किया है जो खिलाड़ियों को फिर से पदक जीतने लिए प्रेरित करेगा। श्रीजेश ने भारतीय टीम के लिए 2010 में पदार्पण किया था।

## विश्व कप की समीक्षा के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित

**कोलंबो,** (भाषा) : अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईसीसी) ने पिछले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में हुए टी20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा के लिए सोमवार को तीन सदस्यीय समिति गठित की। समिति में न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर ट्वोज और आईसीसी के अन्य दो निदेशक लॉसन नायडू तथा इमरान ख्वाजा को जगह मिली है। आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार ,''आईसीसी बोर्ड पुष्टि करता है कि आईसीसी टी20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा होगी।

## बशीर ने दिलाई इंग्लैंड को बड़ी जीत

**नॉटिंघम,** (एपी): जो रूट (122) और हैरी ब्रूक (109) के शतकों के बाद स्पिनर शोएब बशीर के 5 विकेट की मदद से इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 241 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की। रूट ने अपने करियर का 32वां जबकि ब्रूक ने पांचवा शतक लगाया, जिससे इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में 425 रन बनाकर वेस्टइंडीज के सामने 385 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। वेस्टइंडीज की टीम इसके जवाब में 148 रन बनाकर आउट हो गई। बशीर ने 41 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 457 रन बनाकर 41 रन की बढ़त हासिल की थी।

# ट्रंप के खिलाफ मिलकर लड़ेंगे: कमला हैरिस

- बाइडेन द्वारा डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवारी के लिए उनके नाम की सिफारिश को सम्मानित करने वाला बताया

**वाशिंगटन,** (भाषा) अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि वह राष्ट्रपति पद के चुनाव में जो बाइडन द्वारा डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवारी के लिए उनके नाम की सिफारिश किए जाने से सम्मानित महसूस कर रही हैं।

कमला ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति "डोनाल्ड ट्रंप और उनके 'प्रोजेक्ट 2025 एजेंडे' को हराने" के लिए देश को एकजुट करना उनका लक्ष्य है। कमला ने कहा, "और आने वाले दिनों और हफ्तों में भी मैं यहीं करती रहूंगी। मैं डेमोक्रेटिक पार्टी और हमारे देश को एकजुट करने के लिए, डोनाल्ड ट्रंप और उनके विवादित 'प्रोजेक्ट 2025 एजेंडे' को हराने के लिए वह सब कुछ करूंगी, जो मेरे बस में है... अभी चुनाव में 107 दिन बचे हैं। हम साथ मिलकर लड़ेंगे। हम साथ मिलकर जीतेंगे।"

उपराष्ट्रपति की यह टिप्पणी राष्ट्रपति बाइडन (81) के रविवार को राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने की अचानक घोषणा करने और डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवारी के लिए भारतीय-अफ्रीकी मूल की कमला (59) के नाम की सिफारिश करने के बाद आई। बाइडन के जून में अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के साथ बहस में खराब प्रदर्शन के बाद से ही डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता उन पर राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने का दबाव बना रहे थे। कमला ने कहा, "मैं राष्ट्रपति का समर्थन पाकर सम्मानित महसूस कर रही हूं। मेरा मकसद अब राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में जीत हासिल करना है।" कमला जनवरी 2021 से उपराष्ट्रपति के रूप में सेवाएं दे रही हैं। वह अमेरिका की पहली ऐसी महिला, पहली ऐसी अश्वेत और पहली ऐसी दक्षिण एशियाई मूल की नागरिक हैं जो इस पद पर आसीन हुई हैं। बाइडन की सिफारिश से डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में कमला की दावेदारी को काफी बल मिला है, लेकिन उनके लिए शिकागो में अगले महीने प्रस्तावित 'डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन' के दौरान पार्टी प्रतिनिधियों का समर्थन हासिल करना जरूरी है। कमला ने कहा, "मैं राष्ट्रपति के रूप में बाइडन के असाधारण नेतृत्व और हमारे देश की कई दशकों तक सेवा करने के लिए अमेरिका के लोगों की तरफ से उनका शुक्रिया अदा करना चाहती हूं।" उन्होंने कहा कि पिछले साल उन्होंने पूरे देश की यात्रा की और अमेरिकियों से इस महत्वपूर्ण चुनाव में उनके पसंदीदा उम्मीदवार और उससे उनकी अपेक्षाओं के बारे में जाना।


अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ कमला हैरिस की एक फाइल फोटो।

### 'एक्स' पर बाइडेन के खाते का नाम 'कमला एचक्यू' हुआ

**वाशिंगटन,** (भाषा): अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनाव मैदान से हटने और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नाम का अनुमोदन करने के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बाइडन के प्रचार अभियान दल के खाते का नाम बदलकर ''कमला एचक्यू'' कर दिया गया है। बाइडन की घोषणा के तुरंत बाद रविवार को 'एक्स' पर 'बाइडन एचक्यू' खाते का नाम बदलकर 'कमला एचक्यू' कर दिया गया। प्रचार अभियान दल अपने संदेशों को प्रसारित करने और प्रतिद्वंद्वियों के हमलों का जवाब देने के लिए इस खाते का इस्तेमाल करता है। 'सीएनएन' ने बताया कि बाइडन-हैरिस अभियान के लिए 'एक्स' पर सोशल मीडिया त्वरित प्रतिक्रिया खाते 'बाइडन एचक्यू' का नाम बदलकर आधिकारिक रूप से 'कमला एचक्यू' कर दिया गया है।


श्रीलंका के लिए रवाना होते टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव व अन्य खिलाड़ी। (छाया : प्रेट्र)

## कुश्ती से ओलंपिक में दो पदक की उम्मीद: योगेश्वर



**नई दिल्ली,** (भाषा) : ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त ने सोमवार को कहा कि पिछले दो साल में भारत में कुश्ती की प्रगति बुरी तरह प्रभावित हुई, लेकिन इसके बावजूद उन्हें उम्मीद है कि 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक खेलों में भारतीय पहलवान दो पदक जीत सकते हैं। ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया तथा एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट सहित देश के छह शीर्ष पहलवानों ने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन किया जिसके कारण भारत में कुश्ती गतिविधियां करीब डेढ़ साल तक ठप रहीं। इसका खासा बुरा प्रभाव पड़ा तथा राष्ट्रीय शिविर और प्रतियोगिताएं स्थगित कर दी गई। इससे पहलवान ओलंपिक और ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए ढंग से तैयारी नहीं कर पाए।

## क्वार्टर फाइनल में हारी भारतीय टीमें

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : भारत के लड़कों और लड़कियों की टीम को ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय लड़कों की छठी वरीयता प्राप्त टीम चौथी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से 1-2 से जबकि लड़कियों की टीम तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया से समान अंतर से हार गईं। लड़कों के वर्ग में युवराज वाधवानी ने सेओजिन ओह को 3-2 से हराकर भारत को जीत के साथ शुरुआत दिलाई लेकिन पिछले सप्ताह व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतने वाले शौर्य बावा को चार करीबी गेम में रजत पदक विजेता जू यंग ना से हार का सामना करना पड़ा। निर्णायक मुकाबले में कुन किम ने अरिहंत केएस को पराजित करके दक्षिण कोरिया को सेमीफाइनल में पहुंचाया।

## विराट के साथ मेरा मामला निजी है : गौतम गंभीर

**मुंबई,** (पंजाब केसरी) : भारत के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को घोषणा की कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के साथ उनका बहुचर्चित रिश्ता टीआरपी के लिये नहीं बल्कि उन दोनों के बीच है और आने वाले समय में दोनों एक लक्ष्य के लिये ही काम करने वाले हैं। गंभीर और कोहली अच्छे दोस्त नहीं रहे और यह आईपीएल में दोनों के बीच कई बार टकराव से स्पष्ट है। हालांकि अब यह जोड़ी 27 जुलाई से श्रीलंका के टी20 और एकदिवसीय दौरे से एक साथ काम करेगी।

गंभीर ने कहा कि टीआरपी के लिये अच्छा है लेकिन मेरा रिश्ता सार्वजनिक नहीं है । विराट कोहली के साथ मेरा रिश्ता हम दोनों के बीच है और यह दो परिपक्व लोगों के बीच का रिश्ता है। मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर के साथ गंभीर श्रीलंका दौरे से पहले प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। भारत को श्रीलंका में तीन टी20 और तीन वनडे खेलने हैं ।



कोहली के संदर्भ में उन्होंने कहा कि हमने बहुत चर्चा की है और हर किसी के पास अपनी जर्सी के लिए लड़ने का अधिकार है। गंभीर ने कहा ,'' लेकिन इस समय हम भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं । 140 करोड़ भारतीयों का और मुझे यकीन है कि हम एक लक्ष्य के लिये काम कर रहे हैं और भारत को गौरवान्वित करने की कोशिश करेंगे।

# बांग्लादेश में हालात शांत, पर इंटरनेट सेवा बहाल नहीं

- सरकारी नौकरियों में आरक्षण को समाप्त करने की मांग कर रहे थे प्रदर्शनकारी

**ढाका,** (एपी): बांग्लादेश में कई हफ्तों से जारी विरोध प्रदर्शनों के हिंसक रूप लेने के बाद सरकारी नौकरियों से जुड़ी विवादास्पद कोटा प्रणाली को वापस लेने के फैसले से हालात शांत होने के बावजूद इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाएं अब भी ठप हैं।

सरकार ने सोमवार को सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया है और केवल आवश्यक सेवाएं चालू रहेंगी। देश में कुछ दिन पहले ही देखते ही गोली मारने के आदेश के साथ कर्फ्यू लगा दिया गया था और सैन्यकर्मी राजधानी और अन्य क्षेत्रों में गश्त कर रहे थे। देश में पुलिस और मुख्य रूप से छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। प्रदर्शनकारी 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले दिग्गजों के रिश्तेदारों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण को समाप्त करने की मांग कर रहे थे। कम से कम चार स्थानीय समाचार पत्रों में बताया गया है कि हिंसा में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं।

अधिकारियों ने अब तक मौतों के आधिकारिक आंकड़े साझा नहीं किए गए हैं। तनाव बढ़ने पर बृहस्पतिवार को संचार सेवाएं प्रतिबंधित कर दी गई थीं।

# 7 फीट के डेथ सेल में कैद हैं इमरान खान



**इस्लामाबाद,** (एजेंसी): कभी पाकिस्तान में सबसे ताकतवर (प्रधानमंत्री) कुर्सी पर बैठने वाले इमरान खान इन दिनों मौत से भी बदतर जिंदगी जी रहे हैं। 6 फीट 2 इंच लंबे इमरान खान ने दावा किया है कि उन्हें पाकिस्तान की अदियाला जेल के 7 फीट के डेथ सेल में रखा गया है। उन पर 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। जेल में बंद इमरान खान ने दावा किया है कि उन्हें 'आतंकवादी' की तरह पिंजरे में बंद किया गया है। हाई सिक्योरिटी जेल में उन्हें 'डेथ सेल' के अंदर कैद गुजारनी पड़ रही है। उन्हें बुनियादी मानवाधिकारों से वंचित किया जा रहा है। पाकिस्तानी मीडिया हाउस डॉन के अनुसार 71 साल के पीटीआई चीफ ने ब्रिटिश मीडिया 'द संडे टाइम्स' को जेल से दिए इंटरव्यू में यह दावा यह सभी आरोप लगाए हैं। इंटरव्यू में उन्होंने कहा,'मुझे 7 बाई 8 फीट की 'डेथ सेल' में रखा गया है। इनका इस्तेमाल आमतौर पर आतंकवादियों के लिए किया जाता है। यह एकांत कारावास है, जिसमें हिलने-डुलने के लिए भी जगह नहीं बचती है।' इमरान खान ने आगे कहा,'एजेंसियां लगातार मुझ पर निगरानी कर रही हैं। 24 घंटे और हफ्ते के सातों दिन मेरी रिकॉर्डिंग की जाती है। मुझे किसी से मुलाकात नहीं करने दी जाती। पेंसिल और कागज रखने की अनुमति नहीं है। बुनियादी मानवाधिकारों से भी वंचित रखा जाता है।'

### इमरान की पार्टी का सूचना सचिव गिरफ्तार

पाकिस्तान पुलिस ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सूचना सचिव रऊफ हसन को पार्टी के केंद्रीय सचिवालय पर सोमवार को छापेमारी के बाद गिरफ्तार कर लिया। शुरुआत में यह खबर आई थी कि पीटीआई के चेयरमैन गौहर अली खान को भी गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, पार्टी प्रवक्ता जुल्फी बुखारी ने खान की गिरफ्तारी की खबर को खारिज कर दिया, जबकि हसन की गिरफ्तारी की पुष्टि की। यह स्पष्ट नहीं है कि हसन के खिलाफ क्या आरोप हैं। हसन पर कुछ सप्ताह पहले अज्ञात व्यक्तियों ने हमला किया था, जिससे उनके चेहरे पर चोट आई थीं। पार्टी ने 'एक्स" पर एक पोस्ट में हसन की गिरफ्तारी की निंदा की और इस्लामाबाद पुलिस की आलोचना की। पार्टी ने कहा, "यह पूरी तरह से शर्मनाक है कि इस्लामाबाद पुलिस इस देश के हर कानून का पूरी तरह से मजाक बना रही है और उसकी अवहेलना कर रही है।"

# इजराइली सेना ने दिया गाजा के मानवीय क्षेत्र को खाली करने का आदेश

- मानवीय क्षेत्र घोषित इस इलाके में छिपे हुए हैं हमास के आतंकी
- ज्यादातर इलाका इस समय अस्थायी शिविरों से घिरा हुआ है

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी),** (एपी): इजराइली सेना ने सोमवार को गाजा पट्टी में उस हिस्से को खाली करने का सोमवार को आदेश दिया जिसे उसने मानवीय क्षेत्र घोषित किया था।सेना ने कहा कि वह हमास के आतंकवादियों के खिलाफ एक अभियान शुरू करने की योजना बना रही है, जो इस क्षेत्र में छिपे हुए हैं और इसका इस्तेमाल इजराइल की ओर रॉकेट छोड़ने के लिए किया है। इस इलाके में मुवासी मानवीय क्षेत्र का पूर्वी हिस्सा शामिल है जो दक्षिणी गाजा पट्टी पर स्थित है। इस महीने की शुरुआत में, इजराइल ने कहा था कि उसका अनुमान है कि कम से कम 18 लाख फलस्तीनी अब मानवीय क्षेत्र में हैं। उसने भूमध्य सागर के साथ लगते लगभग 14 किलोमीटर (8.6 मील) की दूरी के हिस्से को मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। संयुक्त राष्ट्र तथा मानवीय समूहों का कहना है कि इस क्षेत्र का ज्यादातर इलाका अब अस्थायी शिविरों से घिरा हुआ है जहां साफ-सफाई तथा चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है। यह घोषणा गाजा में संघर्ष विराम की मांग को लेकर हो रही नाजुक वार्ता के दौरान की गयी है। अमेरिका और इजराइली अधिकारियों ने उम्मीद जतायी है कि संघर्ष विराम को लेकर एक समझौता होने के करीब है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बताया कि बृहस्पतिवार को वार्ता जारी रखने के लिए एक वार्ता दल को भेजा जाएगा। मिस्र, कतर और अमेरिका, इजराइल तथा हमास पर चरणबद्ध तरीके से संघर्ष विराम समझौता करने पर जोर दे रहे हैं। नेतन्याहू राष्ट्रपति जो बाइडन से मिलने के लिए अमेरिका की बहुप्रतीक्षित यात्रा पर सोमवार सुबह रवाना हुए, जिन्होंने रविवार को घोषणा की कि वह अगला राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ेंगे। नेतन्याहू ने कहा कि चाहे अगला अमेरिकी राष्ट्रपति कोई भी बने, ''हमारे दुश्मनों को पता होना चाहिए कि इज़राइल और अमेरिका हमेशा एक साथ खड़े हैं।' उन्होंने कहा कि वह 40 साल से अधिक वक्त की दोस्ती के लिए बाइडन को धन्यवाद देंगे और साथ ही उन पर कुछ मुद्दों पर अधिक समर्थन के लिए भी दबाव डालेंगे। इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि मध्य और दक्षिणी गाजा में उसका अभियान जारी है। अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, रविवार को गाजा में इजराइल के हवाई हमलों में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी।

### शरणार्थी शिविर पर इजराइल ने 63 बार बमबारी की : हमास

**गाजा, (आईएएनएस):** हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने कहा कि इजरायली सेना ने सात दिनों में नुसेरात के शरणार्थी शिविर पर 63 बार बमबारी की है, जिसमें 91 फिलिस्तीनी मारे गए और 251 अन्य घायल हो गए। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, हमास ने रविवार को शरणार्थी शिविर में लगातार हो रही हत्याओं के लिए इजरायल और अमेरिकी प्रशासन को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया, जहां वर्तमान में विस्थापितों समेत लगभग 250,000 लोग रह रहे हैं। पिछले मंगलवार को एक बड़े हमले में कम से कम 23 लोग मारे गए और संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्थापित एक स्कूल में 73 अन्य घायल हो गए, लेकिन बाद में इजरायली सेना ने कहा कि हमला वहां सक्रिय आतंकवादियों को टारगेट कर किया गया था और यह सटीक खुफिया जानकारी पर आधारित था। एक बयान में, इजरायल रक्षा बलों ने हमास पर इजरायल के खिलाफ आतंकी हमलों के लिए नागरिक संरचनाओं और आबादी का मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। हमास ने कहा, पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना ने 64 लोगों को मार डाला और 105 अन्य को घायल कर दिया, जिससे पिछले अक्टूबर में फ़िलिस्तीनी-इजरायली संघर्ष शुरू होने के बाद से कुल मौतों की संख्या 38,983 और घायलों की संख्या 89,727 हो गई।

# लगातार उपलब्ध रहने वाला कप्तान चाहिए था : अगरकर



**मुंबई,** (पंजाब केसरी) : मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने सोमवार को कहा कि जब हार्दिक पंड्या पर तरजीह देकर सूर्यकुमार यादव को टी20 टीम की कप्तान बनाने का फैसला किया गया तो फिटनेस, ड्रेसिंग रूम से फीडबैक और लगातार उपलब्धता उनके पक्ष में रही। अगरकर भारत के श्रीलंका दौरे से पहले नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया से बात कर रहे थे। श्रीलंका दौरे पर भारतीय टीम को तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही एकदिवसीय मैच खेलने हैं। संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अगरकर ने कहा कि सूर्यकुमार को कप्तान क्यो बनाया गया । क्योंकि वह योग्य उम्मीदवार था। पिछले एक साल से अधिक समय से वह ड्रेसिंग रूप में है और उसके बारे में ड्रेसिंग रूम से फीडबैक मिला है। उसमें क्रिकेट की अच्छी समझ है और वह अभी भी टी20 क्रिकेट में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा कप्तान चाहिये था तो सारे मैच खेले। हमें लगता है कि वह कप्तान बनने का हकदार है और हम देखेंगे कि वह इस भूमिका में कैसे फिट बैठता है।

अगरकर ने कहा कि उन्हें ऐसा कप्तान चाहिये था जिसका फिटनेस का रिकॉर्ड अच्छा हो और जिसका चोटों का इतिहास नहीं रहा हो। स्टार ऑलराउंडर पंड्या के बारे में अगरकर ने कहा कि हार्दिक जैसा कौशल मिलना मुश्किल है और फिटनेस मिलना भी मुश्किल है। हमारे पास थोड़ा और समय है और हम कुछ चीजों पर गौर कर सकते हैं। उन्होंने कहा ,'' वह हमारे लिये काफी महत्वपूर्ण खिलाड़ी है लेकिन फिटनेस बड़ी चुनौती है। हमें ऐसा खिलाड़ी चाहिये जो अधिकांश समय उपलब्ध हो ।''पूर्व उप कप्तान लोकेश राहुल की अनदेखी पर उन्होंने कहा कि जब राहुल को बाहर किया गया तो मैं वहां नहीं था। मैं उस समय चयनकर्ता नहीं था। उन्होंने कहा कि अभी हमारे पास समय है । मेरे आने के बाद 50 ओवरों का विश्व कप और टी20 विश्व कप था । फिटनेस चिंता का विषय है । इसके अलावा भी हमारा मानना है कि सूर्यकुमार में अच्छा कप्तान बनने के सारे लक्षण है।